दैनिक
नव प्रदेश
अहिंसा परमो धर्मः (masthead motto)
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित
www.navpradesh.com
RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 301 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

अंतरिम बजट

फोकस–लोकसभा चुनाव

जनता जनार्दन पर पूरा ध्यान

विश्व पटल पर लक्ष्य, देश की अर्थव्यवस्था होगी और मजबूत

दावा है 3 वर्ष के अंदर 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाला होगा देश

केंद्र मेहरबान–हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली

इनकम टैक्स स्लेब में बदलाव नहीं

5 साल में दो करोड़ नए घर

नई दिल्ली/नवप्रदेश/ए.। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को छठां केंद्रीय बजट पेश कीं। यह मोदी सरकार का अंतिम बजट है। अंतिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कई बड़े ऐलान करते हुए जनता को बड़ी राहत देने कई पहल की हैं।

इस बजट में फोकस लोकसभा चुनाव है। वहीं जनता जनार्दन का पूरा ध्यान रखा गया है। पर इस बजट में मोदी सरकार का पूरा लक्ष्य विश्व पटल पर दिखाई दे रहा है। दावा है कि आने वाले 3 वर्षों के अंदर देश 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाला हो जाएगा। सीतारमण के बजट में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ जनता को बड़ी राहत देते हुए केंद्र मेहरबान हो गया है। हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया गया है। वहीं इनकम टैक्स स्लेब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 5 साल में दो करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के साथ सीतारमण लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के क्लब में शामिल हो गई।

भाषण में निर्मला सीतारमण केंद्र की मोदी सरकार की कई उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाकर 70 फीसदी महिलाओं को घर दिए गए हैं। अगले 5 सालों में केंद्र सरकार 2 करोड़ और घर बनाएगी।

जनता को बड़ी राहत : बजट में बड़े एलान

नए मेडिकल कॉलेज

उन्होंने कहा कि सरकार नए मेडिकल कालेज खोलेगी। इसके अलावा कौशल विकास को भी सरकार बढ़ावा दे रही है।

महिलाएं बनेंगी करोड़पति

लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अंतरिम बजट 2024 पेश कीं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट से आम लोगों के साथ ही महिलाओं के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। केंद्र सरकार ने लखपति दीदी योजना के तहत नए वित्त वर्ष में 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है। बजट में महिलाओं के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं।

पीएम आवास : 70 फीसदी महिलाओं को मकान

बजट में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 फीसदी मकान महिलाओं को दिए गए हैं। ग्रामीण इलाके में आवास योजना के तहत तैयार किए गए 70 फीसदी मकान संयुक्त मालिकाना हक वाले मामले में दिए गए हैं।

हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली

सोलर रूफटॉप स्कीम से घरों को 15000 रुपए से लेकर 18000 रुपए की बचत होने की उम्मीद है। इसके तहत सोलर बिजली परियोजना अंतर्गत एक करोड़ परिवार को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी।

स्किल इंडिया मिशन

संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्किल इंडिया मिशन ने 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया है। 54 लाख युवाओं को उन्नत और कुशल बनाया है और 3000 नए आईटीआई स्थापित किए हैं।

उच्च शिक्षा के नए संस्थान

देश में बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा के नए संस्थान खोले गए हैं। इनमें 07 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 07 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं।

पीएम मुद्रा योजना

पीएम मुद्रा योजना ने हमारे युवाओं की उद्यमशीलता आकांक्षाओं के लिए 22.5 लाख करोड़ रुपये के 43 करोड़ ऋण स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा, फंड ऑफ फंड्स, स्टार्ट अप इंडिया और स्टार्ट अप क्रेडिट गारंटी योजनाएं हमारे युवाओं की सहायता कर रही हैं। वे भी 'रोजगारदाता' बन रहे हैं।

पीएम किसान योजना

पीएम किसान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों के खातों में पैसे डाले गए। पीएम फसल बीमा योजना के तहत चार करोड़ किसानों की फसल का बीमा किया गया। ई-नाम योजना के तहत 1361 मंडियों का एकीकरण किया गया, जिनमें तीन लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ।

तीन नए रेल कॉरिडोर बनेंगे, 40 हजार पुराने डिब्बे किए जाएंगे अपडेट

अंतरिम बजट में दूसरे क्षेत्रों की तरह बजट में रेलवे क्षेत्र के लिए भी एलान हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार का फोकस वंदे भारत ट्रेनों पर रहा। अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। इनमें पहला ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, दूसरा पत्तन संपर्कता गलियारा और तीसरा अधिक यातायात वाला गलियारा है। एक अहम एलान में वित्त मंत्री ने कहा कि 40 हजार सामान्य बोगियों को वंदे भारत के पैमानों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत को बढ़ाया जा सके।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सीतारमण को खिलाया दही-शक्कर

गुरुवार की सुबह निर्धारित समय सवा नौ बजे केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त मंत्रालय पहुंचीं। उनके साथ राज्य मंत्री किशनराव कराड और पंकज चौधरी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यहां से बजट लेकर वित्तमंत्री राष्ट्रपति भवन के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति भवन पहुंचकर निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कीं। उन्होंने राष्ट्रपति से बजट पर औपचारिक मंजूरी ली। वित्त मंत्री और अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से बातचीत की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सीतारमण को दही-शक्कर खिलाया।

ऐसे में सकारात्मक परिणाम की उम्मीद...

हाल में हुए कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जनता का भरोसा भी मजबूत हुआ दिखा...

त्याग, तपस्या और कड़ी मेहनत के बगैर कभी बड़े परिणाम नहीं मिलते। बाधाओं, आलोचनाओं, विरोधियों को दरकिनार कर ही देश की दशा-दिशा बदली जा सकती है। नए भारत (न्यू इंडिया) को विश्व पटल पर स्थापित करने की सोच के साथ आगे बढ़ रही मोदी सरकार ने इसे एक मिशन का रूप दे दिया है। पिछला बजट 2023 में इसके संकेत मिले थे जो धरातल पर दिखाई देने लगा है। अब 2024 के आम बजट ने इस बात को मजबूत करने, जनता को राहत देने के साथ ही विश्व को बढ़ता भारत, मजबूत भारत के लक्ष्य को और सशक्त कर दिया है।

बजट का सार केंद्र का पूरा फोकस गांव, गरीब, किसान, महिला शक्ति को सशक्त करने के साथ विश्व पटल पर भारत को मजबूती के साथ पूरी तरह स्थापित करना है। इसके लिए चाहे विपक्ष साथ दे चाहे न दे, पर केंद्र सरकार कोरोना की भारी

मारामारी से उबरकर अपने लक्ष्य की ओर बड़ी तेजी के साथ आगे बढ़ता दिख रहा है। परिणाम भी विश्वपटल के सामने है।

हाल में हुए कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जनता का भरोसा भी मजबूत हुआ दिखा है। अपनी कूटनीति और अर्थनीति से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने विरोधियों को धराशाई कर दिया है। ऐसे में भारत विश्वपटल पर एक तारे की तरह चमकने लगा है। चांद हो चाहे सूरज, रक्षा क्षेत्र हो या विदेश नीति, जनता में पैठ ने पूरे विश्व में भारत की क्षमता को पहचान मिली है।

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। सड़कों के मजबूत जाल ने देश को सही दिशा देने में बड़ी सहायक सिद्ध हुई है। इससे जनता में एक उर्जा पैदा हुई है। ऐसा जज्बा दिखना सुलझे राजनीतिक ताकत का परिचायक है। ऐसे में आने वाले लोकसभा चुनाव में निश्चित ही केंद्र की मोदी सरकार को सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

विकसित भारत का बजट : सीएम साय

सोशल मिडिया में सीएम साय ने लिखा कि, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की है। मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना की होगी शुरुआत। वहीं कांग्रेस ने इसे मोदी सरकार का अंतिम बजट बताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, किराये के घरों, झुग्गी बस्तियों और चाल में रहने वाले लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। ग्रामीण आवास योजना के तहत तीन करोड़ का लक्ष्य पूरा होने की कगार पर है। केंद्र सरकार की ओर से अगले पांच साल में दो करोड़ से अधिक घरों के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है।

मोदी सरकार की विदाई का अंतिम बजट : कांग्रेस

केन्द्र सरकार के बजट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने भूपेश बघेल ने कहा कि यह बजट मोदी सरकार की विदाई का यह अंतिम बजट है। इस बजट से भी देश की जनता को निराशा हाथ लगी है। बीते दस सालों में मोदी सरकार ने देश का जो खस्ता हाल किया है उसकी झलक इस बजट में नज़र आती है। बढ़ती महंगाई और बेरोजारी को लेकर कोई फैसले नहीं लिए गये हैं। यह बजट के हवा हवाई है।

गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

__नई दिल्ली/ए.।__ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी यानी गवर्नेंस, विकास और प्रदर्शन की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट विकास की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्त मंत्री ने कि 'पी' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

जीएसटी के जरिए बना एक राष्ट्र एक बाजार

नई संसद में पहला अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि भारत विश्व शक्ति बन रहा है। प्रत्येक भारतीय सशक्त हुआ है। केंद्र सरकार कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है।

मोदी सरकार ने 80 करोड़ लोगों की भूख की चिंता को खत्म किया है। 12 करोड़ किसानों को कर्ज देकर उनकी स्थिति सुधारी है। लोगों की आमदनी को सरकार ने बढ़ाया है। तय समय में प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं। जीएसटी के जरिए एक राष्ट्र एक बाजार बना है।

तीन तलाक खत्म करना उपलब्धि

वित्त मंत्री ने बीते 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि उनकी सरकार ने 3 तलाक को गैरकानूनी करार दिया।

महिला आरक्षण लागू करना, तीन तलाक को खत्म करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उच्च शिक्षा में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश में वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। बीते 10 साल की बात की जाए तो उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी 28 प्रतिशत तक हो चुकी है।

केन्द्र की महत्वाकांक्षी योजना 'लखपति दीदी' पर है सरकार का फोकस

आने वाले महिने में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए इस योजना ने कर दी भाजपा की राह आसान

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मोदी सरकार का अंतरिम बजट पेश किया। सीतारमण ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'लखपति दीदी' को लेकर बड़ा एलान किया है। वित्तमंत्री ने लखपति दीदी की संख्या दो करोड़ से तीन करोड़ बढ़ाने की बात कही है। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी लखपति दीदी योजना का जिक्र किया था। राष्ट्रपति ने कहा था कि मोदी सरकार 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का अभियान चला रही है। आखिर क्या है मोदी सरकार की यह खास योजना, जिसमें महिलाओं को खास ट्रेनिंग देकर अर्निंग मेंबर बनने में हेल्प मिलती है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपना घर सही से चला सकें।

यह है लखपति दीदी योजना

लखपति दीदी योजना मोदी सरकार की अहम योजना है। इसकी घोषणा पीएम ने 15 अगस्त 2023 लाल किला से की थी। योजना के लागू होने से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करोड़ों महिलाओं को लाभ होने की उम्मीद जताई गई है। इन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाएं मसलन बैंक वाली दीदी, आंगनबाड़ी दीदी आदि शामिल हैं। यह योजना इनके लिए स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जो स्किल ट्रेनिंग देकर उन्हें पैसा कमाने के योग्य बनाएगी और अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगी। इस ट्रेनिंग के जरिए बिजनेस शुरू करने के तरीके बताए जाएंगे। स्कीम का फायदा उठाने के लिए महिला को संबंधित राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। महिला का स्वयं सहायता समूहों से जुड़ा होना अनिवार्य है। इसमें आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है।

ऐसे मिलेगा योजना का लाभ

जो महिलाएं उद्यमी बनना चाहती हैं, उन्हें इस योजना के तहत अपना बिजनेस शुरू करने और बढ़ाने के लिए गाइड किया जाता है। इसमें बिजनेस प्लान, मार्केटिंग स्ट्रेटेजीज और बाजार तक पहुंच बनाने में सहायता करना शामिल है। इस योजना में आवश्यक फाइनेंशियल वित्तीय जानकारी के साथ कॉम्प्रिहेंसिव फाइनेंशियल लिटरेसी वर्कशॉप शामिल हैं। ये वर्कशॉप बजट, सेविंग, इन्वेस्टमेंट और फाइनेंशियल विकल्पों को समझने जैसे विषयों को कवर करती है। लखपति दीदी योजना माइक्रो क्रेडिट सुविधा देती है, जिससे महिलाओं को बिजनेस, एजुकेशन या दूसरी जरूरतों के लिए छोटे लोन मिल जाते हैं।

■ पेज 2 पर भी बजट की खबरें...

बजट सत्र : निर्मला ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

12 करोड़ किसानों की स्थिति सुधारी, तीन तलाक खत्म होने से महिलाएं मजबूत हुईं

वित्त मंत्री ने जानकारी दी कि उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी 28 प्रतिशत तक हो चुकी है

नई दिल्ली/नवप्रदेश। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2024 के अंतरिम बजट का एलान किया। इस बजट में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों और ग्रामीणों को ध्यान में रखते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं का एलान किया गया है। राष्ट्रपति ने अभिभाषण में साफ कर दिया था कि अंतरिम बजट में महिलाओं, किसानों और युवाओं पर फोकस किया जाएगा, अब जिन योजनाओं का एलान किया गया है, उनमें इन वर्गों पर विशेष फोकस किया गया है।

महिलाओं के लिए ये एलान

बजट में वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं का एलान करते हुए कहा 'महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभी तक इन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफलता मिल चुकी है।'

9 से 14 साल की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। पोषण 2.0 को लागू किया जाएगा और टीकाकरण को मजबूत किया जाएगा। सभी आंगनवाड़ी कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। उच्च शिक्षा में महिलाओं के एडमिशन लेने की संख्या में 28 फीसदी का उछाल आया है। साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विषयों में लड़कियों के एडमिशन लेने में 43 प्रतिशत की तेजी आयी है।

यह रहा वित्त मंत्री का कार्यक्रम

- वित्त मंत्री सीतारमण सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर बजट 2024 तैयार करने वाली अपनी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लीं।
- इसके बाद वित्त मंत्री 8.45 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बजट की मंजूरी लीं।
- 9 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री संसद पहुंचीं। उसके बाद कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें बजट को मंजूरी दी गई।
- शेड्यूल के मुताबिक 11 बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में वर्ष 2024 का अंतरिम बजट पेश कीं।

किसानों के लिए ये योजनाएं

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना से 38 लाख किसानों को फायदा मिला है और 10 लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं। कृषि क्षेत्र में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी मजबूत करेंगे। आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान को मजबूत किया जाएगा। इसके तहत कृषि की नई प्रौद्योगिकी और कृषि बीमा को बढ़ावा दिया जाएगा। डेयरी से जुड़े किसानों के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मत्स्य संपदा को भी मजबूत किया जा रहा है। सी-फूड का उत्पादन दोगुना है। मत्स्य संपदा योजना के जरिए उत्पादकता को तीन से बढ़ाकर पांच टन प्रति हेक्टेयर किया जाएगा। रोजगार के 55 लाख नए अवसरों को उत्पन्न किया जाएगा। पांच समेकित एक्वा पार्क बनाए जाएंगे।'

मोदी सरकार का अंतिम और वित्त मंत्री सीतारमण का छठा बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को पेश अंतरिम बजट पेश कीं। वित्त मंत्री के तौर पर यह उनका छठा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट रहा। दावा है यह बजट देश के विकास को दिशा देने वाला है। पीएम मोदी ने बुधवार को बजट सत्र आरंभ होने से पहले इसके साफ संकेत दिए थे। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक, अंतरिम बजट ऐसे विकास का दिशा-निर्देशक होगा जो देश को अगले 3 वर्षों से भी कम समय में 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा।

रसद व्यवस्था संबंधी कार्यकुशलता बढ़ेगी

बहुविध मॉडलों वाली संपर्कता (कनेक्टिविटी) को संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत इन परियोजनाओं की पहचान की गई है। इनसे रसद व्यवस्था संबंधी कार्यकुशलता बढ़ेगी और लागत में कमी आएगी। इसके चलते अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ इन तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से हमारी जीडीपी की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी।

निर्मला सीतारमण ने बनाया रिकॉर्ड

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने के साथ ही मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा जैसे पूर्व वित्त मंत्रियों से भी आगे निकल गईं। सीतारमण गुरुवार को लगातार छठी बार देश का बजट पेश की हैं। सीतारमण ऐसी दूसरी वित्त मंत्री बन गई हैं, जो सबसे ज्यादा बार बजट पेश किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मोरारजी देसाई के पास था। वहीं सबसे ज्यादा 10 बजट पेश करने का रिकॉर्ड भी उनके नाम ही है। मनमोहन सिंह, पी चिदंबरम, अरुण जेटली और यशवंत सिन्हा ने 5 बजट पेश किए हैं। बता दें इससे पहले साल 2019 में वित्त मंत्री अरुण जेटली की अस्वस्थता के कारण प्रभारी मंत्री पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था।

बजट में किसे क्या मिला, आपके हिस्से में क्या आया? जाने बड़ी बातें

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 'वित्त विधेयक, 2024' पेश किया है. हालांकि, मिनी बजट से देशवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीदें थीं. लेकिन, केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट की परंपरा के मुताबिक ऐसी कोई बड़ी घोषणा नहीं की है. आम टैक्स पेयर्स को कोई राहत नहीं मिली है. सरकार ने टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है. वित्त मंत्री ने संसद के संयुक्त सदन में 57 मिनट का अंतरिम बजट भाषण दिया. इसमें मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां गिनाईं. वित्त मंत्री ने सुबह 11:01 बजे से बजट भाषण शुरू किया और 57 मिनट बाद 11:58 बजे खत्म किया।

बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखा है. दरअसल, कुछ महीने बाद ही आम चुनाव हैं. ऐसे में आम तौर पर अंतरिम बजट में प्रमुख नीतिगत घोषणाएं नहीं होती हैं. लोकलुभावन वादे नहीं किए जाते हैं. हालांकि, सरकार अर्थव्यवस्था के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के लिए जरूरी कदम उठा सकती है. यही वजह है कि सरकार ने किसी तरह की घोषणाएं करने से परहेज किया है. हालांकि, कॉर्पोरेट टैक्स घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया है.

देश के विकास के लिए ये योजनाएं...

1. प्रधानमंत्री आवास योजना में हम तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य पाने के करीब हैं. अगले पांच सालों में दो करोड़ और मकानों का निर्माण किया जाएगा. इसके अलावा, किराए के मकानों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को खुद के मकान खरीदने और बनाने में मदद करने की योजना लाएंगे.

2. छत पर सौर प्रणाली लगाने से एक करोड़ परिवार प्रत्येक महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे. परिवारों को हर वर्ष 15 से 18 हजार रुपए की बचत होगी. इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग सुगम हो सकेगी.
3. योग्य डॉक्टर बनना कई युवाओं की महत्वाकांक्षा होती है. ऐसे में और ज्यादा मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे. इसके लिए एक कमेटी गठित की जाएगी.
4. सर्वाइकल कैंसर से निपटने के लिए 9 से 14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा.
5. आष्युमान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य देखरेख में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकओं को शामिल किया जाएगा. आंगनबाड़ी और पोषण की योजना में तेजी लाई जाएगी. नया यू-विन प्लेटफॉर्म और मिशन इंद्रधनुष को लेकर पूरे देश में तेजी से काम किया जाएगा.
6. नैनो यूरिया को सफलतापूर्वक अपनाया गया है. जिसके बाद सभी कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा.
7. भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है. लेकिन दुधारू पशुओं की दुग्ध उत्पादकता कम है. डेयरी किसानों की सहायता के लिए कार्यक्रम तैयार किया जाएगा. खुरपका रोग नियंत्रित करने की पहल की जा रही है.

8. मत्स्य पालन के लिए अलग विभाग स्थापित किया गया है. इनलैंड और जलकृषि उत्पादन दोगुना हो गया है. सीफूड का निर्यात भी दोगुना हो गया. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को बढ़ावा दिया जाएगा. जलकृषि उत्पादकता को 3 टन से बढ़ाकर 5 टन किया जाएगा. निर्यात को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ तक ले जाएंगे. मत्स्य संपदा योजना से 55 लाख नए रोजगार पैदा करेंगे. पांच एकीकृत पार्क एक्वापार्कों की स्थापना होगी.
9. 1 करोड़ महिलाएं पहले ही 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं. इस लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ करने का निर्णय लिया गया है.
10. पीएम लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था कि जय जवान जय किसान, पीएम अटल बिहारी वाजपेई ने कहा, जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान. पीएम मोदी ने कहा, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान बना दिया है. नई पहल ही विकास का आधार है.
11. प्रौद्योगिकियों को अपनाने वाले हमारे युवाओं के लिए यह एक स्वर्णिम काल होगा. 50 वर्षीय ब्याज मुक्त लोन के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का कार्पस स्थापित किया जाएगा. इस कार्पस से दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्तपोषण कम या शून्य ब्याज दरों पर उपलब्ध कराए जाएंग.
12. अगले वर्ष के अवसंरचना विकास परि?यय में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. कुल 11,11,111 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है. यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगा. परि?यय में वृद्धि से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में कई गुणा तेजी आएगी.

13. प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत पहचान किए गए तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारों का शुभारंभ किया जाएगा. ये तीन गलियारे हैं - (ह्व) ऊर्जा, खनिज और सीमेंट गलियारा, (ह्वह्व) पत्तन संपर्कता गलियारा और (ह्वह्वह्व) अधिक यातायात वाला गलियारा. इन परियोजनाओं से न केवल कनेक्टिविटी बढ़ेगी बल्कि रसद व्यवस्था में सुधार आएगा और लागत में कमी आएगी.
14. यात्रियों की सुविधा, आराम और सुरक्षा बढ़ाने के लिए 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को वंदे भारत÷ मानकों के अनुरूप परिवर्तित किया जाएगा. मेट्रो रेल और नमो भारत रेल प्रणाली विशेषकर बड़े शहरों के आवागमन उन्?मुख विकास को बढ़ावा देगी. रसद व्यवस्था संबंधी कार्यकुशलता बढ़ेगी और लागत में कमी आएगी. मेट्रो रेल और नमो भारत शहरी रूपांतरण के लिए उत्प्रेरक बन रहे हैं. बड़े शहरों में इन प्रणालियों के विस्तार को सहायता दी जाएगी.
15. पिछले 10 वर्षों में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुना होकर 149 हो गयी है. उड़ान योजना के अंतर्गत और अधिक शहरों को हवाई मार्गों से जोड़ा गया है. 570 नए हवाई मार्ग 1.3 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं. देश की विमानन कंपनियां 1000 से अधिक नये वायुयानों की खरीद का ऑर्डर देकर विकास के मार्ग पर अग्रसर हो रही हैं. मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नये हवाई अड्डों का विकास कार्य तीव्र गति से जारी रहेगा.
16. स्किल इंडिया मिशन युवाओं की मदद कर रहा है. 3 हजार नए आईटीआई खोले गए. 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किये गये हैं. कौशल भारत मिशन ने 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया है. 54 लाख युवाओं को उन्नत और पुनः कुशल बनाया है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह भी कहा...

- जब हमने 2014 में सत्ता संभाली तो देश भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था. 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के साथ सरकार ने उन चुनौतियों पर काबू पाया. फंड ऑफफंड्स युवाओं की मदद कर रहा है. खेलों में भी युवा परचम लहरा रहे हैं. हमारी सरकार विकास के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है जो सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी है.
- हमारी जीडीपी का उद्देश्य है - गवर्नेंस, परफॉर्मेंस, डेवलपमेंट. हमारी अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है. सभी बुनियादी ढांचे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं. टैक्स सुधारों ने यह सुनिश्चित किया है कि अधिक लोग टैक्स का भुगतान करें.
- वैश्विक अर्थव्यवस्था के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है. महामारी ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है.
- वर्कफोर्स में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी दिखने को मिल रही हैं. तीन तलाक को गैरकानूनी बनाया है. लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट का आरक्षण दिया है. पीएम आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं को दिए जा रहे हैं. महिलाओं को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं. वर्कफोर्स में 43त्न महिलाओं का इनरोलमेंट हुआ है.
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत कर रही है. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं.
- अगले पांच साल अभूतपूर्व विकास के साल होंगे. पीएम मुद्रा योजना ने 43 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए हैं.
- देश को 2023 में एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में अब तक का सर्वोच्च पदक प्राप्त हुए हैं. शतरंज के प्रतिभावान और हमारे नंबर 1 रैंक वाले खिलाड़ी प्रग्गनानंद ने 2023 में विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफकड़ी टक्कर दी. आज भारत में 80 से अधिक शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं, जबकि 2010 में केवल 20 से अधिक थे.
- व्यापक आर्थिक स्थिरता है. निवेश मजबूत हैं. अर्थव्यवस्था अच्छा कर रही है. लोग अच्छा कर रहे हैं. भविष्य के लिए अधिक आकांक्षाएं हैं. औसत वास्तविक आय में 50प्रतिशत की वृद्धि हुई है. मुद्रास्फीति मध्यम है. लोग अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सशक्त हो रहे हैं. कार्यक्रमों और बड़ी परियोजनाओं की समय पर डिलीवरी हो रही है.
- 2014 के बाद से समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात दोगुना हो गया है. भारत इनोवेशन के माध्यम से समाधान दिखा रहा है.
- डेटा साइंस में वैश्विक स्तर पर भारत के लिए संभावनाएं बढ़ रही हैं. पिछले 4 वर्षों में अगले वर्ष के लिए परिव्यय में 11.1प्रतिशत की वृद्धि हुई है.
- पिछले 10 वर्षों में प्रत्यक्ष कर संग्रह दोगुना से अधिक हो गया है. सरकार द्वारा टैक्स का उपयोग समझदारी से किया गया है. 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं है. कॉर्पोरेट टैक्स की दर घटाकर 22त्न की गई. टैक्स रिटर्न दाखिल करना सरल बनाया गया है.
- रिटर्न की प्रोसेसिंग 2013 में 90+ दिन से घटकर 10 दिन हो गई है.
- 90% से ज्यादा उद्योग जगत के नेताओं का मानना?? है कि जीएसटी काफी हद तक सकारात्मक है. कराधान से संबंधित कोई परिवर्तन नहीं है. टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है. आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए समान दरें बरकरार रखी जाएंगी.
- भारत-यूरोप कॉरिडोर देश के लिए गेमचेंजर होगा.
- पीएम स्वनिधि ने 78 लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता प्रदान की है. कुल 2.3 लाख को तीसरी बार ऋण प्राप्त हुआ है.
- परिवहन के लिए छ्हत्र और घरेलू उपयोग के लिए क्चहृत्र में कम्प्रेस्ड बायोगैस के मिश्रण को अनिवार्य किया जाएगा.
- बायोमास संग्रहण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी.
- हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए जैव-विनिर्माण और बायो-फाउंड्री की नई योजना की शुरूआत होगी.
- ब्लू इकोनोमी 2.0 को बढ़ावा देने के लिए तटीय एक्वाकल्चर और मारिकल्चर योजना शुरू की जाएगी.

- जी-20 बैठकों के सफल आयोजन ने दुनियाभर में समक्ष भारत की विविधता प्रस्तुत की.
- हमारा देश बिजनेस और कान्फ्रेंस टूरिज्म के लिए एक आकर्षक गंतव्य स्थान बना है. घरेलू पर्यटन को मजबूती देने के लिए लक्षद्वीप समेत दूसरे द्वीपसमूहों में पर्यटन अवसंरचना को बढ़ावा दिया जाएगा.
- 2014-23 के दौरान देश में 596 बिलियन अमरीकी डॉलर स्न्रष्ठढ्ढ आया, जो 2005-14 के दौरान देश में आए एफडीआई से दोगुना है.
- इस वर्ष 50 साल के ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 75 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान करने का प्रस्ताव दिया है.
- सरकार जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न चुनौतियों के लिए एक समिति का गठन करेगी. 2014 से पहले के दौर की प्रत्येक चुनौती से उबर गए हैं.
- जुलाई में पूर्ण बजट में हमारी सरकार 'विकसित भारत' के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करेगी. वर्ष 2024-25 में कुल 30.80 लाख करोड़ का खर्च और कुल 47.66 लाख करोड़ व्यय रहने का अनुमान है.
- GYAN वह है जिस पर हमें ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है. इन सभी 4 GYAN (गरीब कल्याण, युवा, अन्नदाता और नारी) को मदद की जरूरत है और मदद की गई है. किसी तरह का भेदभाव नहीं किया गया है. भाई-भतीजावाद को खत्म किया है. हम समाज के सभी वर्गों का ख्याल रख रहे हैं.
- देश ने सदी में एक बार आने वाली महामारी की चुनौतियों पर काबू पाया. आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़े कदम उठाए और अमृत काल की दिशा में ठोस नींव रखी.
- अन्नदाता की उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य समय-समय पर उचित रूप से बढ़ाया गया है और बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान से ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक आय में वृद्धि हुई है. पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में गहरा सकारात्मक परिवर्तन देखा गया.
- ज्यादा मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना है. इसके लिए एक समिति गठित की जाएगी. सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की जाएगी.

टीकाकरण बढ़ाए जाएंगे. 9-14 वर्ष की आयु की लड़कियों को टीकाकरण प्रदान किया जाएगा.

- आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी आशा कार्यकर्ताओं, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दिया जाएगा.

स्कूलों में नियमित रूप से विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त मिले भोजन : सीएस

■ प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय संचालन सह-मानिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय संचालन सह-मानिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राज्य के शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को दोपहर में भोजन प्रदान किया जाता है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में नियमित रूप से विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त भोजन मिले यह सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को योजना की लगातार मानिटरिंग करने कहा है। मुख्य सचिव ने बस्तर संभाग के पांच जिले कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर एवं सुकमा में आयोजित हो रहे विशेष शिविरों के दौरान वहां के स्कूल में मध्यान्ह भोजन की स्थिति की विशेष रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र जहां स्कूलों में विद्यार्थियों को दोपहर में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है वहां के सक्षम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे त्यौहारों पर या अपने जन्म दिवस पर या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर विद्यार्थियों को अच्छा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में अपना योगदान दें। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा है कि वे भी विद्यार्थियों को विशेष तिथियों पर या अपने जन्म दिवस पर पौष्टिक भोजन प्रदाय करायें। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 55 हजार 350 से अधिक स्कूलों में 29 लाख 55 हजार से अधिक विद्यार्थियों को दोपहर में गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना के तहत 88 हजार 142 रसोईयों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। ये रसोईयां स्कूलों में भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, वित्त विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद और समिति के सदस्य सहित स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

शहीद जवानों के परिजनों को दी जाएगी 10-10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में बीते 30 जनवरी को नक्सल मुठभेड़ में शहीद तीनों जवान के परिजनों को 10-10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर में आयोजित झुमका जल महोत्सव के अवसर पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह घोषणा की। यह आर्थिक सहायता राशि शहीद जवानों को राज्य और केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाली राशि से अतिरिक्त है। ज्ञातव्य है कि 30 जनवरी को प्रदेश के सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए तीन जवान शहीद हो गए थे। जिसमें 201 कोबरा सीआरपीएफ बटालियन के आरक्षक देवेन सी. और आरक्षक पवन कुमार तथा 150वीं बटालियन के आरक्षक लम्बाधर सिंघा शहीद को गए थे। इस घटना में 16 जवान घायल हो गए थे जिसमें से 8 जवानों को बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर लाया गया है।

न्यूज गैलरी

कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग और 'क्लीन ग्रीन अवार्ड' के लिए रजिस्ट्रेशन

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर की आवासीय कॉलोनियों की त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग और 'क्लीन ग्रीन अवार्ड-24' के लिए 6 फरवरी तक नगर निगम की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। कॉलोनियों की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था पाए जाने पर कॉलोनी को इस बार क्लीन-ग्रीन अवार्ड से भी नवाज़ा जाएगा। इसके लिए नगर निगम की वेबसाइट https://nagarnigamraipur.nic.in के Clean Green Award -24 विंडो पर उपलब्ध गूगल शीट पर फ़ोटो सहित पूरी जानकारी भरकर देनी होगी और सहायता के लिए मोबाइल नम्बर 83196-67095 पर संपर्क कर सकते हैं।

ईई शिबू लाल सेवानिवृत्त

रायपुर/नवप्रदेश। लगभग 41 वर्ष की अवधि तक निरंतर रायपुर नगर पालिक निगम को सेवा देने के उपरांत निगम सेवा से सेवानिवृत्त हुए कार्यपालन अभियंता षिबूलाल पटेल का नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा के नेतृत्व में सेवाओं का सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता शिबूलाल पटेल को नगर निगम के अभियंताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों की ओर से नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, उपायुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, डॉ. आर.के. डोंगरे, रमेश जायसवाल, जोन 10 जोन कमिष्नर दिनेष कोसरिया, निगम मुख्यालय जोन कमिष्नर अरूण साहू, अधीक्षण अभियंता राजेष शर्मा, कार्यपालन अभियंताओं, सभी जोनो एवं मुख्यालय के अभियंताओं, अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह देकर उनकी सेवाओ का सम्मान किया गया।

4 को नौनिहालों का फैंसी ड्रेस शो

रायपुर/नवप्रदेश। अंकुर सांस्कृतिक संस्था छोटे बाल कलाकारों का फैंसी ड्रेस शो आयोजित कर रही है सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में 4 फरवरी, रविवार को शाम 6 से 8 बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है। संस्था के अध्यक्ष किरण खंगन के मुताबिक 28 वर्षीय अंकुर सांस्कृतिक संस्था बच्चों के सांस्कृतिक विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस तरह के फैंसी ड्रेस शो आयोजित करके मासूम बच्चों को संस्था प्रोत्साहित करती है।

मटन मार्केट, सर्विस रोड से 4 गाड़ियां जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिको को सुगम आवागमन सडक मार्गो में सहजता से उपलब्ध करवाने की दृष्टि से नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देशानुसार प्रतिदिन नियमित रूप से सभी जोनो की नगर निवेश विभाग टीमो एवं निगम मुख्यालय नगर निवेष विभाग उड़नदस्ता द्वारा छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की लोकहितैषी मंशा के अनुरूप चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज नगर निगम जोन क्रमांक 6 नगर निवेष विभाग की टीम द्वारा जोन 6 जोन कमिष्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस की टीम के साथ मिलकर जोन 6 के क्षेत्र में संजय नगर बकरा मार्केट एवं संतोषी नगर सर्विस रोड में अभियान चलाकर सडक पर विगत लंबे समय से रखे 4 कंडम वाहनों को हटाकर सडक मार्ग की बाधा जनहित में सुगम आवागमन देने दूर करने की कार्यवाही की ।

फन फेयर वर्ल्ड मनोरंजन मेले में उमड़ी भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। काली मन्दिर के पास स्थित गॉस मेमोरियल ग्राउंड में सफलतापूर्वक चल रहे फन फेयर वर्ल्ड मनोरंजन मेला को बहुत बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है. आयोजन में अनेक राज्यों के शिल्पकारों की आकर्षक रेंज की सैकड़ों वस्तुएं है जिसका शहरवासियों ने भरपूर लाभ उठा रहे हैं, इसमें घर सजाने के लिए एक से बढ़कर एक सामान जैसे - शो पीस, फर्निचर, होम एप्लायंसेस और टेराकोटा के एक से बढ़कर एक आईटम उपलब्ध है. इसके अलावा यहाँ बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र है. एक तरह से इस मेले ने राजधानीवासियों का दिल जीत लिया। मेले के संचालक ने दी।

सभी जिलों में नवोदय और केंद्रीय विद्यालय शुरू करने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध

■ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा व कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय शुरू करने का अनुरोध किया है। केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं के केंद्र सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाए जाने का भी उन्होंने आग्रह किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री को बताया कि केंद्र की योजनाएँ समग्र शिक्षा, पीएम श्री योजना, मध्यान भोजन आदि में केंद्र व राज्य की हिस्सेदारी क्रमशः 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत है। कई वर्षों से बजट के विभिन्न उप मदों के लिए निर्धारित दर में वृद्धि नहीं किए जाने से राज्य सरकार को दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 16 जिलों में नवोदय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत है। उन्होंने शेष जिलों में नवोदय व केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत करने, स्कूली बच्चों को निःशुल्क प्रदान किये जाने वाले गणवेश की लागत राशि बढ़ाने का अनुरोध किया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत लइका संवार योजना हेतु 2606 लाख रुपये स्वीकृत करने तथा आरटीई के तहत पूर्व प्राथमिक में प्रवेशित बच्चों के शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति के साथ ही योजना की 110.86 करोड़ की राशि स्वीकृत करने के साथ ही पीएम श्री योजना के अंतर्गत विगत दो वर्षों में विकसित हुये शालाओं को बेंचमार्क शालाओं के रूप में चयन का अवसर प्रदान करने व उच्चतर माध्यमिक शाला को बेंचमार्क के रूप में शामिल करने का आग्रह किया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) का पोर्टल राज्य के लिए दोबारा खुलवाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के सभी घटकों में प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित थी, लेकिन प्रदेश के महाविद्यालय का स्टाफविधानसभा चुनाव में संलग्न होने के कारण निर्धारित समय में प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं कर सके। उन्होंने विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये फिर से पोर्टल खुलवाने का अनुरोध किया।

खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है: टंकराम वर्मा

■ खेल मंत्री ने चार दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। जय जोहार क्लब खरोरा द्वारा आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का रंग बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़कर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने शुभारम्भ किया। मंत्री श्री वर्मा ने संभाग से आये सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन मे हमें कभी घबराना नही है।

खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी कमियों का पता चलता है। जिस तरह खेल में जीत-हार होती है वैसे ही जिन्दगी में सफलता और असफलता भी होती है। खेल से प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेल से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। जीवन एक खेल की तरह है इसे खेलना जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र का विकास करने के साथ-साथ खेल मैदानों को सर्व सुविधायुक्त और ओपन जिम स्थापित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि राज्यस्तरीय फुटबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के लिए सराहनीय कार्य है। खेल का यह आयोजन सिद्ध करता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है। इसके लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी।

इस अवसर पर तिल्दा जनपद उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, तिल्दा जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, जनपद सदस्य श्री सुरेंद्र वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

बकाया अदा न करने पर संस्थाओं की सील बंदी की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम के सभी जोन कमिष्नरों, राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी जोनो के सभी वार्डो में समस्त बडे बकायेदारो से नियमानुकुल कडाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियान पूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिष्चित करने एवं बड़े बकायेदारो के संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में संबंधितों पर सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। आयुक्त के निर्देषानुसार सभी 10 जोनो के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिष्नरों, राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज दिन भर में नगर निगम राजस्व विभाग की जोनो की टीमो ने बडे बकायेदारो की संबंधित संस्थाओ को निगम को बकाया राशि अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्यवाही कडाई के साथ की गई। आज जोन 5 राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिष्नर सुषील कुमार चैधरी के नेतृत्व एवं सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू की उपस्थिति में राजस्व विभाग के टीम ने पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 41 के बकायादार मनोज पांडे की कुल 8 दुकानो का 2016-17 से 2023-24 तक का कुल बकाया राशि 981979 रूपये भुगतान नहीं किये जाने पर उक्त संबंधित 8 दुकानों पर सील बंदी की कार्यवाही की गयी।

विनोबा नगर, कुंद्रा पारा में निगम ने चलाया सफाई अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र की घनी आबादी में बसे विनोबा भावे नगर, कुंद्रापारा शांति नगर आदि बस्तियों में नगर निगम ने सघन साफ सफाई अभियान संचालित किया है ।सघन बस्ती में सुविधाओं का जायज़ा लेने गत गुरुवार को निरीक्षण में पहुँचे नगरीय प्रशासन के संचालक कुंदन कुमार , रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने इस संबंध में नगर निगम को निर्देशित किया था।

स्थानीय रहवासियों ने त्वरित कार्यवाही के लिए ज़िला व शहरी प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है । ज्ञात हो कि विगत गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग के डायरेक्टर कुंदन कुमार, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, रायपुर (उत्तर)विधायक पुरंदर मिश्रा ने निरीक्षण कर रहवासियों से फीडबैक भी लिया था। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान छोटे-बड़े नालों की साफ सफाई, मच्छर रोधी दवा छिड़काव की ज़रूरत स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से कही थी । नगर निगम आयुक्त मिश्रा के निर्देश पर जोन व सेंट्रल टीम ने तत्काल कार्यवाही कर नागरिकों की जरूरत को पूरा करने अभियान संचालित कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया।निगमायुक्त मिश्रा ने सभी वार्ड में मच्छर रोधी दवा छिड़काव के लिए स्वास्थ्य विभाग से कहा है। नागरिकों ने समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान बड़ी पानी टंकी स्थापना व सामुदायिक प्रसाधन केंद्र निर्माण की भी जरूरत बताई थी , जिस पर भी कार्यवाही नगर निगम ने शुरू कर दी है ।संपूर्ण कार्यवाही जोन -3 के कमिश्नर विमल शर्मा के नेतृत्व में की गई है।

करदाताओं की सुविधा के लिए 'ईओडीबी ' कक्ष स्थापित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य कर मुख्यालय रायपुर में ईओडीबी-इज ऑफ डूविंग बिजीनेस कक्ष का सृजन किया गया है। श्री चौधरी के निर्देश पर प्रशासनिक कार्य सुविधा तथा करदाताओं की सुविधा की दृष्टि से उक्त कक्ष 'ईओडीबी' का सृजन किया गया है। उक्त कक्ष के अस्तित्व में आने से व्यवसाइयों तथा करदाताओं को सहूलियत होगी। साथ ही नए व्यवसाइयों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन में जो दिक्कतें आती हैं उसके भी निराकरण का काम यह कक्ष करेगा। 'ईओडीबी' कक्ष का प्रभार संयुक्त आयुक्त राज्य कर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ सौंपा गया है. ईओडीबी कक्ष द्वारा व्यवसायों तथा करदाताओं की सुविधा हेतु विभिन्न कार्य संपन्न किए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से व्यवसाईयों/करदाताओं की सुविधा हेतु विभिन्न विषयों पर एफएक्यू/ क्लीयरीफिकेशन जारी करना तथा सभी हितधारको विभागीय अधिकारियों/ करदाताओं/व्यवसायिक संगठनों इत्यादि के लिए ऐसे विषयों पर प्रशिक्षण /सेमीनार /कार्यशालाएं आयोजित करना, जो ईओडीबी के लिए आवश्यक हो।

पॉवर कंपनी से ईडी पाण्डेय और सीई ग्रोवर को भावभिनी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त पश्चात हुए कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार पाण्डेय एवं मुख्य अभियंता विनोद ग्रोवर को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के एमडी. एस.के.कटियार ने सेवानिवृत्तजनों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। ईडी पाण्डेय लगभग 20 वर्षो से चेयरमेन कार्यालय में पदस्थ रहे एवं सीई ग्रोवर जनरेशन कंपनी में सीपी एण्ड बीडी के साथ टी एण्ड क्यूए का प्रभार संभाल रहे थे। एमडी खरे ने कहा कि पाण्डेय ने चेयरमेन कार्यालय में रहते हुए उत्पादन, पारेषण एवं वितरण संबंधी सभी प्रकरणों में सूक्ष्मता से अध्ययन एवं बेहतर विकल्प देने के लिए जाने जाते हैं। एमडी कटियार ने कहा कि पाण्डेय की कार्यशैली से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

असाध्य रोगों पर भक्तामर गाथा के उच्चारण से चमत्कारी लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। संस्था 'देर ना हो जाए' द्वारा कैंसर समेत असाध्य रोगों से बचाव के लिए भक्तामर हीलिंग शिविर का आयोजन वृंदावन हॉल, सिविल लाईन में किया गया। अहमदाबाद से पधारे निकुंज गुरूजी ने असाध्य रोगों पर भक्तामर हीलिंग द्वारा कैसे छुटकारा पाया जाए, विषय पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कैंसर चिकित्सक डॉ. युसूफ मेमन, मेडिकल कॉलेज में कैंसर विभाग प्रमुख डॉ. मंजू सिंह, मेकाहारा के वरिष्ठ कैंसर चिकित्सक डॉ. राजीव रतन जैन मौजूद रहे। प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष श्रीमती शीलू लुनिया, संयोजक मुकेश शाह व रानू लुनिया ने संस्था की जानकारी व स्वागत भाषण देकर अतिथियों का स्वागत किया। शिविर के मुख्य वक्ता निकुंज गुरुजी ने बताया कि भक्तामर की 48 गाथा में सारी समस्याओं का समाधान है, बस जरूरत है एकाग्र चित होकर एक आसन में नियमित जाप करने की। उन्होंने कहा कि प्रभु महावीर हो या अरिहंत प्रभु सभी हमारी तरह ही थे पर उन्होंने कठोर तप जप के द्वारा अपनी शक्तियों को जागृत किया और लोकहित मे कार्य किया। हम सबके भीतर परमात्मा विराजमान है जरूरत है उसे पहचानने की । उन्होंने कहा कि रोज सुबह सबसे पहले परमात्मा को धन्यवाद दें और खुद के लिए कहें कि मै बहुत भाग्यशाली हूं, मै पूर्ण स्वस्थ हूं। जब यह बात पूर्ण रूप से इस यूनिवर्स मे गूंज उठेगी तो हम खुद को स्वस्थ महसूस करने लगेंगे और स्वस्थ हो जाएंगे। साथ ही उन्होने कुछ मंत्र शक्तियों का आह्वान कर सभी के भीतर ऊर्जा का संचार कर दिया।

स्वदेशी मेले में छाया महाराष्ट्र मंडल का स्टॉल

■ मराठी व्यंजनों की महक से आकर्षित हो रही भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज में लगा स्वदेशी मेला छठवें दिन महाराष्ट्र मंडल और मराठी समाज के नाम पर रहा। मेले के भव्य मंच पर एक ओर महाराष्ट्र मंडल की प्रतिभाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, तो वहीं दूसरी ओर स्टेज के समीप ही महाराष्ट्र मंडल के फूड स्टॉल पर 4:00 बजे से लगभग आधी रात तक ग्राहकों की भीड़ जुटी रही। मंडल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन के अनुसार स्टॉल में महाराष्ट्र की परंपरागत पूरण पोली, साबुदाना वडा,? धनिया वड़ी, मुंगोड़े, चिवड़ा, चिप्स, गुलाब जामुन की उपलब्धता थी। स्टाल में छत्तीसगढ़ी आइटम फरा की मांग पूरण पोली से कम नहीं थी।

धनिया वड़ी के प्रति गैर महाराष्ट्रीयन लोगों को अधिक आकर्षित होते हुए देखा गया। मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले ने कहा कि स्वदेशी मेला में स्टॉल लगाने का मूल उद्देश्य महाराष्ट्र के परंपरागत व्यंजनों से गैर मराठी भाषियों को परिचित कराना है। जो लोग मंडल के स्टॉल में मराठी व्यंजनों का स्वाद इंजॉय कर रहे हैं, निश्चित ही वे लोग चौबे कॉलोनी में महाराष्ट्र मंडल भवन को ढूंढते हुए ऑर्डर देने के लिए पहुंचेंगे। किरवईवाले के मुताबिक मेस की आय से दिव्यांग बालिका गृह का संचालन किया जाता है। इसमें दिव्यांग बच्चियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, कोचिंग और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में सतत् काम किया जाता है।

आयुक्त ने किया इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर का निरीक्षण नगर निगम जोन 4 कार्यपालन अभियन्ता पद्माकर श्रीवास सहित अन्य सम्बंधित कधिकारियों की उपस्थिति में लिया. आयुक्त ने इंडोर स्टेडियम परिसर का सूक्ष्मता से अवलोकन किया. आयुक्त ने जोन 4 कार्यपालन अभियन्ता को इंडोर स्टेडियम परिसर में व्यवहारिकता को दृष्टिगत रखते हुए सभी छोटे आवश्यक सुधार एवं मरम्मत से सम्बंधित कार्यो को खेलों, खिलाडियों, खेलप्रेमियों के कल्याणार्थ सुव्यवस्थित तरीके से शीघ्र करवाना जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

जमीन, फ्लैट्स और दुकानों की ब्रिकी से आरडीए को मिले 6.91 करोड़ रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। कौशल्या माता विहार में आवासीय, व्यावसायिक भूखंड तथा LIG-1 एवं LIG-2 फ्लैट्स एवं इंद्रप्रस्थ योजना में LIG-2 फ्लैट्स और बाम्बे मार्केट, बोरियाखुर्द एवं विवेकानंद आश्रम के पास आदर्श बाजार योजना के दुकानों की बिक्री से रायपुर विकास प्राधिकरण (आर.डी.ए.)को रू. 6.91 करोड़ की प्राप्ती हुई है। मालूम हो कि आर.डी.ए. ने इन सभी योजनाओं के आवासीय, व्यावसायिक भूखंड, रो-हाउस एवं LIG फ्लैट्स की ब्रिकी के लिए 15 जनवरी से 30 जनवरी तक निविदा बुलाई गई थी। निविदा में आर.डी.ए. को कुल 61 निविदा मिले थे, जिनमें से 42 निविदा सफल हुए। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिम्मी नाहिद द्वारा बताया गया कि कौशल्या माता विहार में LIG 3BHK फ्लैट्स हेतु 32 निविदा प्राप्त हुई थी, जिसमें से 24 निविदा सफल हुई। इसमें 3.72 करोड़ रूपयें मिले। इसी तरह इंद्रप्रस्थ योजना फेस-2 में LIG 2BHK के लिए 15 निविदा प्राप्त हुई थी, जिसमें से 7 निविदा सफल हुई, जिससे 1 करोड़ रूपये मिले। उन्होने बताया कि आर.डी.ए. की विभिन्न योजनाओं के शेष बचे आवासीय व्यावसायिक भूखंड तथा स्वतंत्र फ्लैट्स और बोरियाखुर्द योजना में दुकान एवं आदर्श बाजार योजना के दुकानों तथा हॉल के विक्रय के लिए प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे मंगलवार को फिर से निविदा आमंत्रित की जावेगी।

संपादकीय

आईएनडीआईए को नीतीश ने दिखाया आईना

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने जबसे आईएनडीआईए से किनारा किया है और भाजपा के साथ मिलकर बिहार में एक बार फिर अपनी सरकार बनाई है। तभी से वे आईएनडीआईए में शामिल पार्टियों के नेताओं के निशाने पर रहे हैं। कांग्रेस से लेकर राष्ट्रीय जनता दल तक सभी पार्टियों के नेताओं ने नीतीश कुमार को पलटुराम बताते हुए लगातार उनपर हमले किए हैं। अब नीतीश कुमार ने भी उन पर पलटवार किया है। आईएनडीआईए पर बड़ा हमला करते हुए नीतीश कुमार ने उस गठबंधन को आईना दिखा दिया है। नीतीश कुमार के अनुसार वहां कोई कुछ काम ही नहीं कर रहा था। यहां तक की सीटों के बंटवारे को लेकर भी कोई फार्मूला तय ही नहीं हो पा रहा था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि कौन कहां से कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा नीतीश कुमार ने कहा है कि उन्होंने यह नया गठबंधन बनाने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास किए थे। लेकिन उनके विरोध के बावजूद इस गठबंधन का नाम इंडिया रख दिया गया था। बहरहाल अब उन्होंने आईएनडीआईए से नाता तोड़ लिया है। अब इस गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता जाने की उन्हें कैसे क्या करना है। नीतीश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। जिन्होंने कहा था कि कांग्रेस के कहने पर ही नीतीश कुमार ने बिहार में जातिगत जनगणना करायी थी नीतीश कुमार ने कहा कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और जाति जनगणना का क्रेडिट लेने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह उन्होंने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी आड़े हाथों लिया है जो लगातार यह दावा कर रहे हैं कि बिहार में उनकी ही पहल पर लाखो लोगों को सरकारी नौकरियां दी गई थी। नीतीश कुमार ने कहा है कि तेजस्वी यादव अभी बच्चा है। उसको क्या पता कि सरकार कैसे चलाई जाती है। टीचर भर्ती को लेकर वह बेमतलब ही क्रेडिट लेने की कोशिश कर रहा है। जबकि यह मेरा विजन था। नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर भी जमकर हमला बोला है और कहा कि 2005 से पहले लालू यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल में बिहार की हालत किस कदर बदतर थी । यह बिहार की जनता बेहतर जानती है। ऐसा जंगलराज कायम था कि लोग घरों से बाहर निकलने से डरा करते थे। बिहार में विकास कार्य ठप पड़े हुए थे और भ्रष्टाचार का नंगा नाच चल रहा था उन्होंने राजद नेता मनोज झा के बयान पर भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सत्रह बरस और सत्रह महीने की हकीकत को हर कोई जानता है। नीतीश कुमार ने लंबी चुप्पी के बाद अब तीखे तेवर दिखाए हैं। क्योंकि उनके भाजपा के साथ गठजोड़ करने के बाद से आईएनडीआईए के नेता नीतीश कुमार की लगातार आलोचना कर रहे थे। क्योंकि उनके पाला बदलने से आईएनडीआईए कमजोर पड़ गया है। यही वजह है कि सभी विपक्षी नेता नीतीश कुमार पर निशाना साधकर अपनी भड़ास निकाल रहे थे। जब यह सब नीतीश कुमार के बर्दास्त से बाहर हो गया। तो उन्होंने भी अब उनके खिलाफ बोलना शुरू कर दिया है। इसके बाद शायद अब विपक्षी नेता नीतीश कुमार की आलोचना बंद कर देगें। क्योंकि आईएनडीआईए को आकार देने में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे उस गठबंधन में शामिल नेताओं की रग रग से वाकिफ हैं। यदि उन्हें बार बार छेड़ा गया तो नीतीश कुमार इस गठबंधन की बखिया उधेड़ कर रख देंगे। खासतौर पर राष्ट्रीय जनता दल और लालू परिवार के खिलाफ तो उनके पास बोलने के लिए बहुत कुछ है यदि वे लालू परिवार जो पहले ही रेलवे में नौकरी के बदले जमीन हथियाने के मामले में घिरा हुआ है। उसे यदि नीतीश कुमार बेनकाब कर देगें तो बिहार में राजद का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। बेहतर तो यही होगा कि नीतीश कुमार के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करना छोड़कर आईएनडीआईए के नेता अपने गठबंधन को मजबूती देने पर अपना ध्यान केन्द्रीत करें।

कर्पूरी ठाकुर की सादगी का एक आंखों देखा हाल
“तांगे में बैठकर बस स्टैंड गये”

राजीव खंडेलवाल

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी को भारत रत्न दिए जाने पर लिखे मेरे लेख पर भोपाल निवासी श्री नरेंद्र भानू खंडेलवाल ने मुझे फोन पर कर्पूरी ठाकुर की सादगी, जो उन्होंने देखी व जिसके प्रत्यक्षदर्शी मेरे पिताजी स्वर्गीय श्री जी डी खंडेलवाल रहे, का रूबरू वर्णन में आगे कर रहा हूं, जैसा की श्री नरेंद्र भानू खंडेलवाल ने मुझे फोन पर बतलाया।

मेरे पिताजी स्वर्गीय श्री गोवर्धन दास जी खंडेलवाल वर्ष 1967 में बनी संविद सरकार जिनकी जनक व नेत्री स्वर्गीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया थीं, के मुख्यमंत्री ठा. गोविंद नारायण सिंह के मंत्रिमंडल में पहले समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री और बाद में आदिम जाति कल्याण एवं बिजली विभाग के कैबिनेट मंत्री जनसंघ कोटे से रहे। हम लोग उस समय प्रोफेसर कॉलोनी में चार बंगले के बंगला नंबर तीन में रहते थे, जहां बाद में कभी सुश्री उमा भारती भी रहीं।

बात उस समय की है, जब डॉ राम मनोहर लोहिया के ''गैर कांग्रेस वाद'' के नारे व नीति के चलते वर्ष 1967 में देश में संविद सरकारें बनने का दौर चला था। मध्य प्रदेश में ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल आदि प्रदेशों में भी संयुक्त विधायक दल की (संविद) सरकारें गैर कांग्रेस वाद के आधार पर बनी थी। संपूर्ण देश में गैर कांग्रेसी वाद को मजबूत करने के लिए समस्त विपक्षी दलों को एक साथ खड़े रखने की नीति को मजबूत करने के तहत शायद पार्टी निर्देशों के तारम्तय में मेरे पिताजी जी डी खंडेलवाल जी ने उस समय की समस्त संविद सरकारों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को विचार विमर्श करने के लिए एक बैठक अपने निवास, चार बंगले में बुलाई थी। तब कर्पूरी ठाकुर, जो उस समय बिहार के उपमुख्यमंत्री थे, भोपाल हमारे निवास पर आए थे। उस समय पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राजमाता विजयाराजे सिंधिया व उपमुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भी बैठक में उपस्थित थे। पंडित दीनदयाल जी की सादगी का आलम यह था कि एक पत्रकार ने जब यह पूछा कि दीनदयाल जी भी आए हैं? तब उनको यह बतलाया गया कि आपके सामने जो अभी चप्पल पहने जा रहे हैं, यही दीनदयाल जी हैं।

मीटिंग समाप्ति के बाद कर्पूरी ठाकुर जी को इंदौर एक निजी कार्यक्रम में जाना था। वे बस से इंदौर जा रहे थे। नरेंद्र भानू खंडेलवाल, जो उस समय हमारे पारिवारिक सदस्य थे और मैं और मेरा छोटा भाई उनके द्वारा चलाई जारी शिक्षा क्लासेस में पढ़ने भी जाते थे, घर पर उपस्थित थे। कर्पूरी ठाकुर जी को बस स्टैंड छोड़ने के लिए कार में बैठने के लिए नरेंद्र जी ने कहा तो उन्होंने कहा मैं सरकारी गाड़ी का उपयोग नहीं करूंगा, क्योंकि मैं निजी यात्रा पर जा रहा हूं। तब नरेंद्र जी स्वयं ''तांगे'' पर उनको लेकर बस स्टैंड छोड़ने गए और 5 रू 50 पैसे की इंदौर की बस का टिकट कटवाया। वह पैसे भी कर्पूरी ठाकुर ने ही दिए, यह कहकर कि जब मैं कार से बस स्टैंड नहीं आया हूं, निजी यात्रा पर जा रहा हूं, आपसे पैसे कैसे ले सकता हूं? सादगी के इस रूप की कल्पना आज तो संभव ही नहीं है, ओढ़ना तो दूर की बात है।

इसी सादगी में मैं अपने स्वर्गीय पिताजी की सादगी को भी जोड़ना चाहता हूं। संविद सरकार में शामिल जनसंघ घटक के समस्त मंत्रियों को जब ''कच्छ आंदोलन'' में भाग लेने के लिए मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए कहा गया। तब मेरे पिताजी इस्तीफा पत्र लेकर घर से गवर्नर हाउस सरकारी गाड़ी से नहीं गए, बल्कि स्कूटर से गए और उस समय स्कूटर पर जाते हुए उनकी फोटो समाचार पत्रों में छपी थी। तब कोई सोशल मीडिया नहीं था। हम दोनों भाई भी स्कूल पॉलिटेक्निक बस स्टॉप से बस पकड़ कर जवाहर चैक माडल स्कूल जाते थे, जबकि अन्य मंत्रियों के बच्चों को स्कूल छोड़ने सरकारी गाड़ियां जाती थी।

कर्पूरी ठाकुर की ऐसी सादगी को नमन। मैं नरेंद्र जी का हृदय की गहराई से धन्यवाद करना चाहता हूं कि मुझे उन्होंने उक्त तथ्यों से अवगत कराया, जिसकी जानकारी मुझे अभी तक नहीं थी।

सादगी का उक्त वर्णन जैसा कि नरेंद्र भानू खंडेलवाल जी ने बतलाया।

मेडटेक मित्र : भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे

विनोद के पॉल

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे।

मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है।

नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है। इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है। ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है। केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल (httpsÑ//medtechmitra.icmr.org.in/) चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकर्ताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी। भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं।

इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है। भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा। सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके। मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे। मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1862 शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने। 1934 निर्यात-आयात बैंक, संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक E&portcredit एजेंसी की स्थापना की गई थी। 1952 मद्रास में भारत को पहली टेस्ट क्रिकेट में जीत प्राप्त हुई। 1944 जर्मन ने सिस्टर्ना की लड़ाई में जीत हासिल किया। 1967 अमेरिकी बास्केटबॉल सोसिएशन का गठन हुआ। 1989 सैटेलाइट टेलीविजन सेवा स्काई टेलीविजन पीएलसी यूरोप में शुरू की गई। 1990 राष्ट्रपति एफ डब्ल्यू। किलक ने दक्षिणअफ्रीका में रंगभेद की समाप्ति की घोषणा की। 1992 कीरेन पर्किन्स, एक प्रसिद्ध तैराक ने 14: 32: 40 में 1500 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी के लिए विश्व रिकॉर्ड बनाया। 1993 इरीना पुरीलारा एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाती है। यह रिकॉर्ड सिर्फ6.05 सेकंड में 50 मीटर इनडोर चलाने का था। 1995 मॉलीयर कॉमेडीज़ 56 प्रदर्शनों के लिए न्यूयॉर्क शहर में मानदंड थियेटर में खोला गया। 1996 अली लैंरी ने 22 साल की उम्र में लूसिनिया से 45 वीं मिस यूएसए का ताज पहनाया।

QUIZ TIME

1) भारत के किस राज्य में आदि पेरूक्कु मानसून महोत्सव मनाया जाता है जिसमें देवी पार्वती की पूजा भी शामिल है?

2) दरूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता यह दुनिया में पुरुषों के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता किस राज्य में मनाया जाता है?

3) दिल्ली में स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?

4) ओडिशा के संबलपुर में समलेई मंदिर परियोजना का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?

5) भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हाल ही में कौन बनी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अरुणाचलप्रदेश (2) गोवा (3) जयपुर के राजा जयसिंह (4) नरेंद्र मोदी (5) प्रीति रजक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -321

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 05:59, चन्द्रोदय : 17:21, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ , पक्ष : कृष्ण , तिथि : सप्तमी , नक्षत्र : स्वाति, योग : प्रीति, प्रथम करण : विष्टि (10:33 तक), द्वितीय करण : बव (23:23 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:50, अमृत काल : 27:29 से 29:14, गुरुपुष्य योग : 08:16 से 31:11, सर्वार्थसिद्धि योग : पूरे दिन, अमृतसिद्धि योग : 08:16 से 31:11, रवियोग : 07:11 से 08:16, विजय मुहूर्त : 14:15 से 14:58, गोधूलि मुहूर्त : 17:44 से 18:11, सायाह्न सन्ध्या : 17:47 से 19:08, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:56, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:11 से 08:31, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : मृत्यु (10:33 तक), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : श्मशान में (23:23 से गौरी के साथ)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दही का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, आज जन्मे शिशुओ का नाम स्वाति नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चरण अनुसार क्रमशः (री, रू, रे, रो,) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भी ग्रह स्थिति घर बाहर उथल पुथल कराएगी में आपको घरेलु मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आयवश्यक रहेगी।

वृषः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र से अतिरिक्त आय होगी।

मिथुनः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज कई दिनों से लटके किसी अनुबंध के आगे बढ़ने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी।

कर्कः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पहले भाग में आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी।

सिंहः आज के दिन आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। वाणी में कठोरता रहने से घर में कलह होने की सम्भवना है।

कन्याः रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा।

तुलाः आज आप कार्यो की भरमार रहने के कारण भ्रमित हो सकते है। परिश्रम का उचित फल नहीं मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन भी अस्तव्यस्त रहने से मनोकामना अधूरी रह सकती है। दोपहर बाद धर्म-कर्म में अधिक रुचि रहेगी धार्मिक कार्यक्रमो में उपस्थिति देंगे।

धनुः आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। धार्मिक गतिविधियों में भी फिजूल खर्ची पर नियंत्रण रखें।

मकरः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है। दिमाग में नए-नए विचार आने से किसी ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी।

कुंभः आज का दिन आंशिक शुभ रहेगा। पुरानी गलतियों या व्यवहार की कमी के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी।

मीनः आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है।

■ न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार हाइवा ने मासूम को रौंदा आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में तेज रफ्तार का कहर जारी है. एक तेज रफ्तार हाइवा ने मासूम को रौंद दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर दिया। वहीं मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. ये घटना बिलासपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे में सेंदरी की है। जानकारी के अनुसार, बिलासपुर- कोनी थाना क्षेत्र के कछार गांव के पास रेत से भरे हाइवा ने 7 साल के मासूम निखिल खूंटे को कुचल दिया। जिससे उस बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद गांव में मातम पसर गया, गुस्साए ग्रामीणों ने मिलकर बिलासपुर-रतनपुर हाइवे को जाम कर दिया. वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए कोनी पुलिस ने हाइवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है और हाइवा जब्त कर लिया हैं. फिलहाल मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

महुआ से लड्डू बनाने का प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत कोटा तहसील के ग्राम पंचायत दारसागर के आश्रित गांव कुपाबांधा व झरना के बैगा जनजातियों को 15 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण दिया गया। बैगा समुदाय के 20 हितग्राहियों का समूह बनाकर आजीविका विकास योजना के तहत महुआ लड्डू निर्माण कोर्स के प्रशिक्षण का समापन 31 जनवरी को हुआ। शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति को स्वरोजगार से जोड़ने एवं महुआ के अन्य उपयोगिता के महत्व को बताने के लिए कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महुआ से लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान हितग्राहियों को महुआ निर्माण के साथ-साथ उद्यमिता, वित्तीय प्रबंधन तथा अगरबत्ती, डिटर्जेंट, फिनायल एवं साबुन निर्माण संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

इवीएम एवं वीवीपेट मशीनों की जांच 5 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। इव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों के प्रथम स्तर की जांच मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की मौजूदगी में 5 फरवरी से की जाएगी। जांच की कार्यवाही न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग में स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में 5 फरवरी से 14 फरवरी तक सवेरे 9 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। मशीनों की जांच अवकाश के दिनों में भी जारी रहेगी। जांच के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राजकीय दलों के अध्यक्ष द्वारा अधिकृत एक-एक प्रतिनिधि को हॉल में उपस्थित रहने की अनुमति होगी। उपस्थित रहने वाले प्रतिनिधि को कार्यालय द्वारा एन्ट्री पास जारी किया जाएगा व उन्हें पासपोर्ट साइज फोटो एवं परिचय पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। हॉल के अंदर किसी भी प्रकार के मोबाइल, सेल फोन, स्पाई पेन, कैमरा अथवा अन्य किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक सामग्री ले जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

धरमलाल कौशिक ने जन्मदिन पर क्षेत्रवासियों को दी करोंड़ों की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने अपने जन्मदिन के अवसर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को 3 करोड़ 34 लाख रू से अधिक की सौगात दी। सर्वप्रथम उन्होंने रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर सह परिवार पहुंच कर मां महामाया की पुजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र व प्रदेशवासियों के लिये सुख समृद्धि की मंगल कामना की इसके साथ ही ग्राम हिर्री में मितानिन बहनों के साथ मिलकर जन्मदिन मनाया एवं 10 लाख रू लागत मितानिन भवन का भूमि पूजन किया, तत्पश्चात ग्राम कोहरौदा में 28.51 लाख रू, पौसरी में 28.51 लाख रू , हिर्री में 36.13 लाख रू, बिल्हा में 28.51 लाख रू, बरतोरी मे 28.51 लाख रू, बोडसरा में 28.51 लाख रू, तिफरा में 28.51 लाख रू का उप स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम एवं पोड़ी में 28.51 लाख रू एवं 14 लाख रू लागत किसान कुटिर का लोकार्पण किया साथ ही ग्राम हिर्री, कडार,बरतोरी, भटगांव में 6 बिस्तर वार्ड के निर्माण हेतु प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु 9.80 लाख रू के निर्माण किये जाने की घोषणा की गई।

काम लटकाने वाले ठेकेदारों को कलेक्टर ने किया तलब

स्मार्ट रोड की तरह बनेगी सिम्स की सड़क

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल परिसर को व्यवस्थित करने के क्रम में सिम्स चौक से अरपा रिवर व्यू तक सड़क मार्ग को स्मार्ट रोड की तरह विकसित किया जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिक निगम को डीएमएफ मद से स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। गौरतलब है कि पार्किंग को अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद सिम्स के सामने की सड़क काफी चौड़ी हो गई है। जिसके कारण बिजली के खम्भे, तार, ट्रांसफार्मर, केबल सड़क के बीचों-बीच हो गये हैं। स्मार्ट रोड के अंतर्गत तमाम केबल, तार आदि अन्डरग्राउण्ड ले जाए जाएंगे। खम्भे आदि हटने के बाद मरीजों और लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा होगी।

कलेक्टर ने आज फिर सिम्स अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए बनाये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। अस्पताल में ओपीडी मरीजों के पहुंचने के लिए एक अलग गलियारा विकसित किया गया है। कलेक्टर ने मरीजों के पंजीयन कक्ष भी देखे। टोकन व्यवस्था सुचारू तरीके से चल रही है। उन्होंने कहा कि टोकन इश्यू होने के बाद मरीज अपनी बारी का इंतजार करें। अनावश्यक काउण्टर पर जाकर पूछताछ न करें ताकि सुविधाजनक तरीके से सिस्टम काम कर पाए। पंजीयन कक्ष से ऊपरी मंजिलों में ओपीडी डॉक्टरों तक पहुंच के लिए एक नये लिफ्ट स्थापित की जा रही है। कलेक्टर ने इस माह के अंत तक लिफ्ट तैयार कर सौंपने के निर्देश एजेन्सी को दिए। आवश्यकता के अनुसार और लिफ्ट स्वीकृत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने रेडक्रास की दवाई दुकान का भी निरीक्षण किया। मरीजों के परिजनों के भोजन बनाने के लिए तैयारी किये जा रहे शेड को जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। अस्पताल के गार्डन सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया। नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसके नायक सहित संबंधित अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालयों में व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

कलेक्टर अवनीश शरण ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक लेकर स्कूलों की अधोसंरचना, परीक्षा परिणाम, शिक्षकों की संख्या, मध्यान्ह भोजन, ड्रॉप आउट बच्चों व स्कूलों में दर्ज संख्या की जानकारी ली। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को स्कूलों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए व बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हर संभव प्रयास करने कहा। डीएमएफ से स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति दी। मंथन सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण ने जिले के सभी उत्कृष्ट विद्यालयों की जानकारी ली। स्कूलों में बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, किचन शेड की व्यवस्था, छत की मरम्मत, बिजली व्यवस्था दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। शिक्षको की कमी को परीक्षा के उपरांत दूर करने व संविदा भर्ती एवं प्रतिनियुक्ति के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि संविदा शिक्षकों के वेतन भुगतान में विलंब न हो। स्कूलों में प्रयोगशाला, लाईब्रेरी, स्मार्ट बोर्ड, कम्प्यूटर लैब, फर्नीचर की स्थिति की जानकारी लेते हुए स्कूलों में सप्लाई होने वाले सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा। मिड-डे-मिल व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि मिड-डे-मिल महिला समूहों के माध्यम से ही बनवाना सुनिश्चित करें व बच्चों के मिड-डे-मिल में किसी तरह का व्यवधान न आए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे समय-समय पर स्वयं बच्चों के साथ मध्यान भोजन करें।

जल संसाधन विभाग के काम-काज की समीक्षा

कलेक्टर अवनीश शरण ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन में काम लटकाने वाले ठेकेदारों को पूर्ण व्यौरे के साथ समक्ष में तलब किया है। कामों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। कलेक्टर ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव जी के विभाग वाले कामों में बिलासपुर जिला पूरे राज्य में अग्रणी होना चाहिए। इस भावना को ध्यान में रखते हुए तमाम अधिकारी एवं ठेकेदार काम करें। उन्होंने समय-सीमा में काम पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों से पेनाल्टी काटकर शेष राशि भुगतान को कहा है। उन्होंने कहा कि केवल भुगतान रोकना पर्याप्त नहीं है। कलेक्टर ने काम की गति बढ़ाकर हर घर नल कनेक्शन प्रदान करने की कार्य-योजना में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने को कहा है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण हो चुके ग्रामों में 15 मार्च तक शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जाये। ऐसे लगभग 280 गांव हैं। उन्होंने उच्च स्तरीय जलागार एवं समूह नल जल योजनाओं की जानकारी लेकर गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा करते हुए अरपा भैंसाझार परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के पूर्ण होने में आने वाली दिक्कतों के बारे में विचार-विमर्श किया। उन्होंने राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की 10 तारीख को संयुक्त बैठक आहूत करने के निर्देश दिए। भू-अधिग्रहण एवं मुआवजा प्रकरणों का भी समाधान किया जायेगा। उन्होंने सभी सिंचाई नहरों की साफ-सफाई एवं डिसिल्टिंग के कार्य अगले खरीफ मौसम शुरू होने के पहले करा लेने के निर्देश दिए।

मंदिर के पुजारी ने दो महिलाओं से ठग लिए 17 लाख, कार्रवाई नहीं होने पर एसपी से गुहार

एक को तंत्र-मंत्र और दूसरी को सस्ता घर दिलाने का दिया था झांसा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के चांटीडीह की दो महिलाओं से करीब 17 लाख की ठगी के दो मामलों में कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित महिलाओं ने एसपी को अपनी व्यथा सुनाई है। मोहल्ले के ही एक मंदिर के पुजारी ने जमीन में धन गड़ा होने का झांसा देकर करीब साढ़े तीन लाख रूपए ठग लिए तो वहीं एक अन्य महिला को सस्ते में नया घर दिलाने का झांसा देकर उसका पुराना घर साढ़े तेरह लाख में बिका दिया और पूरे पैसे हड़प लिए

आज दोनों महिलाएं वीणा तिवारी पिता स्व. आर एस तिवारी रामायण चौक के पास चांटीडीह और यहीं की कमला पाण्डेय सेवा स्व. लखन पाण्डेय पुलिस अधीक्षक से मिलीं और आपबीती सुनाई। वीणा तिवारी चांटीडीह के चिंगराजपारा में अपना छोटा सा निजी स्कूल चलाती है। दिसम्बर 2023 में सगे भाई से विवाद होने के कारण वह अपने मूल घर को छोडकर अपनी माता के साथ स्कूल वाले छोटे से कमरे में रहने लगी। मोहल्ले के एक मंदिर के पुजारी पंकज पराशर दुबे पिता स्व0 दिनेश दुबे से उसकी मुलाकात हुई। चिंगराजपारा स्थित स्कूल वाली जमीन पर भूमिपूजन के लिए उसे बुलाया था। पूजा के दौरान अजीब हरकत करते हुए उसने तंत्र- मंत्र का झांसा देते हुए कहने लगा कि इस जमीन के नीचे बहुत सारे सोने के मूर्तियां आभूषण, धन ,हीरा, आदि से भरा हुआ हण्डा गड़ा हुआ है। शुद्धिकरण के नाम पर प्रलोभन और तंत्र मंत्र से भस्म करने का भय दिखाकर उसने साढे तीन लाख रुपए ठग लिए। किसान मोहल्ला रामायण चौक के पास चाटीडीह निवसी कमला पाण्डेय बेवा स्व. लखन पाण्डेय ने ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि पंकज पराशर दुबे ने सस्ते में नया घर दिलाने का झांसा देकर उसका पुराना घर तेरह लाख बीस हजार रूपए में बिकवा दिया और पूरे पैसे हड़प लिए। उसने उसे जो नया घर दिखाया था उसके बिल्डर से जब बात हुई तो इस ठगी का पता चला। बिल्डर ने बताया कि उसका घर 35 लाख का है, किसने कह दिया कि 13 लाख में मिल जाएगा। दोनों महिलाओं ने एसपी को बताया कि उन्होंने इस ठगी की शिकायत थाने में की, लेकिन दो माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पुजारी ने की अन्य लोगों को भी इसी तरह ठगा है, जिसकी थाने में रिपोर्ट भी हुई है मगर उन मामलों में भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की , जिसके कारण ठगी के इस आरोपी का हौसला बढ़ता गया है। एसपी ने महिलाओं को कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

आंबा सहायिकाओं की भर्ती के पूर्व दावा आपत्ति 8 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर अंतर्गत नगर पालिका तखतपुर के वार्ड क्रमांक 7 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 7 एवं 2 में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच की गई व स्कूटनी के बाद अंतिम चयन सूची संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों में चस्पा किया गया है। इन पदों पर प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद जारी सूची पर दावा आपत्ति 8 फरवरी तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर में प्रस्तुत किये जा सकते है।

जिला खेल परिसर को मॉडल खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा-सुशांत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा में स्थित जिला खेल परिसर के दिन बहुरने वाले है, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने जिला खेल परिसर के उन्नयन के लिए 1 करोड़ की राशि देने की घोषणा की है। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर स्थित जिला खेल परिसर को मॉडल खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। डीएमएफ मद से प्रथम चरण में 1 करोड़ रुपए दी जाएगी।

कलेक्टर एवं शासी परिषद के अध्यक्ष की सहमति उपरांत श्री शुक्ला ने 1 करोड़ की राशि देने का ऐलान किया। वें गत दिनों खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के समापन समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर अवनीश शरण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। विधायक ने बीते दिनों 5 वीं गोल्ड कप राज्य स्तरीय आमंत्रण ताइक्कांडो प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर की उपस्थिति में खेल परिसर को मॉडल खेल मैदान के रूप में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित करने के लिए जिला खनिज न्यास संस्थान मद से प्रारंभिक रूप से 1 करोड़ स्वीकृत करने की घोषणा की। खेल परिसर को विकसित करने के लिए एक ही परिसर में एक साथ वॉलीबॉल मैदान, फुटबॉल मैदान, कबड्डी मैदान, बास्केटबॉल, तीरंदाजी मैदान, खो-खो मैदान निर्माण 100 सीटर होस्टल बिल्डिंग, स्पोर्ट्स लाइब्रेरी, फ़ूड जोन, ई-रिक्श चार्जिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। सभी मैदान को सुरक्षित करने के लिए चौनलिंक फेंसिंग, स्विमिंग पूल में आवश्यक कार्य, दर्शकदीर्घा में शेड व उन्नयन, सम्पूर्ण परिसर में फ्लड लाइट और बाउंड्री वाल में कॉन्सेर्तिना वायर से सुरक्षा आदि निर्माण कार्य भी किया जाएगा। विधायक ने खेल परिसर के विकास के लिए योजना तैयार करने हेतु सहायक संचालक खेल, एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

अब बैनर-पोस्टर लगाकर शुभचिंतक नहीं दे सकेंगे अपने चहेतों को बधाई

बिलासपुर। शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों के साथ आईलैंड, उद्यान आदि सार्वजनिक स्थानों पर बोर्ड लगाना प्रतिबंधित होने के बाद भी राजनीतिक, व्यवसायिक के साथ जन्मदिन आदि के बधाई संदेश के बैनर-पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता पर सेंध लगाई जा रही। वहीं अब इसे नगर निगम ने गंभीरता से लिया है।

अब शहर में लगे सभी प्रकार के बैनर पोस्टर निकालने के निर्देश निगम प्रबंधन ने दिए हैं, साथ ही साफ किया है कि अब ऐसे बोर्ड बिलकुल भी लगने न दिया जाए और यदि लगते हैं तो इन्हें जब्त कर लिया जाए। इसी निर्देश के बाद बुधवार को अतिक्रमण विरोधी दस्ता प्रभारी प्रमिल शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। शहरभर में लगे बैनर-पोस्टर जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

टीम सबसे पहले श्रीकांत वर्मा मार्ग पहुंची और डिवाइडर व माल के पास लगे बैनर-पोस्टर को जब्त करने की कार्रवाई की। इस दौरान बैनर-पोस्टर फाड़े गए, साथ ही बांस व बल्लियों को जब्त किया गया। इसके बाद टीम ने शहर के दयालबंद रोड, गुरुनानक चौक, जगमल चौक, तोरवा धान मंडी के पास, तोरवा पुल, पेट्रोल पंप तोरवा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सभी बैनर-पोस्टर निकालने का काम किया है। अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा ने जानकारी दी कि निर्देश के बाद कार्रवाई की जा रही है। जिन-जिन सड़कों और चौक, डिवाइडर में इस तरह के बैनर-पोस्टर लगे हैं, उन्हें आने वाले दिनों में हटाया जाएगा। इसके बाद भी यदि कोई बैनर-पोस्टर लगाता है तो उसे तत्काल जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिक्रिया... भाजपा नेताओं ने केंद्रीय बजट का किया स्वागत

बजट से महिला युवा और किसान होंगे मजबूत

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार द्वारा 1 फरवरी 2024 को जारी किए गए अंतरिम बजट को लेकर जिले के भाजपा नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट की सराहना की है उन्होंने बदलते हुए भारत के लिए इसे मिल का पत्थर बताते हुए ग्रामीण एवम शहरी क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक कदम बताया जिसमे महिलाओं बच्चों युवा एवम किसानों को केंद्र में रखा गया है वही टैक्स पेयर्स की सहूलियतों का ध्यान रखा गया साथ ही भारतीय रेल सेवा की कायाकल्प की दिशा में बजट में प्रभावी कदम उठाए गए हैं इतना ही नहीं विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ध्यान दिया गया है

भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट-अरुण साव

छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि

48 लाख करोड़ रुपए का इस बड़े बजट में समाज के सभी अंगों को स्पर्श करने का प्रयास किया गया है गांव गरीब किसान से लेकर विज्ञान के क्षेत्र में भी बजट का प्रावधान किया जाना बदलते भारत का संदेश दे रही है 40 हजार रेल डिब्बे वन्दे भारत में अपडेट होने जा रहे हैं 3 नए रेल कॉरिडोर बनाए जायेंगे जय जवान जय किसान जय विज्ञान में मोदी जी ने जय अनुसंधान जोड़ कर प्राइवेट क्षेत्र में रिसर्च के लिए एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया इस तरह से नए भारत की शुरुवात हो रही और बहुत जल्द हम विश्व की तीसरी इकोनोमी बनने जा रहे

महिला,किसान ,युवा, बजट में सभी के लिए प्रावधान-भूपेन्द्र सवन्नी

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की

नेतृत्व वाली सरकार महिला,बच्चों,और किसानों के हित को लेकर सदैव से ही संवेदनशील रही है। देश में कैंसर से लड़ाई लड़ने 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सवाइकल कैंसर के मुफ्त टीके लगाया जाना प्रधानमंत्री मोदी जी की देश की महिलाओ के स्वास्थ्य के प्रति बड़ी संवेदनशीलता को दिखाता है। अब हमारी एक करोड़ और बहने लखपति दीदी बनेगी और अपने जीवन को स्वाभिमान और गर्व के साथ जीकर देश की तरक्की में अपना योगदान देंगी 12 करोड़ किसानों को सरकार ने कर्ज दिया। 1361 नई मंडियों को जोड़ा गया। 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिला।

विकसित भारत की नींव मजबूत करने वाला बजट- अमर अग्रवाल

आज प्रस्तुत हुए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल

ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है आज के बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहे है। देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा और विकसित भारत के सपने के साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। 12 करोड़ किसानों को सरकार ने कर्ज दिया।

राज्यों को मिला बूस्टर डोज, अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति-कौशिक

पूर्व नेता प्रतिपक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा केंद्र ने अपने बजट में राज्यों को

बूस्टर डोज देकर हमेशा की तरह बड़ी मदद दी है इस बार भी बजट में राज्यो के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है।छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा। एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली दिए जाने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी वही ग्रामीण इलाको में 2 करोड़ नए घर बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी एक बड़ी तेज़ी दिखने के साथ गरीबों को अपनी छत मिलने से उनके जीवन का बड़ा सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी की देश की महिलाओ के स्वास्थ्य के प्रति बड़ी संवेदनशीलता को दिखाता है।

कलेक्टर ने किया निगम क्षेत्र के दो शिविरों का निरीक्षण

राजस्व पखवाड़ा शिविरों को मिल रहा जनता का प्रतिसाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राजस्व पखवाड़ा आज से शुरू हो गया। प्रथम दिन निगम एवं ग्रामीण क्षेत्र में 27 शिविर आयोजित किये गये। शिविर को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपना काम करा रहे हैं। शासकीय कार्यालयों में चक्कर लगाने के बाद होने वाले काम यहां मिनटों में हो रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज निगम क्षेत्र के दो शिविरों का जायजा लिया।

उन्होंने कुदुदण्ड स्थित हाई स्कूल एवं मगरपारा के अम्बेडकर प्राथमिक शाला गए। उन्होंने विभिन्न कामों से शिविर में पहुंचे लोगों से चर्चा की। शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील लोगों से की है। निगम कमिश्नर अमित कुमार भी इस अवसर पर साथ थे। इन शिविरों में बी-1 पठन, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, अभिलेख अपडेट, त्रुटि सुधार संबंधी अभिलेख सुधार, नक्शा बटांकन, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई की अनुमति, जाति, निवास एवं आय प्रमाण सहित अन्य कामों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन अधिकार मान्यता पत्र, नोनी सुरक्षा किसान क्रेडिट कार्ड आदि के लिए आवेदन की कार्यवाही की जायेगी।

न्यूज गैलरी

मोदी के जुमलों की तरह अंतरिम बजट 2024 भी जुमला मात्र : मरकाम

कोंडागांव/नवप्रदेश। केंद्र की मोदी सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किये गए अंतरिम बजट पे पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि कोई भी बजट अगर

विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है अपने इस ÷विदाई बजट÷ में भी मोदी सरकार ने देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं करदाताओं और मध्यमवर्ग सहित किसी को कुछ भी नहीं दिया। कहां गई मोदी की गारंटी हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दी थी मोदी जी ने जिसके हिसाब से 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चहिये था। लेकिन देश के करोड़ों युवा जो बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं उनके लिए इस बजट में कुछ नहीं है बेरोजगारी के हाहाकार में देश के युवा तो अब रोजगार की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं। देश की कार्यशक्ति में महिलाओं की भागीदारी लगातार घटती जा रही है किसानों की आय दुगुनी करने की गारंटी दी थी लेकिन किसानों की आमदनी लगातार कम होती जा रही है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है और लगातार किसानों की आत्महत्या की खबर आ रही है भाजपा की जुमला नीति से महंगाई की मार लगातार बढ़ती जा रही है ना गैस सिलेंडर के दाम कम हुए ना खाद्य पदार्थों के दाम कम करने को लेकर कोई प्रयास इस बजट में नजर आया परिवारों की बचत खाली होती जा रही है अपना घर चलाने के लिए भी लोगों को जद्दोजहद करना पड़ रहा है आर्थिक तंगी का आलम यह है कि लोग अपनी बीमा पॉलिसी तक सरेंडर कर रहे हैं मगर पूंजीपति मित्रों का लाखों करोड़ों रुपए माफ करने और %कॉरपोरेट टैक्स में लगातार छूट देने वाली मोदी सरकार देश के आम लोगों की जेब काटने और झूठे जुमले सुनाने के अलावा कुछ भी नहीं कर रही ह।" एक तरफ तो केंद्र की मोदी सरकार दावा करती है कि उन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है और दूसरी तरफ 80 करोड़ गरीबों को हर माह 5 किलो राशन दे रही है कहकर अपना पीठ थपथपाती रहती है। ये सबसे बड़ा प्रमाण है केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों का और उस पर तुर्रा ये की इस बजट के दौरान उनकी सारी योजनाएं आगामी पांच वर्ष बाद फलीभूत होंगी। ये कहकर देश की जनता के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित कर रही है। दरअसल केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश बजट पूरे देश मे भ्रम का मयाजल बिछाकर आगामी लोकसभा में येन केन प्रकरेण सत्ता हासिल करना है और जनता के हित जनता के विकास से इस बजट का कोई लेना देना नही है यही परिलक्षित कर रहा है लेकिन अब इस देश की जनता इनके मयाजल में फंसने वाली नहीं है और इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर करारा जवाब देने का मन बना चुकी है!

शुरू हुआ समाधान शिविर का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में 01 फरवरी से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 फरवरी को अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम पोडगांव एवं बड़ेतोपाल, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कोरर और बैजनपुरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी और मयाना, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में ग्राम तराईघोटिया और आमाकड़ा, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बाबूदबेना और माटवाड़ालाल, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव और धरमपुर तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम भनसुली और जामगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

ईई, एसडीओ और सीईओ को कारण बताओ नोटिस

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को विशेष केन्द्रीय सहायता योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने इस दौरान सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री दुदावत ने कार्य में विलंब के लिए लोक यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं पूर्ण होने के उपरांत भी कार्य का मूल्यांकन नहीं किए जाने पर केशकाल जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी पूर्ण कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र और संपूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने पूर्ण कार्यों का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने को भी कहा।

कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोगों तक

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में वर्तमान में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने स्वास्थ्य अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड विजिट करने निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव और नियमित जांच सहित उनके एवं बच्चों के टीकाकरण का बढ़ावा हेतु व्यक्ति रूचि लेकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी समय पर पहुंचे और अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिले। कलेक्टर श्री छिकारा ने जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए लोगों को प्रेरित करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर जागरूक करें। साथ ही हाई रिस्क गर्भवर्ती माताओं का विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने टीकाकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि, कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। कलेक्टर ने जिले में मलेरिया कार्यक्रम, डेंगू कार्यक्रम, फाइलेरिया कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पिछले तीन सालों में केस पाए गए है वहां अभियान चलाकर डीडीटी, क्लोरीन, साफ-सफाई के प्रति लोगो का जागरूक करने कहा है।

विधायक लता उसेंडी ने प्राथमिक सेवा सहकारी गोदाम का किया लोकार्पण

कोंडागांव/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम चिपावंड में बने नव निर्मित प्राथमिक सहकारी सेवा समिति गोदाम का लोकार्पण कर ग्राम वासियों को सौगात दी ! नए गोदाम के निर्माण होने से ग्रामवासियों के लिए खाद्यान सामग्री रखने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी जिससे ग्रामीण को खाद्यान सामाग्री स्टोर करने की परेशानी समाप्त हो गई है! लोकार्पण करने पहुंची विधायक का ग्रामीणों ने नाच गाने के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि प्रदेश कि भाजपा सरकार सुदूर व् बीहड़ अंचल तक पहुंच कर कार्य करने वाली सरकार है! पिछले पांच सालों में विकास गति थम गई थी! प्रदेश सरकार ने मोदी जी के गारंटी महतारी वंदन योजना तहत

विवाहित महिलाओं को हर महीना एक हजार रुपए देने वाली व् तेंदूपता संग्राहकों को 5500 रुपये मानक बोरा देने के लिए केबिनेट में निर्णय कर लिया गया जो अतिशीघ्र डीटीबी के माध्यम से बैंक खाते में राशि जमा की जायेगी ! उन्होंने सरकार के अनेक जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे भी ग्राम वासियों को बताया ! इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ,मीनू कोर्राम ,मंडल अध्यक्ष बीजेपी ,जगन नाथ नेताम युवा प्रभार भाजपा ,महेंद्र नेताम वरिष्ठ कार्यकर्ता ,मिस्त्रिलाल नेताम ,सायाबो राम पोयाम ,मगंतुराम नेताम उपसरपंच हरिहंकर देवांगन ,शंकर मानिकपुरी ,श्रीमती लता सेठिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

ऑयल पॉम रोपण का शुभारंभ

■ कन्हारगांव में ऑयल पॉम रोपण का विधायक ने किया शुभारंभ

कोंडागांव/नवप्रदेश। विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम कन्हारगांव में ऑयल पॉम रोपण अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। विधायक द्वारा ऑयल पॉम रोपण का शुभारंभ करते हुए किसानों को प्रोत्साहित करते हुए इसके लाभों के संबंध में बताया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से आये 450 से अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि शासन द्वारा प्राप्त वन पट्टा प्राप्त भूमि पर जो बारदा नदी के दोनों ओर स्थित हैं। उनमें किसानों द्वारा ऑयल पॉम का रोपण करें। इससे उन्हें अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र का भ्रमण कर सप्ताह अंत तक ग्रामीणों से संपर्क कर कन्हारगांव में चयनित 115 कृषकों के 95 हेक्टेयर भूमि

पर ऑयल पॉम पौधा रोपण एवं अंतरवर्ती फसलों का रोपण भी कराने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की मंशानुसार अति संवेदनशील क्षेत्रों में पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर ग्राम कन्हारगांव, चनियागांव, मड़कड़ा, चिंगनार एवं अन्य समीपवर्ती ग्रामों में ऑयल पॉम की खेती हेतु रकबे का चयन किया गया है। इस अवसर पर सरपंच शांति नाग, उप सरपंच विष्णुराम यादव, झाड़ी राम सलाम, प्रशांत पात्र, उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव, हिमालय नेताम, दिग्विजय मरकाम, फगनूराम मरकाम, सेवक राम मरकाम, मोहम्मद नवाज, सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, बैसाखुराम बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण कृषक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार 31 जनवरी को

फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम पश्चिम बोरगांव से लेकर आलोर तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता की देखरेख के लिए विभाग के अधिकारियों को अनिवार्य तौर पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने 7 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन इस 7.725 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेटर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

■ मरीजों से पूछा हालचाल, पंजियों में प्रविष्टि का लिया जायजा

■ आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार लाने बीएमओ को दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से रु-ब-रु होने कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज नरहरपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरपुर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सीएचसी नरहरपुर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लिया और आवश्यक सुधार के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने

परिसर में स्थित एनआरसी औषधि भंडार कक्ष.प्रयोगशाला, एक्सरे कक्ष.ओपीडी, आईपीडी. आइसोलेशन वार्ड, ड्रेसिंग कक्ष आदि में जाकर सघन निरीक्षण किया तथा जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने बीएमओ को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थिति पंजी, भंडार पंजी सीजीएमएससी से दवाओं की आपूर्ति आदि पंजियों का बारीकी से परीक्षण किया तथा बीएमओ को अपेक्षित सुधार करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान कैम्पस में अनुपयोगी पानी को उपयोगी बनाने वाले ईटीपी प्लांट का भी मुआयना किया। साथ ही बंद स्थिति में पड़े जनरेटर को तत्काल सुधारने के भी निर्देश दिए। परिसर में संजीवनी एक्सप्रेस 108 का टायर पंक्चर होकर खड़े हुए देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश बीएमओ को दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की अत्यावश्यक और आपात सेवाएं किसी भी सूरत में बाधित नहीं होनी चाहिए। 10 बिस्तर की क्षमता वाले पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में 08 शिशु पाए गए।

शराब पीने से मना किया तो पति ने पत्नि की कर दी हत्या

■ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कांकेर/नवप्रदेश। पत्नी ने अपने पति को शराब पीने से मना करने पर कलयुगी पति ने शराब पीने मना करने पर पत्नी को पीट पीट कर उसकी हत्या कर दी पत्नि की हत्या के मामले में आरोपी पति को कोरर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 31जनवरी को प्रार्थी रमेश मंडावी पिता मेहर सिंह मंडावी उम्र 32 वर्ष साकिन हेटारकसा थाना कोरर जिला उ.ब. कांकेर के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, 31 जनवरी 2024 को 12.00 बजे मेरा बड़ा भाई रामसिंह मंडावी ने फोन करके बताया कि, बहन रमुला बाई जो ग्राम धनेली में शादी होकर गई है जिसका हत्या हो गया है ग्राम धनेली से खबर मिला है ग्राम धनेली जाकर देखो बताया कि, सूचना पर मैं ग्राम वनेली अपनी बहन के ससुराल में ग्राम धनेली में गया घर अंदर घुसा देखा

तो कमरे में मेरी बहन जमीन पर मृत हालत में पीठ के बल पड़ी थी बाये कनपटी कान के पास चोट लगा था कान से खून से खून निकाला था।तब घटना के संबंध में अपने दामाद सनउ राम गावडे को पूछा जो बताया कि 30 जनवरी 2024 को रात्रि10.00 बजे के करीबन मुझे रमुला बाई शराब पीते हो बोलकर झगड़ा किये एवं मेरे चरित्र पर शंका कर भरम भूत किये तब मैं गुस्सा में आकर घर के आंगन में पड़ा सरई झाड़ का डंडा से रमुला के बाये कनपटी एवं कान के पास चोट पहुंचाकर हत्या किया हूं। कि रिपोर्ट पर थाना कोरर में अपराध क्रमांक 12/2024 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया एवं घटना के सम्बध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर अपराध घटित होने से मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के द्वारा तत्परता पूर्वक एवं तत्काल कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर तथा अति.पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक चाणक्य नाग के नेतृत्व में उप निरीक्षक तुलसी राम कोसिमा व थाना कोरर स्टॉफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना के दौरान घटना स्थल से मृतिका के टुटी हुई कांच कि चुडी व अन्य साक्ष्य जप्ती कर आरोपी सनउ राम गावडे पिता मुरहा राम उम्र 32 साल साकिन धनेली को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ करने पर अपराध का करना कबूल किया एवं मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त सरई झाड़ कि डण्डा को तथा घटना के समय पहने जैकेट जिसमें खून के निशान है। को जप्त किया गया है।मामले में प्रार्थी गवाहन का कथन दर्ज कि गई मृतिका रमूला बाई गावडे उम्र 28 साल साकिन धनेली का शव पंचनामा।कार्यवाही कर सीएससी धनेली कन्हार पीएम कराया गया।विवेचना पर आरोपी सदर के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पायें।जाने से आरोपी को विधिवत 31जनवरी 2024 के 23.30 बजे गिर कर न्यायिक रिमाण्ड न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक तुलसी राम कोसिमा.प्र.आर.तिरथ गंधर्व.आर.रूद्र कुमार जुरी मनोज साहू.श्रवण ठाकुर सतीश कांगे म.आर.राजकुमारी तारम एवं थाना के अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

247 विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आज से प्री-बोर्ड परीक्षा

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में 02 फरवरी 2024 से समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुपरविजन के लिए बीईओ, एबीईओ व बीआरसीसी को टीम गठित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।

साथ ही जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मॉनिटरिंग टीम नियमित रूप से परीक्षा अवधि में निरीक्षण पर रहेंगे। इसके अलावा छमाही परीक्षा में मेरिट हेतु चिन्हांकित छात्र-छात्राओं का मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन भी विकासखंडवार करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों को आमंत्रित कर बच्चों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्री-बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का दायित्व अन्य संस्था को सौंपा गया है ताकि अच्छे से मूल्यांकन संभव हो एवं बच्चों के उत्तर पुस्तिका में मूल्यांकनकर्ता द्वारा और कैसे अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं, अपने टीप अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस प्रकार से दो विशेषज्ञों द्वारा टीप करने से छात्रों को आदर्श उत्तर लेखन हेतु उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि सभी बोर्ड परीक्षा के छात्र परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थित हों, एक भी छात्र परीक्षा से वंचित ना रहे। साथ ही प्रयास किया जाये कि परीक्षा अवधि के बीच में कोई भी छात्र परीक्षा से में अनुपस्थित ना रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनी में वार्षिक उत्सव व अलंकरण समारोह का आयोजन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर पवनी में वार्षिक उत्सव अलंकरण समारोह का आयोजन जनपद सदस्य शिव कुमारी नागेश के मुख्य आथित्य में किया गया,जिसमे विद्यालय रत्न यामिनी साहू को प्रदान किया गया,वही कक्षा रत्न में कक्षा प्रथम में युरानी साहू,उदय 'अ' में डिंकल साहू,उदय 'ब' मे लिथिएश बारले, प्रथम 'अ'में नंदिनी साहू, प्रथम ' ब' में युवनिका वैष्णव, कक्षा द्वितीय में डिंपल साहू, तृतीय में ओजस साहू, चतुर्थ में कशिश साहू, पंचम में मोक्ष साहू, सष्ट में धीरज साहू, सप्तम में खुशी साहू, अष्टम में हर्ष साहू,नवम में तनिष्का चेलक, दशम में यथार्थ वैष्णव को प्रदान किया गया।प्रतिभा सम्मान कि कड़ी में पिछले वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाला छात्र प्रशांत कुमार साहू,83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले श्वेता साहू, एवम 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सृष्टि साहू को सम्मान प्रदान किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के। भैया बहनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, देश भक्ति गीत,छत्तीसगढ़ी गीत,नाटक, भाषण, कविता के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम मे पावन उद्यान बाल कल्याण समिति पवनी के अरुण कुमार साहू,गोपाल प्रसाद साहू,मनोहर लाल,किरीत राम साहू, राजेंद्र कुमार साहू ,चमन लाल साहू ,घासीया प्रसाद साहू एवं अरुण कुमार साहू (प्राचार्य, स्त्रश्वस्र) , वेद प्रकाश साहु, नील कुमार चेलक,शशि भूषण स्नेही, देव साहू कुलदीपक साहू ,जितेंद्र चौहान ,मुकेश साहू , दौलत राम व विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य एवं दीदियां एवं अभिभावकगण के साथ - साथ समस्त नगरवासी भी उपस्थित रहे।

// सूचना //

सरपंच ग्राम पंचायत करिहा यह सूचित करता हैं कि ग्राम पंचायत करिहा तहसील चारामा जिला कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर (छ ग) पार्ट आफखसरा क्रमांक 735 रकबा 4.99 हेक्टेयर क्षेत्र पर साधारण रेत उत्खनन पट्टा प्राप्त करने हेतु राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ पत्र क्रमांक 2774/एस. ई.आई.ए .ए. छ. ग./रेत /2623नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29/01/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा हैं।

सरपंच ग्राम पंचायत करिहा
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ. ग)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, (वि.यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

नि.आ.सू. दिनांक 29/01/2024 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 12/02/2024
Physical Submission की अंतिम तिथि 16/02/2024

ऑनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	ऑनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	39	152272	Providing Operation & Preventive Maintenance of of Electrification installed in C.G. State Judicial Academy & Hostel Building, High Court, Bilaspur (C.G.) (including Annexure A,B,C&D)	24.97
2	40	152275	Providing Electrification work under MOW/Budget/ Deposit/SR/AR in RB/NRB building under Sub Division Sakti Distt-Sakti (C.G.)	30.87
3	41	152280	Providing supply, installation, testing & Commissitioning of Lift System with E/F work for for District Hospital Building Balrampur, Distt. Balrampur (C.G)	23.32

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं। र्यालय में देखी जा सकता है।

जी-07418/3

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	टेण्डर सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	125/17.01.2024	151527	Single Village work under JJm at Village-BAKIRA Block-Baikunthpur, District-Korea	28.43
2	126/17.01.2024	151528	Single Village work under JJm at Village-TENDUDAND & GIDDHDAND Block-Manendragarh, District-Korea.	54.07
3	127/17.01.2024	151529	Construction of over head tank Single Village work under JJM at Village-ANJOKHURD Block-Baikunthpur, District-Korea	8.94

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक-05.02.2024 तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-07396/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बैकुण्ठपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

उज्जैन और काशी की तर्ज पर बनेगा राजिम कॉरीडोर, केंद्र से मांगा सहयोग

पर्यटन व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से की मुलाकात, माँ बम्लेश्वरी देवी प्रसाद योजना के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री आएंगे छत्तीसगढ़

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुये छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए राशि केंद्रीय बजट से स्वीकृत करने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने शक्तिपीठ परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के पाँच शक्तिपीठों को जोड़ने एवं विकसित करने, राजिम कॉरीडोर के निर्माण सहित पुरखौती मुक्तांगन में कन्वेन्शन सेंटर बनाने के लिए केंद्र से सहयोग मांगा।

केंद्रीय मंत्री से उनके कार्यालय में मुलाक़ात के दौरान संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 63 राज्य संरक्षित स्मारक हैं। संरक्षित स्मारकों, अवशेषों, पुरास्थलों और संग्रहालयों के अनुरक्षण और विकास कार्य सहित पुरातात्विक गतिविधियों के संचालन के लिए 1965 लाख की राशि का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने केंद्रीय बजट से स्वीकृति का अनुरोध किया।

उन्होंने उज्जैन और काशी में बनाये गए भव्य कॉरीडोर की तरह राजिम मंदिर परिसर को विकसित करने विकास कार्यों व जीर्णोद्धार की आवश्यकता बताई। उन्होंने

केंद्रीय मंत्री से राजिम मंदिर परिसर के भव्य आकर्षक और गरिमामय ढंग से विकसित करने के लिए कॉरीडोर बनाने हेतु 75 करोड़ की राशि स्वीकृत करने की मांग की।

श्री अग्रवाल ने बताया कि चार धाम के तर्ज पर छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण धार्मिक आस्था के केन्द्रों को शक्तिपीठ परियोजना के तहत विकसित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के पाँच शक्तिपीठ सूरजपुर के कुदरगढ़, चन्द्रपुर के चन्द्रहासिनी मंदिर, रतनपुर के महामाया मंदिर, डोंगरगढ़ के बम्लेश्वरी मंदिर और दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर में चरणबद्ध ढंग से सुविधाएं विकसित की जाएगी। उन्होंने इसे पर्यटन मंत्रालय की योजना में शामिल कर स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने पुरखौती मुक्तांगन का लोकार्पण किया था। देश-विदेश से आने वाले लोक कलाकारों और अतिथियों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए एक कन्वेन्शन सेंटर की आवश्यकता लंबे समय से महसूस हो रही है। उन्होंने इसके लिए 50 करोड़ की राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।

इसके साथ ही उन्होंने प्रशाद योजनांतर्गत माँ बाघेश्वरी मंदिर, कुदरगढ़, सिरपुर के विकास कार्यों की स्वीकृति तथा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत चयनित जगदलपुर एवं बिलासपुर डेस्टिनेशन के लिए पीडीएमसी (प्रोजेक्ट डेव्लपमेंट एंड मैनेजमेंट कंसल्टेंट) चयन कर क्रियान्वयन के लिए राशि स्वीकृति का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री को लोकार्पण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री को मां बम्लेश्वरी देवी प्रसाद योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण भी दिया। जिस पर उन्होंने 15 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ आने की बात कही है।

न्यूज गैलरी

पांच शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

चांपा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा समूह द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विकासखंड से एक -एक शिक्षकों का चयन करना था जिसमें से जिला जांजगीर चांपा के 5 शिक्षकों का चयन हुआ। अकलतरा ब्लाक से बबीता कुर्रे ,बलौदा ब्लाक से रजिया अंजुम शेख, बम्हनीडीह ब्लाक से गौरी भूमें, नवागढ़ ब्लाक से यामिनी चंद्राकर, पामगढ़ ब्लाक से हेमंत यादव का नवाचारी शिक्षक के रूप में चयन हुआ है येअपने कक्षा में नए-नए नवाचार करते रहते हैं। जिनके कारण इनकी कक्षा रोचक और प्रभावशाली रहती है। इनके द्वारा बच्चे हमेशा अच्छे अंक प्राप्त करते रहते हैं इसी उद्देश्य के साथ इनको नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान दिया गया है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

फीस पटाने के नाम पर 3 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा विश्वविद्यालय धनेली में कॉलेज का फीस पटाने के नाम पर 3 लाख 35 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने एचओडी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोमल जांगड़े 33 वर्ष सेजबहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मोनिका मिश्रा श्रीरावतपुरा विश्वविद्यालय धनेली में एचओडी के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि आरोपी ने प्रार्थी व अन्य लोगों से कॉलेज का फीस पटाने के नाम पर नकद व फोन पे के माध्यम से 3 लाख 35 हजार रुपए लेकर ठगी के वारदात को अंजाम दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। दीक्षा नगर गुढ़ियारी में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से दीक्षा नगर गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी रोशन यादव 30 वर्ष ने थाना में शिकायत की है कि आरोपी आकाश यादव व विकाश यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर हाथ मुक्का, चैन एवं बल्ली से मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी आकाश यादव 23 वर्ष ने थाना में शिकायत की है कि आरोपी रोशन यादव, अनीता यादव व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट की। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सिटी मॉल के पास से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। सिटी माल सुराना सेंटर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकास सोना 27 वर्ष पार्वती नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 7559 को सिटी मॉल सुराना सेंटर के पास रखा था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुर्गा चौक अशोक नगर में दबिश देकर सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल व नकदी 5800 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने दुर्गा चौक अशोक नगर में दबिश देकर आरोपी बल्लू बंजारे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल व नकदी 5800 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 41 पाव देशी शराब, 6 अद्धी व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने जब्बार नाला के पास आरोपी मनोज नायक 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 अद्धी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने ग्राम बनरसी नहर पुलिया के पास आरोपी बल्लू यादव 50 वर्ष को 19 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने बनरसी नहर रोड के पास आरोपी तुलेश बैस 20 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 5 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कृष्ण कुमार चौधरी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी कोमल साहू 30 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी डेविड बांदे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी लोकेश चौधरी 52 वर्ष व नूर मोहम्मद 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

11 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आनंद चौक सांकरा में धरसींवा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 11 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आनंद चौक सांकरा में दबिश देकर आरोपी रवि सायतोड़े 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक बोरी में 11 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

ठग लैब टैक्नीशियन केस में पांच और नई शिकायतें

सुकमा/नवप्रदेश। नवप्रदेश में लगातार प्रमुखता से खबर प्रकाशन के चलते ठग लैब टैक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े के खिलाफ शिकायतों की झड़ी लग गई है। इस दौरान 31 जनवरी को 5 और पीड़ितों ने जांच अधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंच कर लैब टैक्नीशियन द्वारा ठगी मामले में लिखित शिकायत की है। सभी शिकायतकर्ताओं ने ठग लैब टैक्नीशियन द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर 30 से 50 हजार रुपए की ठगी करने का आरोप लगाया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर जांच की मांग की गई थी। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि

उन्हें सिर्फ एक ही शिकायत मिली है। और कोई शिकायतकर्ता हों तो उन्हें शिकायत कर सकते हैं।

नवप्रदेश लगातार

बचाने के प्रयास में अपना रहा साम,दाम,दण्ड,भेद की नीति

ठगी मामले को लेकर राजेंद्र सोढ़ी,राम लाल नाग,नवल सिंह नाग,पदम चक्रधारी वीरेंद्र कुमार नेगी आदि शिकायतकर्ताओं ने ठग लैब टैक्नीशियन पर नौकरी करने के नाम पर ठगी के साथ साथ खुद को आरोपों से बचाने के लिए पीड़ितों पर साम, दाम, दंड,भेद की नीति अपनाने का आरोप भी लगाया हैं। शिकायत पत्र के आधार पर ठग लैब टैक्नीशियन द्वारा दबाव बनाकर पीड़ितों से कोरे कागज पर हस्ताक्षर लिए जाने का आरोप लगाया है।

प्रशासनिक कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

लैब टेक्नीशियन के खिलाफ पूर्व में भी इस प्रकार के मामले में कई बार शिकायत पीड़ितों द्वारा की गई। लेकिन वैधानिक कार्यवाही का अभाव और मिल रहे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संरक्षण प्राप्त होने के कारण आजपर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि आए दिन

नहीं हुई कार्यवाही तो करेंगे चक्काजाम

मामला धीरे धीरे राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है। सीपीआई के बाद अब बसपा के जिलाध्यक्ष सुलेमन गाडा ने पीड़ितों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंच कर मामले पर शिकायत दर्ज कराते हुए कहा की मामले में जिला प्रशासन और जांच अधिकारी दोषी पर जल्द कार्यवाही करें अथवा बसपा पीड़ित आदिवासी युवकों के साथ मिलकर जिलाभर में चक्काजाम करेगी। इसके जिम्मेदार जिला प्रशासन और जांच अधिकारी होंगे।

- सुलेमन गाडा, बसपा जिलाध्यक्ष

मामले के लेकर नए-नए कारनामों का खुलासा हो रहा है। यह कोई इक्का दुक्का मामला नहीं हैं सालों से ठग लैब टैक्नीशियन द्वारा सुकमा जिला अस्पताल में नौकरी के नाम पर ठगी करने का गोरख धंधा चला रहा है। इस मामले पर जिला प्रशासन के द्वारा गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली पर इस बात को कहने में कोई भी अतिशयोक्ति नहीं है की जिले में लंबे अरसे से हो रहे इस तरह के संवेदनशील मामलों में जिला प्रशासन अपने अधिनस्तों को शह देकर स्थानीय आदिवासी युवाओं को लगातार ठगी का शिकार बनाने में बखूबी अपनी भूमिका निभा रहा हैं। जबकि मामले को लेकर जांच अधिकारी एसडीएम सुकमा को मोबाइल के माध्यम से संपर्क करने पर उनके द्वारा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

वार्षिकोत्सव में जमकर थिरके बच्चे

- **स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अपेक्षाएं 1.0 का आयोजन**

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी और अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पवनी में वार्षिक उत्सव %अपेक्षाएं 1.0 का आयोजन 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ। इसके मुख्य अतिथि से.नि.प्राचार्य पी.एस. ठाकुर,विशिष्ट अतिथि नंद कुमार साहू तथा अध्यक्षता एम.के. श्रीवास ने किया।अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ फलदार पौधे देकर किया गया,कुल 38 कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिनमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम को देखने लोगों की

भारी भीड़ उमड़ी जिससे कार्यक्रम स्थल खचाखच भर गया।नगर में इस तरह का कार्यक्रम पहली बार होने से लोगो मे काफी उत्सुकता रही।बच्चों ने नाटक, प्रहसन, गीत,देशभक्ति गाना, छत्तीसगढ़ी गाना,पंजाबी गाना, उड़िया गाना, पंथी नृत्य,रीमिक्स गीत आदि में अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया, कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम. एल. साहू एवम आभार प्रदर्शन प्राचार्य ए. के.साहू ने किया।

अतिक्रमण करने हसदेव नदी में डाल रहे हैं राखड़

कोरबा/नवप्रदेश। अवैध कब्जा करने के लिए गेरवाघाट में राताखार पुल के निकट हसदेव नदी में राखड़ डाला जा रहा है। नदी के पानी बहाव क्षेत्र में अब तक 30 एक से भी अधिक जगहों पर कब्जा किया जा चुका है। भू-माफियाओं पर पर्यावरण विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की वजह नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है।

हसदेव नदी के तट पर अब तक सब्जियों की खेती की जाती थी। अब यह पूरी तरह भू-माफियाओं के निशाने पर हैं। नदी को राखड़ से पाट कर प्लाट तैयार किया जा रहा है। राताखार पुल से प्रगति मार्ग अब तक दर्जन भर से अधिक लोगों ने प्लाट तैयार कर लिया है। बेशकीमती जमीन होने के कारण यहां कब्जा करने वालों की होड़ लग गई। इस कार्य कार्य राखड़ परिवहन से लगे वाहन चालकों की भी चांदी हो गई है। क्षेत्र में प्रतिदिन हाईवा से राखड़ डंप किया जा रहा है। नदी की जमीन को अधिग्रहित करने के लिए पहले ईंट की दीवार खड़ी की जा रही है। इसके बाद उसमें राखड़ भर सड़क के बराबर तक लाकर समतल किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिस स्थान पर बेजाकब्जा किया जा रहा है वहां जल संसाधन विभाग ने एनीकट का निर्माण करा रखा है।

किसान मेले में दुकान आवंटन पर सवाल

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा का प्रसिद्ध किसान मेला प्रारंभ हो चुका है। नगर पालिका द्वारा दुकान आवंटन को लेकर आवेदन भी लिया गया था, बावजूद दुकान आबंटन को लेकर भारी गहमागहमी का माहौल है। कटघोरा व आसपास के व्यापारियों को दुकान लगाने प्राथमिकता के आधार पर नगर पालिका द्वारा दुकान आबंटित की जाती है, लेकिन कुछ दुकानदार अपने आबंटित दुकानों को दूसरे दुकानदारों को बेच देते हैं और जरूरतमंद दुकानदार इससे वंचित रह जाते हैं। मेला शुरू होने के बाद भी कुछ व्यापारी दुकान के लिए मेले में भटकते नजर आ रहे हैं। नगर पालिका द्वारा दुकान आबंटन को लेकर जो प्रक्रिया प्रारंभ की थी उसके आधार पर मेले में आबंटित दुकानदार कम ही नजर आएंगे। इनमें अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानों को दूसरे व्यापारियों से रकम देकर बेच दी जाती है। ऐसा नहीं है कि नगर पालिका को इसकी जानकारी नहीं है, बावजूद नगर पालिका द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

महिलाओं से कराई जा रही गांजे की तस्करी

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस की सख्ती के बाद गांजा तस्करों ने तस्करी करने का तरीका बदल दिया है। गांजा तस्कर गांजा तस्करी करने अब महिलाओं को माध्यम बना रहे हैं। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने स्थानीय के बजाय ओडिशा में मुखबिर तंत्र तैयार किया गया है, उन्हीं के माध्यम से गांजा तस्करों के बारे में जानकारी मिलती है। राजधानी रायपुर के टिकरापारा और तेलीबांधा थाने की पुलिस ने पिछले सवा महीने में एक क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त की है। टिकरापारा थाना क्षेत्र में जब से अंतरराज्यीय बस स्टैंड बना है तब से यह एक हब बना गया है। पुलिस ने वहां से महिलाओं को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार भी किया है। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्री के निर्देश के बाद पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक महीने में दो क्विंटल के करीब गांजा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की अब तक कार्रवाई में एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई है। गांजा तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए गांजा लाने फलों का भी उपयोग करते हैं। तस्कर गांजा को फलों के बीच में छिपाकर इसे सैलो टेप से टाइट बांध देते हैं और अन्य फलों के बीच छिपा देते हैं। इस प्रकार की तस्करी ज्यादातर महिलाएं करती है। गांजा का अवैध कारोबार करने वाले लोग बल्क में गांजा मंगाने की बजाय पुलिस से बचने के लिए सीमित मात्रा में एक से दो किलो के बीच गांजा मंगा रहे हैं।

ओडिशा से तस्करी के माध्यम से गांजा लाने वाले कुरियर बाय को अपने गंतव्य से निकलने के बाद अहसास हो जाता है कि उनकी मुखबिरी हो गई है। इसके चलते कुरियर बाय बस में चढ़ने के बाद 25-50 किलोमीटर दूर किसी गांव या कस्बा का टिकट लेता है। इसके बाद वह वाहन बदल-बदलकर रायपुर पहुंचने के बाद संबंधित को गांजा आपूर्ति करते हैं। वहीं, रायपुर से ही दूसरे राज्यों में भी गांजा भेजा जाता है।

बीईओ आफिस में गाली-गलौज और छात्राओं का पीछा करने वाला शिक्षक निलंबित

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। बीईओ कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारी से गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देने और शासकीय काम में बाधा पहुंचाने वाले प्रधान पाठक होशेलाल टंडन एवं छात्राओं से मारपीट करने और स्कूल से घर तक उनका पीछा करने के मामले में शिक्षक मयंक शर्मा को बिलासपुर के संयुक्त संचालक आरपी आदित्य ने सस्पेंड कर दिया है। उपरोक्त दोनों शिक्षकों के विरुद्ध मिली शिकायत की जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक ने यह कार्यवाही की है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिपुर विकासखंड गौरेला में पदस्थ प्रधान पाठक होशेलाल टंडन के द्वारा 29 दिसंबर को बीईओ कार्यालय गौरेला में जाकर अधिकारी एवं कर्मचारी से गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी गई थी। इसकी शिकायत गौरेला के बीईओ डॉ. संजीव शुक्ला ने जीपीएम जिले की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया से की थी। इसके बाद कलेक्टर द्वारा इस मामले की जांच कराई गई थी और होशे लाल टंडन को कारण बताओ नोटिस जारी कर उसे जवाब भी मांगा गया था। परंतु समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया था। उक्त मामले में जांच के बाद कार्यालय कलेक्टर जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पत्र दिनांक 24 जनवरी द्वारा होशे लाल टंडन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला हरिपुर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की गई थी। जिसके आधार पर बिलासपुर के संयुक्त संचालक ने बुधवार को होशे लाल टंडन को सस्पेंड कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न कर दिया है। इसी तरह से पूर्व माध्यमिक शाला कन्या सारबहरा में पदस्थ शिक्षक मयंक शर्मा के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री को शिकायत मिली थी कि शिक्षक मयंक शर्मा के द्वारा आवंटित किया गया अध्यापन कार्य नहीं कराया जाता है तथा छात्राओं के साथ मारपीट की जाती है। शिकायत में यह भी कहा गया था कि मयंक शर्मा विलंब से स्कूल आते हैं और प्रधान पाठक के निर्देशों का पालन नहीं करते बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी देते हैं। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा भी मयंक शर्मा पर आरोप लगाया गया था कि शर्मा छात्राओं से गलत हरकत करते हैं एवं उनका पीछा घर तक करते हैं। उपरोक्त शिकायत की जांच के बाद डीईओ जेके शास्त्री के जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक मयंक शर्मा को संयुक्त संचालक के द्वारा सस्पेंड कर उन्हें बीईओ कार्यालय गौरेला में अटैच कर दिया गया है।

न्यूज गैलरी

सांसद की अनुशंसा पर 8 निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख की मंजूरी

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सांसद निधि से 8 निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख 92 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पोंड़ में गायत्री मंदिर चौक वार्ड नं. 10 में व पंचायत कोसमबुड़ा में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के लिए 5-5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदाखुर्द के वार्ड नंबर 03 में सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 96 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बहेरापाल में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम बकली में कारीगरों के लिए शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत फुलकर्रा में वार्ड नं. 7 आंगनबाड़ी से डोंगरीपारा तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 98 हजार रूपये, ग्राम बारूला के वार्ड नं. 8 बाजार चौक से दिनेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 98 हजार रूपये और नगर पंचायत राजिम के वार्ड नं. 6 वीप्र भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

प्राकृतिक आपदा के 7 प्रकरण में 28 लाख की मदद

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 7 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम नाऊमुड़ा निवासी 14 वर्षीय देवनारायण नेताम की 24 अगस्त 2023 कोक सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी माता शिवरात्रि को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह मैनपुर तहसील के ही ग्राम जिडार निवासी 50 वर्षीय रामनाथ मरकाम की 26 अगस्त 2023 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी पत्नि दयाबाई को 4 लाख रूपये, ग्राम तुहामेटा निवासी 55 वर्षीय कमशीला बाई की 13 जुलाई 2023 को सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उसके पति सोनूराम को 4 लाख रूपये तथा राजिम तहसील के ग्राम रावड़ निवासी 20 वर्षीय उमाबाई पटेल की 24 नवम्बर 2021 को आग में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति श्री झम्मन पटेल को 4 लाख रूपये, ग्राम देवरी निवासी 73 वर्षीय लक्षवंतीन बाई की 17 नवम्बर 2022 को आगम में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पुत्र जगमोहन साहू को 4 लाख रूपये, ग्राम बासीन की 29 वर्षीय सोनिया टोंडरे की 27 सितम्बर 2022 को आग में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति अमरदास टोंडरे को 4 लाख रूपये तथा ग्राम कुम्ही निवासी 35 वर्षीय सुभाष की 30 जनवरी 2023 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी तुलसीबाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

सेवानिवृत्ति पर 7 को मिला पेंशन प्राधिकार पत्र

नगरी/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 7 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों से कहा कि आप लोगों का शासकीय सेवक के रूप में दिया गया योगदान अमूल्य है। आपने जीवन का अधिकांश हिस्सा सरकारी काम को दिया है। प्रशासन का फर्ज है, कि आपको सेवा के अंतिम दिन आपके सभी स्वत्वों का भुगतान और पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता समय पर प्रदाय किया जा रहा है, ताकि आमजनों को शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा कायम रहे। कलेक्टर सुश्री गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे का अमूल्य समय परिवार, समुदाय-समाज को देने और स्वस्थ रहने की कामना की। कलेक्टर सुश्री गांधी ने आज सेवानिवृत्त हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा के व्याख्याता दिनेश चन्द्र खत्री, विकासखण्ड नगरी के प्रधानपाठक गोपी चंद यादव, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला शिव कुमार कंडरा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी के उच्च श्रेणी शिक्षक कल्पना चन्द्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मगरलोड के उच्च श्रेणी शिक्षक भगतूराम साहू, विद्युत यांत्रिकी भारी संयंत्र संभाग महानदी जलाशय परियोजना रूद्री के चौकीदार लक्ष्मण और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद के प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल दीपक कुमार कामड़े को आज पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय किया।

मेघा को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा सम्मान से नवाजा गया

भाटापारा/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला टिकुलिया में सहायक शिक्षक के रूप मे पदस्थ शिक्षिका मेघा वर्मा सोलंकी को ,शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने के लिए नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा सम्मान से रायपुर में सम्मानित किया गया।

अपने को मिले सम्मान के लिए मेघा वर्मा ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, अपने समन्वयक, प्रधान पाठक राजपूत व समस्त सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार जताया है। सम्मान से वशीभूत मेघा वर्मा सोलंकी का मानना है कि वो कोई भी अलग काम नहीं करती। बस हर काम को अलग तरीके से करती है। वो बच्चों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी बनाये रखने और बच्चों की उपस्थिति को बनाये रखने के लिए अलग अलग तरीके जैसे बिल्लस ,अंताक्षरी , रंगों के खेल आदि के जरिये बच्चों को ज्ञान देती है। वहीं कहानी कविताएं गीत आदि से बच्चों को प्रोत्साहित करती है।

मेघा वर्मा सोलंकी का स्पष्ट कहना है कि गांव के बच्चे को अच्छा अवसर दिया जाए तो वे भी अपना एक अच्छा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि अलग अलग तरीके से पढ़ाना जैसे टी एल एम, गतिविधियों द्वारा गीत कविता द्वारा चित्र द्वारा खेल के द्वारा वो पहली एवं दूसरी के बच्चों को पढ़ाती है।। उनका कहना है के ये बस सफर की शुरुवात है।। उनको सच्ची उपलब्धि तभी मिलेगी जब उनके पढ़ाये बच्चे भविष्य में सफल होंगे उनका यह कार्य तब तक निरंतर जारी रहेगा। वे प्राथमिक शाला टिकुलिया में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। इस सम्मान के लिए रामजी पाल ब्लाक शिक्षा अधिकारी ,लेखराम साहु बीआरसीसी, समन्वयक, प्रधान पाठक सहित समस्त सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया है जिनके सहयोग से उनको ये सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व भी मेघा वर्मा को भाटापारा ब्लॉक् से 4 शिक्षकों के साथ शिक्षा दूत का भी सम्मान मिल चुका है।

थाना प्रभारी ने ली डीजे और धुमाल संचालकों की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर थाना परिसर में थाना प्रभारी ने डीजे व धुमाल संचालकों की बैठक ली और उन्हें स्पष्ट रूप से बिना अनुमति डीजे व धुमाल ना बजाने की चेतावनी दी और निर्देशों का उल्लंघन होने पर सीधे कार्यवाही की बात कही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देश पर शहर थाना परिसर में थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने डीजे व धुमाल संचालकों की बैठक ली। जिसमें प्रभारी ने उपस्थित डीजे व धुमाल संचालकों को कोलाहल अधिनियम व सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत कार्य करने की हिदायत दी। वहीं उन्होंने संचालकों को विधिवत एस डी एम की अनुमति के बाद ही डीजे बजाने तथा रात 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे नही बजाने की सख्त चेतावनी दी ।थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में 10 वीं व 12 वी बोर्ड की परीक्षा होनी है। जिसके मद्देनजर बच्चों की पढ़ाई कोलाहल की वजह से प्रभावित नहीं होनी चाहिए साथ ही कोई भी संचालक बिना अनुमति डीजे या धुमाल बजाते पकड़ा जाता है तो उसके ऊपर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं उसके बाद भी यह कृत्य दोहराया गया तो जुर्माने के अलावा वाहन राजसात की कार्यवाही की जाएगी । बैठक में काफी संख्या में डी जे और धुमाल संचालक गण उपस्थित थे।

श्रृंगी ऋषि स्कूल में खेल स्पर्धा आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। विद्यालय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, कुर्सी दौड़, स्लो साइकिल रेस, स्कीपिंग , कबड्डी, खो- खो क्रिकेट आदि खेलों का आयोजन किया गया था । जिसका प्रमाण पत्र , मेडल एवं पुरस्कार से सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। 26 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । जिसमें विद्यालय के बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत, देश भक्ति नृत्य,छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति नृत्य, का आयोजन किया गया था। जिसके सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य एस के प्रजापति ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभाएं निखरती है और सभी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। वास्तव में यह आयोजन एक प्रशंसनीय कार्यक्रम था । जिसमें सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधान पाठक एस पी चक्रधारी , प्रधान पाठिका सुश्री निधि राठौर , प्रधान पाठिका माध्यमिक विभाग चैन चौधरी एवं शिक्षकों में एल साहू , चैतन कुमार डडसेना , मानसिंह साहू, देवकुमार प्रभात यादव , चित्रलेखा मोहबे भारती शर्मा , श्रीमती तिलोत्मा बाग , चांदनी साहू , सोनाली सोनी, मीनाक्षी ठाकुर राजनंदनी साहू आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे । खेलस्पर्धा पी टी सर खेमराज साहू एवं सैमुएल मशईह के मार्गदर्शन में आयोजित था। उक्त कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के शिक्षक सी के डडसेना के द्वारा दी गई है।

हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन अब 2 अप्रैल तक चलेगी

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की मांग को ध्यान रखते हुये रेलवे के द्वारा सिकंदराबाद-रक्सौल के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार 2 अप्रैल तक किया गया है। वहीं प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से चलने वाली 07051 हैदराबाद रक्सौल स्पेशल के परिचालन में विस्तार 30 मार्च किया गया । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल के परिचालन में विस्तार 2 अप्रैल तक किया गया।

बापू की पुण्यतिथि पर नशामुति जागरुकता रैली

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को ग्राम पंचायत भरसेला (बड़ा) में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति कार्यकम आयोजन किया गया।

जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एवं प्रचार-प्रसार कार्यकम का आयोजन किया गया, 62 भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा बलौदाबाजार विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम भरसेला (बड़ा) में भारत माता वाहिनी समूह योजना के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं के बैनर, पाम्प्लेट भी वितरण किए गये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव,पंचगण,समाज शिक्षा संगठक एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार के कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति थे।

धान खरीदी 4 फरवरी तक, शनिवार और रविवार को भी होगी खरीदी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। गौरतलब है कि राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। धान खरीदी के लिए मात्र एक दिन और शेष है। मुख्यमंत्री साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है।

जमीनों की हेराफेरी मामले में पटवारी निलंबित

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। षडयंत्र पूर्वक जमीनों की हेराफेरी करने के आरोप में बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम दशरमा में पदस्थ तत्कालीन पटवारी नंद राम साहू को कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित किया है।

आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू निवासी पहंदा रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण पदुमनलाल साहू पिता चैतूराम साहू निवासी ग्राम दशरमा एवं 01 अन्य द्वारा तत्कालीन पटवारी नंदराम साहू, प.ह.नं. 18, दशरमा के साथ षड्यंत्र पूर्वक ग्राम दशरमा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं.47/1, 47/4 रकबा 0.021 हेक्टेयर, जो लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास रोड हेतु अधिग्रहित किया गया था। उसका बिक्री नकल जारी कर आवेदक को विक्रय कर दिया गया है। उक्त शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार से कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार द्वारा जांच दल का गठन किया गया।

जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्य प्रथम दृष्टया सही पाया गया। जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) एवं (3) के सर्वथा विरूध्द है। अतः छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियम 9 के प्रावधानानुसार तत्कालीन पटवारी हल्का नं.-18, दशरमा नंदराम साहू, वर्तमान पटवारी ह.नं-04, रसेड़ा तहसील बलौदाबाजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है तथा विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसके साथ ही छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14(2) 5 (क) के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार को विभागीय जांच अधिकारी एवं छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14 (5) (ग) के अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समर्थन मूल्य से अधिक दर पर बिका महामाया धान

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी भाटापारा के मंडी प्रांगण में विपणन कार्य हेतु आये कृषि उपज धान महामाया समर्थन मूल्य से अधिक दर 2612 रुपए में विक्रय हुआ है।मंडी प्रांगण में महामाया धान की आवक 17714 बोरा सहित सरना,राजा मोटा, श्रीराम, विष्णु भोग के अलावा उन्हारी चना गेहू कुटकी सोयाबीन सहित कुल आवक मंडी प्रांगण में 21866 बोरा का आवक है जिसमें भाव इस तरह से है महामाया धान 2340 से 2612, सरना 2050से 2115,राजा मोटा धान 1950 से 2160 , विष्णु भोग धान 3150 से 3250, श्रीराम धान 2981 से 3026, उन्हारी में गेहू 2400 से 2600, चना 5310 से 5481, कुटकी 1310, सोयाबीन 2490 का भाव में बिका है।

कुष्ठ जागरूकता रथ 13 तक गांवों में करेगा भ्रमण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 'कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना' के संदेश के साथ लोगों को कुष्ठ के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसकी शुरुआत महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर 30 जनवरी को कुष्ठ जागरूकता प्रचार रथ को रवाना करके हुई। इस दौरान सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ के माध्यम से गांव गांव जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत गाँव-गाँव घर-घर दस्तक देकर स्वास्थ्य कर्मी एवं मितानिन के द्वारा कुष्ठ रोग की जांच की जाएगी। जिससे शीघ्र कुष्ठ रोगी की पहचान कर उनका उपचार प्रारंभ किया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि देश को कुष्ठ मुक्त करने के लिये हर संभव प्रयास किया जा रहा है। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत सामूहिक रूप से कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के खिलाफ कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उन्हे मुख्यधारा में लाने का प्रयास करेंगे। अभियान अन्तर्गत पंचायती राज संस्थाओ, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आदि के समन्वय से राष्ट्र व्यापी ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर जागरूकता संदेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुष्ठ माइको बैक्टीरियम लेप्री से होने वाला रोग है। यह अनुवांशिक रोग नहीं है। यह पहले से पापों एवं बुराइयों के कारण नहीं होता है। कुष्ठ के मुख्य लक्षण त्वचा के रंग में बदलाव तथा संवेदना में कमी आना है। यदि किसी को शरीर में इन लक्षणों के संकेत मिलते है, तो वह मितानिन, नर्स एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर इसके लिये समुचित दिशा निर्देश प्राप्त कर सकते है। सभी सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ का उपचार मुफ्त किया जाता है। कुष्ठ का पूरी तरह ईलाज संभव है। शीघ्र परामर्श तथा सही समय में ईलाज से कुष्ठ बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है, और विकलांगता से बचाया जा सकता है।

जीएनए कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। अंचल के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित महाविद्यालय शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा की सांस्कृतिक समिति के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना करके किया गया। सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ.शशिकिरण कुजूर ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. श्रीमती पूर्णिमा साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया और साथ ही वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें सालभर की गतिविधियों खेल, एन.एस.एस., रेडक्रॉस, आधारभूत संरचना, वि.वि. की प्रावीण्य सूची में दो छात्राओं का स्थान प्राप्त करने आदि की जानकारी दी। इसके पश्चात 94.3 माय एफ एम द्वारा माय कैम्पस स्टार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 25 प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने गायन, एकल नृत्य और समूह नृत्य के जरिये अपने-अपने हुनर से विद्यार्थियों की तालिया बटोरी। इस कार्यक्रम का संचालन आर.जे. अनिमेश ने किया जो छ.ग. एवं म.प्र. के नंबर वन आर.जे. है साथ ही यूनीसेफ द्वारा पुरस्कृत भी है। बीच-बीच में उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे-छोटे किस्सों से प्रेरित किया और गुदगुदाया भी। इस ऑडिशन में निर्णायक के रूप में छ.ग. फिल्म अभिनेता मनोज राजपूत उपस्थित थे। इसके बाद कालेज के प्रतिभावान छात्रों को मोमेन्टो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसका संचालन राजन तिवारी, डॉ. सुशीला साहू एवं दीपक यादव ने किया। आभार व्यक्त डॉ. विकास गुलहरे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.उमाकांत मिश्र, डॉ. अनिता सरीन, डॉ.आनंद मिंज, जितेन्द्र यादव, अशोक वर्मा, डॉ. प्रीति सोनी, मनीष कुमार सरवैया, श्रीमती रेखा कश्यप, रोहन अग्रवाल, श्रीमती ऋताम्भरा चौहान, डॉ.सुमित पंत, डॉ.दीपिका त्रिपाठी, सुश्री इंद्राणी मरकाम इत्यादि एवं रा.से.यो. के स्वयं सेवक लीलेश्वर साहू, शकुन, कोमल , करण, प्रशांत, किशन, उषा ध्रुव, अर्जुन, अम्बा ध्रुव, सीमा, झरना आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवक और एक अन्य महिला ने लगाई फांसी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम लटोरी घूमका पारा में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कौशल कुमार पिता गंगाराम उम्र 19 साल जाति गोड 30 जनवरी की रात अपने ही घर के समीप नीम पेड़ मे नायलॉन रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। वहीं दूसरे मामले में शीला पैकरा पति मोहन राम 45 वर्ष जाति कंवर साकिन ग्राम कटकोना ने सेन्धूआर पेड़ के डगाल में अपने साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर जान दे दी। दरअसल मृतिका टीबी बिमारी से ग्रस्त थी। दोनों घटना 30 जनवरी की है।सूचना पर 31 जनवरी को पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है तथा मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

अंग्रेजी शराब की तस्करी आरोपी जेल दाखिल

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम बगदरी पुल के पास गस्त के दौरान मुखबिर के सूचना पर लखनपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में ले जा रहे। अवैध अंग्रेजी शराब गोवा ब्रांड कुल मात्रा 380 नग 68 लीटर 400 मिलीलीटर किमती 41800/ रूपये एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जप्त किये थे । शराब ला रहे दोनों आरोपी घटनास्थल पर अपने वाहन छोड़ कर रात के अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गये थे। लखनपुर पुलिस मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट क़ा अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों का पता तलाश करने जुटी थी। आखिरकार विवेचना के दौरान लखनपुर पुलिस तीसरे दिन अवैध अंग्रेजी शराब कारोबार के दोनों तस्करों को गिरफतार करने में सफलता हासिल किया है। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी ने बताया कि पुलिस पूरी तत्परता के साथ मामले में संलिप्त आरोपी दिल बोधन सिंह आत्मज समय लाल जाति गोंड उम्र 29 साल तथा दूसरा परमेश्वर सिंह आत्मज नारायण सिंह जाति गोंड उम्र 20 साल दोनों साकिन ग्राम निम्हा मुहल्ला दमऊकुंड थाना उदयपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

कातिल मां की तालाब में तैरती लाश से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र लखनपुर के कुन्नी चौकी अंतर्गत बड़का मुंडा तालाब कुन्नी में महिला फूलकुमारी पति पवन राम चौहान उम्र 22 साल साकिन ग्राम सकरिया की तैरती लाश मिलने से आसपास में सनसनी फ़ैल गई है। दरअसल पति पत्नी के आपसी तकरार के वजह से मकतुला ने 25 जनवरी की रात अपने 7 माह के दूधमुंहे मासूम बच्चे का चाकू से क़त्ल कर मौके वारदात से फरार थी। बुधवार को तालाब में महिला की तैरती लाश मिलने से मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। सूचना पर चौकी पुलिस घटनास्थल पहुंच मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।महिला की मौत क़त्ल है या खुदकुशी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकेगा। फिलहाल चौकी पुलिस मर्ग कायम कर तहकीकात करने जुटी है।

अवैध कोयला ले जाते दो ट्रैक्टर जब्त

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। अमेरा खुली खदान से लगे चिलबिल कटकोना परसोडीकला गुमगराकला के खालकछार नागमाडा घुनघुटटा नदी के तराई वाले क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी किये जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। खनिज एवं राजस्व विभाग को कोई परवाह नहीं है। इसी कड़ी में 31 जनवरी को लखनपुर पुलिस ने दबिश देकर ग्राम पीपरखार घुनघुटटा नदी किनारे दो ट्रैक्टर ट्राली में लदे अवैध कोयला सहित लावारिस हालत में खड़े ट्रेक्टरो को जप्त किया है। एक महेन्द्रा ट्रैक्टर में तकरीबन 3 टन अवैध कोयला अनुमानित लागत 15000/रूपये का जप्त किया।जानाबताया गया है। वहीं दूसरे महेन्द्रा ट्रैक्टर बिना नम्बर मय ट्राली गवाहों के समक्ष कब्जा पुलिस लिया गया । अवैध कोयला ट्रेक्टर वाहन सहित किमत 500000 /रूपये आंकी गई है। खनिज अधिनियम के तहत घटना स्थल से दोनों ट्रेक्टर को जप्त कर थाना में खड़ा करा दिया गया है। इस कार्यवाही में लखनपुर पुलिस सक्रिय रही।

कड़कडाती ठंड से मिली राहत, 5 डिग्री चढ़ा पारा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी का दौर शुरू हो गया है। बीते दो दिन में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे लोगों को दिन में ठंड से थोड़ी राहत महसूस हुई है। वहीं बीते चार दिन में पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त गर्म हवाएं आने के कारण उत्तर छत्तीसगढ में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 10 दिनों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 26 जनवरी को रिकॉर्ड किया गया था, इस दिन 9.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। इसके बाद लगातार न्यूनतम तापमान में वृद्धि ही दर्ज की गई है। 30 जनवरी को न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस तो 31 को 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान सरगुजा जिले के दर्ज किया गया, यह न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बलरामपुर में 9.7 डिग्री सेल्सियस, नारायणपुर में 11.9 डिग्री सेल्सियस और राजधानी रायपुर में 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 11.8 डिग्री सेल्सियस का अंतर आ गया है।

तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में, मध्य क्षोभ मंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 65 डिग्री पूर्व व 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त गर्म हवाएं आने के कारण उत्तर छत्तीसगढ में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। जिले के अधिकतम तापमान व न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना जताई है। इसके बाद प्रदेश में मौसम शुष्क रहने व अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

प्रधान पाठक एवं टीचर सस्पेंड

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। बीईओ आफिस में गाली गलौज करने वाले प्रधान पाठक एवं छात्राओं का स्कूल से घर तक पीछा करने वाले शिक्षक को बिलासपुर जेडी ने किया सस्पेंड दोनों शिक्षकों के विरुद्ध जांच में शिकायत की पुष्टि होने के बाद की गई कार्यवाही पेण्ड्रा / बीईओ कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारी से गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देने और शासकीय काम में बाधा पहुंचाने वाले प्रधान पाठक होशेलाल टंडन एवं छात्राओं से मारपीट करने और स्कूल से घर तक उनका पीछा करने के मामले में शिक्षक मयंक शर्मा को बिलासपुर के संयुक्त संचालक आरपी आदित्य ने सस्पेंड कर दिया है। उपरोक्त दोनों शिक्षकों के विरुद्ध मिले शिकायत की जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक ने यह कार्यवाही किया है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिपुर विकासखंड गौरेला में पदस्थ प्रधान पाठक होशेलाल टंडन के द्वारा 29 दिसम्बर को बीईओ कार्यालय गौरेला में जाकर अधिकारी एवं कर्मचारी से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने की धमकी दी गई थी। इसकी शिकायत गौरेला के बीईओ डॉ. संजीव शुक्ला ने जीपीएम जिले की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया से किया था। इसके बाद कलेक्टर द्वारा इस मामले की जांच कराई गई थी और होशे लाल टंडन को कारण बताओं नोटिस जारी कर उसे जवाब भी मांगा गया था परंतु समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया था। उक्त मामले में जांच के बाद कार्यालय कलेक्टर जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पत्र दिनांक 24 जनवरी 24 द्वारा होशे लाल टंडन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला हरिपुर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की गई थी। जिसके आधार पर बिलासपुर के संयुक्त संचालक ने बुधवार को होशे लाल टंडन को सस्पेंड कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न कर दिया है। इसी तरह से पूर्व माध्यमिक शाला कन्या सारबहरा में पदस्थ शिक्षक मयंक शर्मा के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री को शिकायत मिली थी कि शिक्षक मयंक शर्मा के द्वारा आवंटित किया गया अध्यापन कार्य नहीं कराया जाता है तथा छात्राओं के साथ मारपीट किया जाता है।

कलेक्टर ने सीएचसी करतला और पीएचसी रामपुर का किया निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने विखं करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रामपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की स्वीकृत, दर्ज एवं रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, एक्सरे कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, नेत्र जांच कक्ष, प्रयोगशाला, पीएनसी कक्ष सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया।

साक्षात्कार, कौशल परीक्षा आज

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्यालय जिला सक्ती में ई-जिला प्रबंधक (ई-डीएम) की संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा कुल 66 आवेदनों में से शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर एक पद के विरूद्ध दस अभ्यर्थियों का चयन कर साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा हेतु बुलाया गया है। साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा कल 2 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में निर्धारित किया गया है। अतः साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा हेतु वरियता के आधार पर चयनित 10 अभ्यर्थी निर्धारित तिथि में शैक्षणिक अर्हता 10वीं, 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अनुभव प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं 1 सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

8 और 9 फरवरी को ग्राम सभा आयोजित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा कलेक्टर द्वारा जिले के 126 ग्राम व ग्राम पंचायतों के 199 बसाहटों में दिनांक 8 एवं 9 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहाड़ी कोरवाओं को शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार)नियम 2022 के साथ सहपाठित छ.ग. पंचायत राज्य अधिनियम 1993 की धारा 129 (क) के खण्ड (ख) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये यह आदेश जारी किया गया है। छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत ग्राम सभा में गणपूर्ति कराने का दायित्व पंच सरपंच एवं सचिव का होगा।

यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही। 1 फरवरी 2024/ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने निर्देश दिए है। कलेक्ट्रेट के अरपासभा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आज महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व बैठक की कार्यवाही एवं पालन प्रतिवेदन से अवगत कराया। कलेक्टर ने बाधारहित सुगम यातायात के लिए दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान करने और दुर्घटना संभावित कारणों में सुधार हेतु सभी आवश्यक उपाए अपनाने के निर्देश दिए। उन्होने ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर सुधार लाने, सड़कों पर गतिसीमा संकेतांक लगाने, मुख्य मार्गो पर निर्धारित मांपदण्डों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ब्रेकर बनाने, स्कूल-अस्पताल का संकेतांक लगाने के निर्देश दिए। उन्होने जनजागरूकता के तहत दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने हेतु प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान स्कूलों-कॉलेजों में निबंध एवं वाद-विवाद आदि प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों में जागरूकता लाए। बैठक में पुलिस, राजस्व, परिवहन, लोक निर्माण एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने के साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा एवं समाधान करने, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन आदि से अतिक्रमण हटाने, स्कूल बसों की चेकिंग तथा स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करने, दुर्घटनाओं के शिकार लोगों की तत्काल मदद् एवं चिकित्सा हेतु प्रबंध करने पर चर्चा की गई। जिले के विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से यातायाता नियमों के पालन, शिक्षा, जागरूकता और बेहतर एवं सुरक्षित यातायात के लिए सभी आवश्यक उपाए अपनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, एसडीएम पेण्ड्रारोड अमित बेक, सीएमएचओ डॉ आई नागेश्वर राव, जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण डीके साहू, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंहा सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में आवश्यक मार्गो पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने, खराब एवं गड्ढे युक्त सड़को को मरम्मत किए जाने, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के संबंध में चर्चा करते हुए अन्य विभिन्न महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गयेद्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में विशेष सांकेतिक चिन्ह लगाने, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीडब्ल्यूडी को जिले के निर्माणधीन रोड में प्रगति लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा गया। दुर्घटना वाले क्षेत्र, सड़क के आसपास तत्काल चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये द्य दुर्घटना या यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये । इसके साथ ही मुख्य मार्गो में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने कहा गया । बैठक में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र कुमार लकड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह , जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे, राकेश द्विवेदी (एसडीओ पीडल्यूडी), पीएमजीएसवाय, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरज सिंह राठौर, यातायात विभाग, समस्त सीएमओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थें।

बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध

अंबिकापुर। विद्यार्थियों की पढ़ाई, वृध्दाओं, निःशक्तजनों, रोगियों आदि की बाधा एवं परित्रास तथा लोक परिशांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिला सरगुजा की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा छग शासन दिये गये निर्देश के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सरगुजा द्वारा जारी आदेश के अनुसार ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टी टोन्ड हॉर्न्स, प्रेशर होर्न के साथ डी.जे. के विरूध्द जप्तीकरण की कार्यवाही किये जाने तथा सम्यक जांच हेतु कुल 14 दल गठित की गई है।

कलेक्टर ने सक्ती, मालखरौदा विखं के पीएमश्री स्कूलों का किया निरीक्षण

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज सक्ती विकासखंड के कसेरपारा वार्ड क्रमांक 1 स्थित पी एम श्री शासकीय प्राथमिक शाला व परसदाखुर्द के पी एम श्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय और मालखरौदा विखं के पी एम श्री शासकीय प्राथमिक शाला कुरदा का औचक निरीक्षण किया द्य निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित कियाद्य उन्होंने स्कूली बच्चों से कुछ सवाल जवाब करते हुए उन्हें प्रोत्साहित कियाद्य इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को अध्यनरत बच्चो को वर्णमाला और अंकीय जानकारी में दक्ष बनाने के लिए नवाचारी ढंग से पढ़ाई कराने कहा जिससे उनका बेहतर विकास हो सकेद्य कलेक्टर ने इन पी एम श्री स्कूलों का निरीक्षण करते हुए शासन के मापदंड और दिशानिर्देश के अनुरूप शिक्षण व्यवस्थाओं सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दियेद्य निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे, बीईओ के पी राठौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सबक... कलेक्टर की अध्यक्षता में ब्लैक स्पॉट, हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों पर विचार

सड़कों पर सावधानी से बचाई जा सकती है जिंदगी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कलेक्टर राहुल देव ने बैठक ली। कलेक्टर की अध्यक्षता में ब्लैक स्पॉट, हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे विषयों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सुरक्षा के उपायों पर जागरूकता व जानकारी आवश्यक है। बैठक में राजकीय सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्ग व मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए अपील की। कलेक्टर ने नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कहा। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिह्नांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों का पालन व सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले जंक्शन पाइंट पर गति अवरोध के लिए मानक रंबल स्ट्रिप बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को चिह्नांकित स्थानों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने कहा। ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने अभियान चलाकर शिविरों के जरिए लर्निंग लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल बस व ड्राइवरों की समय-समय पर फिटनेस जांच करें। स्कूल बसों में क्षमता से ज्यादा बच्चे न बैठाए जाए। उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने यातायात पुलिस और आरटीओ संयुक्त रूप से कार्य करें।

16 सौ पहाड़ी कोरवा जनजाति के परिवारों को आवास स्वीकृत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए वरदान बनकर उभरी है। योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, नलजल, शिक्षा, बिजली, कृषि, सड़क, आधार पंजीयन इत्यादि में शामिल कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर विशेष पिछड़ी जनजातियों के आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान मिल रहा है।

कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के 1603 परिवारों को भी आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के कुल 174 पीवीटीजी बसाहटों के कुल 2429 परिवारों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है तथा 2103 का पंजीयन किया गया है।

बता दें प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बीते 15 जनवरी को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपये उनके खाते में ऑनलाईन हस्तांतरित किया था। जिसमें जिले के कुल 1393 परिवारों को प्रथम क़िस्त के रूप में कुल 5.57 करोड़ की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की गई है।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर वायु सैनिक भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 तक

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती में छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष आनलाइन आवेदन 6 फरवरी तक कर सकते हैं। अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा की तिथि 17 मार्च 2024 को आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवार वायुसेना के वेबसाइट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन में जाकर पंजीयन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय अथवा राज्य की शिक्षा बोर्ड से इंटरमीडिएट या समकक्ष गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय अथवा त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेंटीमीटर तथा महिला हेतु 152 सेमी, सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी., महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उन्होंने बताया कि उत्तीर्ण उम्मीदवार को 04 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। जिसमें प्रथम वर्ष 30,000 रुपये प्रतिमाह एवं भत्ता की राशि देय होगी। 04 वर्ष की सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाभ दिया जाएगा। भर्ती संबंधित अधिक जानकारी के लिए वायुसेना के वेबसाईट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन पर संपर्क कर सकते हैं।

शासकीय स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय पवनी में वार्षिक उत्सव का आयोजन 2 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगा। इसके मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. एन. साहू, विशिष्ट अतिथि लोकनाथ साहू एवम मुन्ना लाल साहू तथा अध्यक्षता एम.के. श्रीवास करेंगे। उक्त जानकारी प्राचार्य पी. आर.साहू ने दी।

फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव थाने का फरार स्थायी वारंटी की लगातार पता तलाश की जा रही थी। इसी दौरान स्थायी वारंटी आरोपी राकेश कुमार पिता नारदराम (27) पता हारीडीह, थाना डौंडीलोहारा,

जिला बालोद को गुरुवार 1 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु अधि डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में कोर्ट से प्राप्त स्थायी वारंट के आधार पर की गई। आरोपी न्यायालय द्वारा जारी दिनांक से उपस्थित ना होने से बेवजह प्रकरण लंबित था।

मतदाता दिवस पर मतदान करने की ली शपथ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी, राजनांदगांव के निर्देशानुसार शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर

महाविद्यालय, राजनांदगांव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा समस्त प्राध्यापक, स्टाफ एवं छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने सभी को लोकतांत्रिक मर्यादा को बनाए रखने एवं सभी निर्वाचनों में निर्भीकता पूर्वक जाति, धर्म, वर्ग, भाषा एवं प्रलोभन के बिना मतदान करने की शपथ दिलाई। विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत् महाविद्यालय की जिन छात्राओं का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है उन्हें फार्म 6 ऑफलाइन एवं वोटर हेल्पलाइन एप्स के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है।

सीएचएमओ टंडन को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जीएल टंडन के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री टंडन को शाल और श्रीफल भेंटकर उनके स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की। कलेक्टर श्री शर्मा ने श्री टंडन की सज्जनता, आमजनों से सहयोग की भावना एवं उनके कार्य शैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहज, सरल, व्यक्तित्व के धनी, निर्विवाद, सफल एवं कुशल अधिकारी बहुत कम मिलते है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जब भी सहयोग की आवश्यकता होगी तब सहयोग के लिए तत्पर रहेंगें। कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि श्री टंडन की 37 साल की सेवा की, यह अपने आप में क़ाबिले तारीफ़ हैं। उन्होंने श्री टंडन के सभी सरकारी क्लेम बिना किसी समस्या के निपटाने कहा। उन्होंने इन्हें जीवन की द्वितीय पारी के लिए शुभकामना दी। विदाई समारोह ज़िला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में समीक्षा बैठक के बाद आयोजित हुआ।जिसमें सिविल सर्जन डॉ एसआर चुरेंद, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता, सभी बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, मेडिकल ऑफिसर उपस्थित थे।

व्याख्याताओं की कमी से जूझ रहा है शिक्षा विभाग

आदिवासी विकास विभाग में अटैच व्याख्याताओं की धमक

रमेश कागदेलवार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में अटैच का वायरस पर किसी भी सरकार का एंटी वायरस काम नहीं कर रहा है। सरकारें बदल जाती है,लेकिन अटैच का यह वायरस सीमेंटेड हो चुका है। यूं तो ये कहानी हर विभाग की है, लेकिन आदिवासी विकास विभाग में इस वायरस का बड़ा जोर है। जी हां बात कर रहे है आदिवासी विकास विभाग की। यहां अंग्रेजी के व्याख्याता रविन्द्र टीकम, व्याख्याता जैन, विज्ञान संकाय के दीपेंद्र शर्मा और हेडमास्टर धीरेंद्र सिंह सालों से अटैच हैं।

आदिवासी विकास विभाग में अपने रौब और राजनैतिक वरदहस्त के चलते इन पर कोई हाथ तक नहीं डालता है। ये कांग्रेस सरकार में कांग्रेस के सिपाही और भाजपा में उनके बेताल है। इस विभाग में ये बेहद पावरफुल खुद को मानते हैं। आपस में प्रतिस्पर्धा होती है कौन किस ब्लॉक का मंडल संयोजक

बनेगा। एक दूसरे का ही ट्रांसफर कराने में फिलहाल जुटे हैं। इनको स्कूलों में आज तक कोई अधिकारी और नेता भेजने की हिमाकत नहीं कर सका है।

जिला पंचायत में एक है राठौर

शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अटैच्ड तो बड़ा दर्द है। जिला पंचायत में एक राठौर है, वे एक दशक से भी अधिक समय से यही अटैच है। उनको जैसे ही हिलाने की बात चलती है कि नेताओं के फोन घनघनाने शुरू हो जाते है, अधिकारियों को अपने फैसले पर पछताना पड़ता है। ठीक ऐसी ही कहानी आदिवासी विकास विभाग में अटैच रविन्द्र टीकम की है। कांग्रेस में भी इनके विधायक रिश्तेदार थे अब भाजपा में भी विधायक बड़े भाई है।

ये हालात है शिक्षा विभाग में अध्यापकों के

शिक्षा विभाग में व्याख्याताओं की भारी कमी है। खुद अधिकारी कहते है 570 सहायक शिक्षको की कमी है। मिडिल स्कूल में 175 शिक्षक की कमी है। हाई स्कूल और हेयरसेकंड्री में 162 पद रिक्त है। बावजूद इसके दक्ष अध्यापक अपने रसूख के चलते अटैच है। प्रयास कई बार हुआ लेकिन इनको कोई हिला नही सका। सरकारें बदल जाती है,लेकिन इनकी जगह नही बदलती है।

शिक्षित समाज ही करता है विकास: यशवर्धन

■ सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। छ ग कनौजिया सेन समाज जिला बलौदा बाजार के बैठक नगर के सेन भवन में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा शामिल हुए। उन्होंने श्री राधा कृष्ण एवं श्री सेन जी महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समाज के प्रमुख अध्यक्ष रामकुमार सेन ने पुष्प माला शाल श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों ने अतिथि का स्वागत किया। उद्बोधन में समाज के वरिष्ठों ने अपनी अपनी बात रखी एवं सेन समाज अध्यक्ष ने मांग पत्र सौंपा। अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा ने कहा कि सेन समाज का गौरव पूर्ण इतिहास रहा है,कोई भी समाज तब विकास करता है जब उस समाज के लोग शिक्षित होते हैं, मेहनती होते हैं अपने कार्यो को पूरी निष्ठा से करते हैं। और ये सारी बातें सेन समाज के लोगों में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि जो मांग पत्र उन्हें दिए हैं वह अवश्य पूरी होंगी।

उन्होंने कहा कि जब भी समाज को उनकी आवश्यकता पड़ेगी आपका बेटा बनकर आपके सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी के सभापति ताजेंद्र कनौजे, संरक्षक कलीराम सेन,जिलाध्यक्ष मुलेश्वर सेन, अध्यक्ष रामकुमार सेन, उपाध्यक्ष फत्तू सेन, सचिव कृष्णा सेन, कोषाध्यक्ष संतू सेन,सहसचिव कोमल सेन,हरिशंकर सेन,प्रकाश सेन,नरेंद्र सेन,कुम्भकरण सेन,विष्णु सेन,भूपेंद्र सेन,सुदामा सेन,तिलक सेन,शिवकुमार सेन,भारत सेन,लेखराम सेन,अजय सेन,भारत सेन,अनिल सेन,राजू सेन,कमल सेन,राजेश सेन,संतोष सेन,अशोक सेन,रिखीराम सेन,कुलेश्वर सेन,राकेश सेन,रूपेंद्र सेन,राजा सेन,पुरुषोत्तम सेन,धुरेन्द्र सेन एवं सेन समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी स्कूल में वार्षिक उत्सव

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में तृतीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अतिथि बेमेतरा विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, राजेन्द्र शर्मा (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य), विजय सिन्हा (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), पंचू साहू (नगर पालिका उपाध्यक्ष), मोंटी साहू, हर्षवर्धन तिवारी स्वावलंबी योजना अध्यक्ष, संजीव तिवारी वरिष्ठ कार्यकर्ता, विकास तंबोली (कार्यलय मंत्री), नीतू कोठारी वार्ड पार्षद एवं विद्यालय प्राचार्या सुदेशा चटर्जी उपस्थित थे। मुख्य

अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें प्री. प्राइमरी के बच्चों द्वारा जंगल थीम डांस के माध्यम से सभी जानवरों के आपसी प्रेम भाव को प्रदर्शित किया गया। प्राइमरी के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विधायक एवं कलेक्टर द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किया गया।

डोंगरगांव में मानस महोत्सव आज से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। साकेत धाम परिषद शिव मंदिर के पास डोंगरगांव में मानस महोत्सव का आयोजन 2 , 3 व 4 फरवरी को किया जा रहा है। आयोजन का यह 25 वाँ वर्ष रजत जयंती के रूप होगा। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी घनश्याम साव ने बताया कि इस वर्ष भी ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी इनके अलावा सांस्कृतिक आयोजन तथा सम्मान समारोह के माध्यम से एक नया कलेवर देने का प्रयास किया गया है। रजत जयंती पर आयोजित मानस महोत्सव में कार्यक्रम में 2 फरवरी को सुबह 11 बजे मंगल कलश शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। दोपहर 3 बजे पूजन अर्चना के साथ मानस गान की शउरुआत होगी। मानस मंच पर ही प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

इन मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी

इस वर्ष केशकाल, चरौदा भिलाई, रायपुर, नहर खपरी, गनियारी, मोंगरा,भटगांव धमतरी, रिसामा, बावनलाख बेमेतरा, चिरपोटी दुर्ग, मुसराकला, खिसोरा धमतरी, धनोरा, डोटोपार , रिसाली भिलाई पलांदुर आमगांव डोंगरगांव चांदो जारवाही आरी कोनारी की मानस मंडलियों के द्वारा श्री राम चरित मानस का गायन तथा विभिन्न प्रसंगों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा।

सनातन धर्म के प्रसार में भावना बोहरा का योगदान सराहनीय: पं. धीरेन्द्र शास्त्री

साक्षात बागेश्वर बालाजी का आशीर्वाद मिला: बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निज जिवास ग्राम रणवीरपुर में आगमन हुआ। इस दौरान ग्रामवासियों व भक्तों ने पूरे उत्साह व उल्लास के साथ उनका भव्य स्वागत किया और हजारों की संख्या में उपस्थितजनों ने श्रीराम के जयकारा के साथ कथा श्रवण किया। इस दौरान पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा लगातार धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सनातन धर्म व उसकी गौरवशाली संस्कृति के प्रसार हेतु किये जा रहे कार्य सराहनीय हैं। 2025 में उनके

द्वारा पंडरिया विधानसभा में भक्तजनों की प्रभु श्रीराम और भक्त हनुमान जी के प्रति आस्था को देखते हुए श्री हनुमंत कथा का आयोजन करने की इच्छा जाहिर की है जो जरुर पूरी होगी और आप सभी के बीच मुझे पुनः आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। इसके साथ ही अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से रामयुग की शुरुआत हुई है। आज भारत अखंडता और एकता की ओर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है, यहां कण-कण में प्रभु राम बसे हैं।

उन्होंने कहा कि भावना बोहरा जमीन से जुडी हुईं नेता हैं,जनता की सेवा के लिए उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यों से आज कई परिवारों को सहयता मिली है, बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है और क्षेत्र की माताएं-बहनें सशक्त बन रही हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह हम सभी के लिए परम सौभाग्य और गौरव की बात है कि सनातन धर्म और हिन्दू एकता के ध्वज वाहक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आगमन हमारे ग्राम रणवीरपुर में हुआ है। उनके श्रीमुख व आशीर्वचन हमारे लिए प्रेरणापुंज है। हिन्दू एकता एवं भारत की सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में प्रसारित करने हेतु उनका योगदान अतुलनीय है। आज उनके आगमन से रणवीरपुर की पुण्य भूमि धन्य हो गई है और साक्षात् बागेश्वर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उनके आने से सभी उत्साह से भर गए हैं। इसका बयान करना मुश्किल है। ग्राम रणवीरपुर में भी उनके आगमन को लेकर सभी ओर हर्ष व उत्सव का माहौल है।

टीएल प्रकरणों के निराकरण और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए सॉफ्टवेयर का शुभारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को समय सीमा की समीक्षा बैठक के दौरान नए टीएल ऑनलाइन सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया। सॉफ्टवेयर को एनआईसी गरियाबंद के उप निदेशक नेहरू निराला द्वारा विकसित किया गया है। टीएल ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के शुभारंभ होने से टीएल प्रकरणों के निराकरण में तेजी आयेगी। साथ ही समय सीमा के प्रकरणों की बेहतर मॉनिटरिंग की जा सकेगी। श्री निराला ने बताया कि सॉफ्टवेयर में विभाग प्रमुख के डैशबोर्ड में उनके विभाग से संबंधित लंबित पत्रों की सूची साथ में जन चौपाल एवं जनशिकायत के लंबित आवेदन भी दिख जाता है। ऑनलाइन टीएल सॉफ्टवेयर को संदेश ऐप के साथ इंटीग्रेशन किया गया है।

सरिया और बरमकेला अस्पताल को मिली नई एंबुलेंस

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के लिए नए एंबुलेंस 108 वाहन को कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्टोरेट कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस नए एंबुलेंस के संचालन से आपातकालीन स्थितियों में संबंधित क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा संस्थानों तक निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डॉ स्निग्धा तिवारी, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला, कार्यक्रम प्रबंधक एन एल ईजारदार एवं चिकित्सा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

एसडीएम ने किया 65 बोरी धान के साथ वाहन जब्त

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने 65 बोरी धान भरे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 5174 को पुरगांव के पास जप्त किया। जिसका वजन 26.65 क्विंटल है। पूछताछ में मल्दी निवासी सत्यनारायण साहू ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। भटगांव मंडी में इस धान से भरे वाहन को अभिरक्षा में रखा गया है। इस जांच में स्थल पर तहसीलदार कमलेश सिदार, खाद्य निरीक्षक और मंडी निरीक्षक उपस्थित थे।

झेरिया यादव समाज के भवन का लोकार्पण और परिचय सम्मेलन हुआ

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के सामाजिक भवन का लोकार्पण और युवक युवती परिचय सम्मेलन महादेवघाट रायपुर में रविवार को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनिक यादव ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव व महानगर इकाई के अध्यक्ष सुंदर लाल यादव, प्रदेश के उपाध्यक्ष भगतसिंह यादव, मनोज़ यादव संयुक्त सचिव, जगत राम यादव, रंजीत यादव, आर डी यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष आशा संतोष यादव,युवा प्रकोष्ठ

के प्रदेशाध्यक्ष आकाश यादव,राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष राजू यादव, सुनील यादव,छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव के विशेष आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण के चित्र की पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत राउत नृत्य से किया गया। सबसे पहले सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया। इसके बाद युवक युवती परिचय सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवक युवती ने परिचय दिया। आदर्श विवाह में छह जोड़ों का विवाह हुआ। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की अच्छी पहल है। इससे एक ही मंच पर विवाहयोग्य युवक युवतियां मिल जाते हैं। वर वधु ढूंढ़ने में परिवारों में समय और धन की बचत होती है।

अवैध गर्भपात से नाबालिग की मौत, आरोपी महिला गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिग को जान से मारने की धमकी देकर शारीरिक शोषण किया गया। गर्भवती होने पर उसका अवैध गर्भपात कराया गया। जहां अत्यधिक खून बह जाने से पीड़िता की मौत हो गई। इस पर चौकी गिरोधपुरी थाना गिधौरी टुण्ड्रा के अपराध क्र 260/2023 धारा 312,314,376,506 भादवि 4,6 पक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाई की गई। गौरतलब है कि जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के सी दास के दिशा निर्देश में कार्यवाही की गई। मामले में आरोपी डगेश्वरी यादव पति रमेश यादव (52) सकिन रिसदा थाना सिटी कोतवाली जिला

बलौदाबाजार-भाटापारा के खिलाफ कार्रवाई की गई। चौकी गिरोधपुरी थाना गिधौरी टुण्ड्रा के मर्ग क्रमांक 60/23 धारा 174 जा फो के जांच में पाया गया कि नाबालिग लड़की को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी नरेश निषाद तथा शारीरिक शोषण से गर्भवती होने से महिला आरोपी द्वारा अवैध तरीके से गर्भपात करने से अधिक रक्त स्राव होने के कारण पीड़ित की मौत होने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कथन मृतका की मां एवं पिता का कथन गवाहान घटना स्थल निरीक्षण पश्चात रमेश निषाद को पूर्व में गिरफ्तार कर जुडिशल रिमांड पर जेल भेजा गया है तथा आरोपी का पता किया। आरोपी डगेश्वरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने जुर्म करना स्वीकार किया जिसे आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक ओम साहू, प्रआर. 153 जितेंद्र कुमार साहू, आरक्षक 50,654 एवं रक्षित केंद्र बलौदा बाजार से महिला आरक्षक 949 नेहा तिवारी, महिला आरक्षक 744 आरती ध्रुव का विशेष योगदान रहा ।

कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Fax No. /07786-242230 Email -cmokondagaon.2010rediffmail.com

// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/5417/ न.पा./ लो.नि.शा./2024 कोण्डागांव, दिनांक 31.01.2024

एतद द्वारा नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से निम्नलिखित कार्यों के लिए स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से 'तीन लिफाफा' पद्धति से मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर छ.ग. के द्वारा जारी बिल्डिंग एवं रोड एसओआर दिनांक 01.01.2015, इलेक्ट्रीकल एसओआर 2020 एवं मुख्य अभियता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर छ.ग. के द्वारा जारी एसओआर दिनांक 01.06.2020 से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि- 12-02-2024 समय 04:00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि- 16.02.2024 समय 05:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- 22.02.2024 समय 04:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि- 22.02.2024 समय 04:30 बजे तक

क्र.	कार्यों का विवरण	कार्य की लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदाकार की श्रेणी	निविदा फार्म
1	कोण्डागांव निकाय क्षेत्र अंतर्गत बांधापारा वार्ड क्र.-13 के गौठान में शेड निर्माण कार्य	11.00	8500.00	सक्षम श्रेणी	फार्म 'ए'

निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं एवं www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव, छ.ग.
कोण्डागांव, दिनांक 31.01.2024

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इंडिया टीम नए प्लेइंग-11 के साथ उतरेगी

स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया नए प्लेइंग-11 के साथ उतरेगी। टीम के बैटर केएल राहुल और लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा चोट की वजह से दूसरे मैच से बाहर हो गए हैं। मैच में सरफराज खान या रजत पाटीदार को मौका मिल सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि दोनों को डेब्यू का मौका मिल जाए, लेकिन ऐसा दो सिनेरियो में ही संभव है। पाटीदार ने वनडे डेब्यू कर लिया है, लेकिन सरफराज को अब तक किसी फॉर्मेट में मौका नहीं मिला है। पाटीदार को विराट कोहली की जगह टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया था। पूर्व कप्तान कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट का हिस्सा नहीं हैं। वहीं सरफराज को इंजर्ड राहुल की जगह टीम में चुना गया।

टीम इंडिया के दो खिलाड़ी चोट की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पिछले मैच की प्लेइंग-11 के 9 खिलाड़ी फिट हैं। ऐसे में टीम इंडिया दूसरे मैच में 7 बैटर्स, 3 स्पिनर्स और एक फास्ट बॉलर के कॉम्बिनेशन के साथ उतर सकती है। इस स्थिति में रजत और सरफराज दोनों को डेब्यू का मौका मिल सकता है।दूसरा टेस्ट विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। जहां स्पिनर्स ज्यादा हावी रहते हैं, ऐसे में टीम किसी एक पेसर और 3 स्पिनर्स के साथ भी उतर सकती है। वहीं मोहम्मद सिराज को बाहर बैठाकर सिर्फ जसप्रीत बुमराह और 3 स्पिनर्स को मौका दिया जा सकता है। जडेजा की कुलदीप यादव खेल सकते हैं, जबकि बाकी 2 स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल रहेंगे।सिराज को हैदराबाद टेस्ट में ज्यादा बॉलिंग का मौका नहीं मिला, ऐसे में टीम उन्हें बाहर बैठा सकती है। सिराज 2 पारियों में एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। वहीं इंग्लैंड के इकलौते फास्ट बॉलर मार्क वुड भी कुछ खास नहीं कर सके थे। ऐसे में दूसरे टेस्ट में 2 पेसर्स को खिलाने का कोई फायदा नजर नहीं आता।पॉसिबल प्लेइंग-11ः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह।

पहले टेस्ट की तरह दूसरे टेस्ट में भी टीम 6 बैटर, 3 स्पिनर्स और 2 पेसर्स के साथ भी जा सकती है। जडेजा की जगह कुलदीप का खेलना लगभग कन्फर्म है क्योंकि वह ही स्पिन कंडीशन में टीम के तीसरे बेस्ट स्पिनर हैं। उनके साथ अश्विन और अक्षर स्पिनर रहेंगे, वहीं पेसर्स में बुमराह और सिराज ही खेलेंगे।इस कंडीशन में राहुल की जगह पाटीदार या सरफराज में से किसी एक को ही मौका मिलेगा। पाटीदार स्क्वॉड में पहले टेस्ट से हैं, जबकि सरफराज दूसरे टेस्ट में शामिल किए गए। ऐसे में पाटीदार को प्राथमिकता दी जा सकती है। हालांकि, देखने वाली बात ये होगी कि क्या टीम इंडिया स्पिन फ्रेंडली पिच पर फिर से 2 पेसर्स को खिलाने की गलती करेगी। पॉसिबल प्लेइंग-11ः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार/सरफराज खान, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स : महाराष्ट्र फिर ओवरऑल चैंपियन

तेलंगाना की तैराक वृत्ति अग्रवाल ने 5 स्वर्ण पदक जीते

चेन्नई। यहां के एसडीएटी एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तेलंगाना की वृत्ति अग्रवाल ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीतकर खेल का समापन किया, जबकि महाराष्ट्र ने एक और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ समग्र चैंपियनशिप ट्रॉफी बरकरार रखी। पदकों में शीर्ष स्थान पहले से ही सुनिश्चित होने के साथ तैराक ऋषभ दास ने पहले लड़कों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता और फिर 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में महाराष्ट्र चौकड़ी का नेतृत्व करते हुए राज्य की स्वर्ण पदक तालिका में सबसे आगे रहे।

महाराष्ट्र ने 57 स्वर्ण, 48 रजत और 53 कांस्य सहित कुल 156 पदकों के साथ अपना अभियान पूरा किया, वह मेजबान तमिलनाडु से आगे रहा, जिसने अंतिम दिन तीन स्वर्ण जोड़े, 38 स्वर्ण, 21 रजत और 39 कांस्य के साथ समाप्त किया और अपना सर्वश्रेष्ठ दर्ज किया। हरियाणा पहली बार शीर्ष दो स्थानों से बाहर हो गया और 35 स्वर्ण, 22 रजत और 46 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली (13जी, 18एस, 25बी) अपने बेहतर रजत और कांस्य पदक की बदौलत राजस्थान (13जी, 17एस, 17बी) से आगे रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन केवल फुटबॉल, टेनिस, टेबल टेनिस और तैराकी पदक दांव पर होने के कारण सभी की निगाहें एसडीएटी एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स की कार्रवाई पर थीं, यह देखने के लिए कि कौन सा तैराक खेलों का सबसे सफल एथलीट होने का दावा पेश करेगा।वृत्ति ने अपनी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पांच स्वर्ण पदक जीतकर ऑल-विन रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने बुधवार को पहली बार 2ः22.89 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीता, और दूसरे स्थान पर रहीं कर्नाटक की रितिका महेश बैंगलोर से लगभग चार सेकंड आगे रहीं। 17 वर्षीय वृत्ति ने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, फिर 17ः59.51 सेकेंड के समय के साथ 1500 मीटर फ्रीस्टाइल का ताज हासिल करने के लिए वापस आई। कर्नाटक की अदिति मुले (18ः12.77 सेकेंड) और श्री चरणी तुमु (18ः17.85 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।राजस्थान के युग चेलानी के पास भी पांच स्वर्ण पदक के साथ समापन करने का मौका था, लेकिन वह लड़कों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में कर्नाटक के एस. धनुष के बाद दूसरे स्थान पर रहे और चार स्वर्ण व एक रजत पदक जीते।एसडीएटी टेनिस कॉम्प्लेक्स में तमिलनाडु के रेथिन प्रणव आर.एस. और एम.आर. रेवती ने भी स्वर्ण पदक जीते।

एनएसएस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 12 फरवरी से

चंडीगढ़। प्रथम स्वर्गीय आर. पी. सिंह मेमोरियल सीनियर्स वुमन लीग कम नॉकआउट आधार एनएसएस ट्रॉफी के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट 12 फरवरी से आईवीसीए क्रिकेट ग्राउंड, डेराबस्सी में शुरू होगा।

आयोजन सचिव इंद्रजीत सिंह के अनुसार एनएसएस ट्रॉफी के लिए इस प्रतिष्ठित प्रथम स्वर्गीय आरपी सिंह मेमोरियल सीनियर्स महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्राई सिटी, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल की कुल 6 या 8 टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम 40 ओवरों के साथ सुपर सब पैटर्न (12 खिलाड़ियों की अनुमति) के साथ न्यूनतम 4 मैच खेलेगी। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 45 ओवर का होगा।

सचिव इंद्रजीत सिंह के अनुसार भाग लेने वाली 6 या 8 टीमों को 2 पूल में विभाजित किया गया है और प्रत्येक टीम 40 ओवर के न्यूनतम चार लीग मैच खेलेगी। प्रत्येक पूल की शीर्ष 2 टीमें सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और दोनों सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल 45 ओवर के होंगे जबकि लीग मैच 40 ओवर के होंगे। आयोजक अच्छी गुणवत्ता वाली सफेद मैच बॉल, अच्छा जलपान/लंच बॉक्स और मिनरल वाटर उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक एमओएम पुरस्कार और टूर्नामेंट के 6 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को ट्रॉफी और आकर्षक उपहार, क्रिक हीरो पर ऑनलाइन स्कोरिंग, बीसीसीआई/राज्य पैनल अंपायर और अच्छे मीडिया कवरेज से सम्मानित किया जाएगा। सभी मैच बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक खेले जाएंगे।

पंजाब फुटबॉल क्लब ने की तीन नए अनुबंधों के आगमन की घोषणा

मोहाली। पंजाब फुटबॉल क्लब (एफसी) ने टीम में तीन नए अनुबंधों के आने की घोषणा की है। फॉरवर्ड बिद्यासागर सिंह, विंगर ब्राइस मिरांडा और मिडफील्डर इसाक वनमालवामा। 25 वर्षीय फारवर्ड बिद्यासागर सिंह स्थायी स्थानांतरण पर केरला ब्लास्टर्स एफसी से टीम में शामिल हुए हैं।

सिंह ने अपने करियर की शुरुआत ईस्ट बंगाल एफसी से की और फिर बाद में आई-लीग में टीआरएयू एफसी में चले गए जहां उन्होंने 2020-21 सीज़न को 12 गोल के साथ सर्वोच्च गोल स्कोरर के रूप में समाप्त किया। उन्होंने अब तक इंडियन सुपर लीग में 10 प्रदर्शन किए हैं और सीज़न के शेष मैचों के लिए वह शेर्स की टीम में एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त खिलाड़ी होंगे। विंगर ब्राइस मिरांडा शेष सीज़न के लिए केरला ब्लास्टर्स एफसी से ऋण पर पंजाब एफसी में शामिल हुए। 24 वर्षीय पेसी विंगर आई-लीग में चर्चिल ब्रदर्स एफसी के साथ अपने समय से सुर्खियों में आए और केरल ब्लास्टर्स में जाने के बाद, जहां उन्होंने 12 मैचों में भाग लिया और इंडियन सुपर लीग में दो सहायता प्रदान की।

इसहाक वनलालसावमा, जो ओडिशा एफसी से पंजाब एफसी में शामिल हुए हैं। उन्होने आई-लीग में शिलांग लाजोंग एफसी के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की, जहां उन्होंने दो सीज़न के दौरान तीन गोल किए। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग में चले गए और अब तक 90 मैचों में तीन गोल किए और पांच सहायता प्रदान की है। वह ओडिशा एफसी टीम का भी हिस्सा थे जिसने केरल में 2023 सुपर कप जीता था। नए अनुबंधों के बारे में पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, जनवरी ट्रांसफर विंडो और लंबे ब्रेक ने हमें इन तीन अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में लाने के लिए पर्याप्त समय दिया। हमें विश्वास है कि जैसे ही हम सीज़न के दूसरे चरण के लिए तैयार होंगे, वे पंजाब एफसी के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा साबित होंगे।

बिजनेस

गूगल ने 2023 में हासिल किया सात बिलियन डॉलर रेवेन्यू

सैन फ्रांसिस्को। अल्फाबेट (गूगल की मूल कंपनी) ने वर्ष 2023 में 307 बिलियन डॉलर का राजस्व हासिल किया, जो 2022 की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने पिछले साल 12 हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के बाद वेतन-भंग और अन्य खर्चों पर 2.1 अरब डॉलर खर्च किए थे। कंपनी इस साल की पहली तिमाही में कर्मचारी पृथक्करण शुल्क पर 700 मिलियन डॉलर और खर्च करेगी। कंपनी के प्रमुख वित्तीय अधिकारी रूथ पोराट ने कहा।हमने 86.3 बिलियन डॉलर के समेकित राजस्व के साथ एक मजबूत चौथी तिमाही (31 दिसंबर को समाप्त तिमाही) को समाप्त किया, जो कि रिपोर्ट की गई और स्थिर मुद्रा दोनों में पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। राजस्व वृद्धि में खोज सबसे बड़ा योगदानकर्ता रही। तिमाही के इस बिंदु पर, कंपनी का अनुमान है कि पहली तिमाही में विच्छेद-संबंधित खर्च लगभग 700 मिलियन डॉलर होगा क्योंकि हमने इन प्रयासों को जारी रखा है।

हम शीर्ष इंजीनियरिंग में निवेश करना जारी रखेंगे। इसलिए यह एक बड़ी बात है, यदि आप उत्पाद प्राथमिकताकरण और संगठनात्मक डिजाइन के साथ शुरुआत करते हैं, यही कारण है कि विच्छेद-संबंधी व्यय के बारे में भी नोट है, जो मार्ग प्रशस्त करने में मदद करता है जैसा कि हम कर रहे हैं पोराट ने मंगलवार देर रात कमाई कॉल के दौरान विश्लेषकों से कहा, हम जो काम कर रहे हैं, उसे जारी रखेंगे। गूगल सेवाओं के भीतर, राजस्व 76.3 बिलियन डॉलर था, जो 12 प्रतिशत अधिक था। इस तिमाही में गूगल खोज और अन्य विज्ञापन राजस्व 48 बिलियन डॉलर में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, इसका नेतृत्व फिर से खुदरा क्षेत्र में वृद्धि के कारण हुआ। कंपनी ने कहा कि प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया और ब्रांड विज्ञापन दोनों के कारण यूट्यूब का विज्ञापन राजस्व 9.2 बिलियन डॉलर बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया। अल्फाबेट और गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा, यूट्यूब प्रीमियम और म्यूजिक, यूट्यूब टीवी और गूगल वन द्वारा संचालित सदस्यताएं मजबूती से बढ़ रही हैं। तीन, क्लाउड, जिसने इस तिमाही में 9 बिलियन डॉलर का राजस्व पार कर लिया और हमारे जनरल एआई और उत्पाद नेतृत्व द्वारा त्वरित वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा, हमने खोज से लेकर विज्ञापनों से लेकर अधिकांश उपभोक्ता और उद्यम उत्पादों तक अपने कई उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग करने में लंबे समय से नेतृत्व किया है, इससे पहले से ही अरबों लोगों को मदद मिल रही है।

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने अखिल भारतीय रोड शो शुरू किया

रायपुर। इलेक्ट्रिक टु और थ्री व्हीलर्स की इब्लु रेंज बनाने वाली कंपनी, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, ने 22 जनवरी 2024 को रायपुर से अपने अखिल भारतीय रोडशो की शुरुआत कर दी है। यह रोडशो रायपुर में 5 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 31 जनवरी और 1 फरवरी को दो दिन तक इस रोड शो का आयोजन राजिम छत्तीसगढ़ में होगा। यह रोमांचक रोडशो गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की आधुनिक फैक्ट्री से शुरू हुआ। इससे कंपनी के पर्यावरण के अनुकूल और नए-नए इलेक्ट्रिक मोबलिटी सोल्यूशंस प्रदान करने की प्रतिबद्धता की झलक मिली। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के रोडशो में कंपनी के नए इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस रोडशो में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति उत्साही लोग और संभावित उपभोक्ता कंपनी के आधुनिक प्रॉडक्ट्स को पहली बार इतने नजदीक से देख सकेंगे। इस रोडशो में गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के महत्वपूर्ण मॉडलों का प्रदर्शन किया जाएगा।

एलन मस्क का 56 बिलियन डॉलर का वेतन पैकेज अनुचित : अमेरिकी न्यायाधीश

सैन फ्रांसिस्को । अमेरिका के एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया है कि एलन मस्क का 56 अरब डॉलर का वेतन पैकेज अनुचित है और टेस्ला बोर्ड को एक नया वेतन प्रस्ताव लाने की आवश्यकता होगी। जज कैथलीन मैककॉर्मिक द्वारा डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में जारी किए गए फैसले का मतलब है कि मस्क 2018 मुआवजा पैकेज नहीं रख सकते। अपने फैसले में, मैककॉर्मिक ने लिखा कि टेस्ला को यह साबित करने का बोझ उठाना पड़ा कि मुआवजा योजना उचित है, और वे अपने बोझ को पूरा करने में विफल रहे।फैसले के बाद मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, कभी भी अपनी कंपनी को डेलावेयर राज्य में शामिल न करें। बाद में उन्होंने एक पोल पोस्ट कर पूछा कि क्या टेस्ला को अपनी निगमन स्थिति को टेक्सास में बदल देना चाहिए। जनमत संग्रह के अनुसार क्या टेस्ला को अपने निगमन की स्थिति को अपने भौतिक मुख्यालय के घर टेक्सास में बदल देना चाहिए? 2018 में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित मुआवजा योजना में 1.69 मिलियन शेयरों की 12 किश्तों में विभाजित 20.3 मिलियन स्टॉक विकल्प पुरस्कार शामिल थे।

'गांव के जीरो शहर मा हिरो में हीरो' मनोज राजपूत की सोशल मीडिया में चर्चा

रायपुर। मनोज ले आउट के संचालक व फिल्म के निर्माता व हीरो मनोज राजपूत ने अपने ही जीवन पर आधारित फिल्म गांव के जीरो शहर मा हिरो ÷जो बखूबी उन पर जचता है। इस फिल्म के जरिए वे गांव व शहर के लोगों को एक संदेश भी देना चाहते है। फिल्म के निर्माता व हीरो मनोज राजपूत ने बताया कि चूंकि उनका पूरा बचपन गांव में बीता है। जवानी के दिनों में रोजगार हेतु शहर को चुना संघर्ष किया और शहर में आकर जिंदगी बदल गई !फिल्म को निर्देशित किया छालीवुड के जाने माने निर्देशक उत्तम तिवारी ने फिल्म की शूटिंग दुर्ग, भिलाई के अलावा छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों के साथ ही गोवा, कोलकाता व हैदराबाद के रामोजी स्टूडियों में हुई है।उन्होंने बताया कि छग में पहली बार कैमरे फैन्टम का इस्तेमाल किया गया है। वहीं फिल्म में बॉलीवुड एक्टर भगवान तिवारी के साथ छॉलीवुड के कलाकारों का जलवा देखने को मिलेगा। फिल्म की हीरोईन नेहा शुक्ला ,इशिका यादव , वहीं मनोज राजपूत के पिता की भूमिका अर्जुन परमार ने निभाया है जो फिल्म के सहायक निर्देशक भी है। इसके साथ ही इशिका यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप शर्मा, पप्पू चन्द्राकर, संजीव मुखर्जी, विक्की वीरा सहित छॉलीवुड के कलाकारों ने अभिनय किया है। संगीत सुनील सोनी ने दिया है तो पटकथा,व कुछ गीत उत्तम तिवारी ने लिखे है। गायक - सुनील सोनी, अनुपमा मिश्रा, नृत्य निर्देशक- विलास राउत द्वारा इस गाने की जुगलबंदी की गई है। फिल्म के एक्जिक्यूटिव प्रोडयूसर विक्रम राजपूत व वितरक तरूण सोनी है। फिल्म के गानों को सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर देखे जा सकते हैं और एक गाना ए मन सुरबईहा रविवार की सुबह 7 बजे रिलीज हुआ जिसे लोग खुब पसंद भी कर रहे है। छत्तीसगढी फिल्म ÷गांव के जीरो शहर मा हिरो÷ 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ के सिनेमा घरों में एक साथ प्रर्दिशत होगी।

ऑनलाइन पेमेंट गेटवे पेपाल 2,500 कर्मचारियों की करेगा छंटनी

नई दिल्ली। ऑनलाइन पेमेंट गेटवे पेपाल ने छंटनी शुरू कर दी है, जिससे उसके कम से कम 9 प्रतिशत कार्यबल यानी लगभग 2,500 कर्मचारी प्रभावित होंगे।

ऑनलाइन डिस्कशन फोरम ब्लाइंड पर वेरिफाइड पेपल प्रोफेशनल्स के अनुसार, नौकरी में कटौती शुरू हो गई है, और सप्ताह के अंत तक, लगभग 2,500 कर्मचारियों (कंपनी के कार्यबल का लगभग 9 प्रतिशत) पर असर पड़ेगा। एक पोस्ट के अनुसार, कृपया अपने साथी पेपल कर्मचारियों का सपोर्ट करें। पेपल कर्मचारियों को गूगल की शुभकामनाएं।पेपाल के सीईओ एलेक्स क्रिस ने एक आंतरिक ज्ञापन में कहा कि प्रभावित कर्मचारियों को सप्ताह के अंत तक सूचित किया जाएगा।पेपाल को एप्पल, जेले और ब्लॉक जैसे प्रतिद्वंद्वियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।पिछले साल लगभग इसी समय, पेपाल ने लगभग 2,000 कर्मचारियों यानी अपने कार्यबल के 7 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की थी। ऑनलाइन पेमेंट्स कंपनी ने कहा कि उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।पेपाल ने एक बयान में कहा, जैसे-जैसे हमारी दुनिया, हमारे कस्टमर्स और हमारा प्रतिस्पर्धी परिदृश्य विकसित हो रहा है, हमें बदलाव जारी रखना चाहिए। क्रिस पिछले साल सॉफ्टवेयर कंपनी इंटुइट से सीईओ के तौर पर कंपनी में शामिल हुए थे। नवंबर में पेपाल ने अपनी पहली कमाई दर्ज की, जो विश्लेषकों की उम्मीदों से कहीं अधिक थी।

अजय की मैदान को मिली रिलीज तारीख ईद पर होगी बड़े मियां छोटे मियां से टक्कर

अजय देवगन की फिल्म मैदान काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। फिल्म की रिलीज तारीख का कई बार ऐलान हुआ तो हर बार यह किसी न किसी वजह से आगे टल गई।अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का प्रशंसक भी काफी से इंतजार कर रहे थे तो बीते दिनों इसके ओटीटी पर आने की भी बात सामने आई।हालांकि, अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा कर दी है और यह जल्द सिनेमाघरों में आएगी।बोनी कपूर और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म मैदान की शूटिंग काफी समय पहले पूरी हो चुकी है।ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने एक्स पर ट्वीट कर जानकारी दी कि अजय की यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार है।ऐसे में अब इस फिल्म की टक्कर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होगी, जो ईद पर यानी अप्रैल में ही दर्शकों के बीच आने वाली है।फिल्म की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।इस फिल्म में अजय फुटबॉल कोच का किरदार निभाएंगे तो उनके साथ प्रियामणि, गजराज राव और बंगाली अभिनेता रुद्रनील घोष भी मुख्य भूमिका में शामिल हैं।फिल्म की पटकथा सैविन क्वाड्रास ने और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।मैदान की रिलीज तारीख सबसे पहले 27 नवंबर 2020 तय हुई थी, लेकिन फिर आगे बढ़ाकर 11 दिसंबर, 2020 कर दिया गया।इसके बाद कोरोना वायरस ने दस्तक दी और यह अगस्त, 2021 तक के लिए टाल दी गई। फिर इसकी रिलीज अक्टूबर, 2021 तय हुई, लेकिन यहां भी बात नहीं बनी और एक बार फिर इसकी तारीख आगे खिसक गई।

मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय पहली बार पहुंचे कोरिया

कोरिया /नवप्रदेश। दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दोपहर करीब दो बजे कोरिया पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं क्षेत्र के विधायक भईया लाल राजवाड़े शिकारा पर बैठकर झुमका डैम का आनन्द लिया। बता दें छत्तीसगढ़ में पहली बार शिकारा बोट की शुरुआत झुमका जलाशय में किया जा रहा है।

इसके पहले कोरिया के क्षेत्रवासियों ने बड़ी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास करते हुए सम्पूर्ण सरगुजा सम्भाग का नेतृत्व सौपने के लिए उपस्थित जनों को धन्यवाद दिया। महतारी वंदन योजना और तेंदुपत्ते पर 5 हजार 500 रूपए मानक प्रति बोरे पर कैबिनेट में लिये गए निर्णय से उपस्थित जनों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री साय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के हिस्सा बनते हुए खुशी जाहिर की और मंच से कहा कि अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा की गई है, ऐसे में हमारे प्रदेश के लोगों को भी अयोध्या में प्रभु श्रीराम की दर्शन कराया जाएगा।

नालंदा परिसर खुलेगा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जिस तरह राजधानी रायपुर में नालंदा परिसर खुला है, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक ऐसे वातावरण तैयार की गई है यहां पढ़ाई की हर सुविधा है, उसी तर्ज पर कोरिया जिले में नालंदा परिसर खोलने की घोषणा की। मंच में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति को गौरवान्वित करने वाला पल कहा। उन्होंने कोरिया के जिला चिकित्सालय को हाइटेक बनाने की बात कही। इसके साथ ही बैकुण्ठपुर विधायक भैया लाल राजवाड़े के एम्स के मांग का समर्थन करते हुये इसका प्रस्ताव बना कर दिल्ली भेजने की बात कही। बैकुण्ठपुर के विधायक भइया लाल राजवाड़े ने मुख्यमंत्री से विभिन्न विकास कार्यों की मांग भी की। उन्होंने कोरिया को संभाग बनाने, कोरिया में एम्स अस्पताल खोलने तथा बीएड कॉलेज खोलने आदि की मांग की। मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम लाल जायसवाल ने आश्वासन दिया साथ ही बजट में रखने की बात कही।

स्टॉल का किया निरीक्षण

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास के पूर्ण होने पर हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदाय की। श्री साय ने आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से पण्डो हितग्राहियों गुलाब, सूरज, दशरथ कलावती एवं मनमती को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदाय कर उनका हालचाल की जानकारी ली। इसके साथ सक्षम योजना अंतर्गत श्रीमती अर्चना यादव, उर्मिला राजवाड़े, सोनकुंवर, पूजा राठौर को 80 हजार बाकी को 1.20 लाख रुपए का चेक प्रदाय किया। कृषक भरत, श्रीमती मानकुंवर, डिगावन सिंह को मृदा हेल्थ कार्ड एवं विद्युत पम्प का वितरण किया।

स्वास्थ्य विभाग के हितग्राहियों को पीएमजेवाय योजना के तहत ग्राम ओड़गी के सुखमनिया, चंद्रकली, सूती, रामनारायण तथा टारजन कुमार राजवाड़े को 5-5 लाख का चेक प्रदाय किया। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से श्रीमती बेलाबाई पति वैसाखु को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 1 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक मुख्यमंत्री के हाथों प्रदाय किया गया।

झुमका व घनघुट्टा डेम बनेगा पर्यटन केंद्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरियावासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तथा क्षेत्र के विधायक भईया लाल राजवाड़े की मांग पर मंच में ही उन्होंने बैकुण्ठपुर स्थित झुमका तथा सोनहत विकासखण्ड स्थित घनघुट्टा डैम को पर्यटन केन्द्र बनाने की घोषणा करते हुए कि यह अंचल निष्चय ही पर्यटकों के लिए एक सुखद सफर का केन्द्र स्थापित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में सरगुजा हो या कोरिया इस अंचल को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने की बात कही।

जिस कार्य में रूचि हो उस काम में डूब जाओ

उन्होंने रामायण आधारित चित्रकला प्रदर्शनी का फीता काटकर अनावरण किया। प्रदर्शनी में कक्षा 5 वीं से लेकर कक्षा 12 वीं तक के 6 वर्ष से 17 वर्ष तक के छात्र एवं छात्राओं ने राम, लक्ष्मण, सीता तथा हनुमान के मनभावना चित्रकला अपने-अपने अनुभव के आधार पर तैयार कर प्रदर्शनी में लगाया गया था। मुख्यमंत्री ने बच्चों की इस प्रतिभा को देखकर गदगद हुए और बच्चों की हौसला अफ्जाई करते हुए कहा जिस कार्य में रूचि हो उस कार्य में डूब जाओ और खूब मेहनत करो, तब-तक करो जब-तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। इस तरह की पेंटिंग, चित्रकारी या कलाकारी भावनाओं को व्यक्त करने की उचित माध्यम भी है और अपनी शौक को पूरा करने का एक हुनर भी है।

विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

कोरिया जिले को करीब 74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की मिली सौगात। जानकारी के मुताबिक करीब 58 करोड़ रुपए की भूमिपूजन तथा 16 करोड़ रुपए के लोकार्पण कार्य सम्पन्न हुआ। करीब 47 करोड़ रूपए की लागत से बरदिया समूह जल प्रदाय योजना, करीब 3 करोड़ रूपए की लागत से तामडांड़ जलाषय योजना के तहत लाइनिंग कार्य, दो करोड़ रूपए की लागत से जिला पंचायत संसाधन केन्द्र का निर्माण आदि का भूमिपूजन किया गया इसी तरह करीब डेढ़ करोड़ रूपए की लागत से डकईपारा में एकल ग्राम योजना के तहत कार्य, 17 करोड़ रूपए की लागत से सोरगा रेट्रो योजना, डोहड़ा से टेंगनी मार्ग, स्कूल भवन निर्माण, नहर मरमम्मतीकरण एवं सी.सी. चैनल निर्माण, विधुत वितरण केन्द्र, चेक डेम निर्माण, ग्राम दुधनिया में आर.सी.सी. पुलिया निर्माण, बैकुण्ठपुर स्थित प्रेस क्लब भवन आदि कार्यों का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने झुमका जलाषय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह अंचल पर्यटन की दृष्टि से बड़ा महत्व है। ऐसे में झुमका महोत्सव कराने के पीछे, जल संरक्षण तथा प्रकृति की अनमनोल धरा को संजोने और संवारने की पहल करना ही जिला प्रषासन का मुख्य दायित्व बताया।

पर्यटन के मानचित्र में कोरिया का झुमका डेम उभरेगा

दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव में कोरियावासी झूमने को तैयार

कोरिया /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का कोरिया जिला अपनी प्राकृतिक संसाधनों और सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं। प्रकृति की गोद मे बसे और हरियाली की चादर से ढंके जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के बेहद नजदीक में एक ऐसा डैम है, जो प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद है। खासतौर पर इस डैम पर सुबह सूरज उगते और शाम होते ही सूरज की लालिमा अति सुन्दर व मनमोहक नजर आती है।

बता दें कोरिया जिले के मुखिया, कलेक्टर की दूरदर्शी सोच इस बात की साक्षी बनने जा रही है कि विशाल झुमका डैम में महोत्सव मनाने की कवायद विगत वर्ष से शुरू की गई थी। इस वर्ष भी दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव का आयोजन 1 व 2 फरवरी 2024 को किया जा रहा है।

इस आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर लंगेह का विचार भी जबरदस्त है। वैसे तो लंगेह मूलतः जन्नत की नगरी के रूप में पूरे जग में प्रसिद्ध जम्मू-कश्मीर से हैं। उनके रग-रग में प्रकृति की सौंदर्य की बोध देखते ही बनती है। उन्होंने बताया कि कश्मीर की तरह कोरिया को भी प्रकृति ने अनेक अमूल्य उपहार दिए हैं, प्राकृतिक संसाधनों से नवाजा है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए जल की महत्ता, प्रकृति की सुंदरता, हरियाली से सराबोर, स्थानीय विकास, रोजगार, पर्यटकों के लिए सुकून की छांव को जन-जन तक इसकी लोकप्रियता को संरक्षित करने के उद्देश्य से और पर्यटन के मानचित्र में इस स्थान को उभारने का एक अभिनव प्रयास है। प्रकृति प्रेमी, जंगल और पहाड़ के नजारे देखकर बेहद रोमांचित होते हैं। अगर हम आपको कहें कि ऐसा नजारा आपके शहर और प्रदेश में है, तो आपको बेहद आश्चर्य होगा। लेकिन हां कोरिया जिले के बैकुंठपुर में एक ऐसे डैम है, जो प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद बन जाता है।

प्रतियोगिता का होगा आयोजन

दो दिवसीय इस आयोजन में गीत, वादन, नृत्य, पेंटिंग स्थानीय प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का हूनर दिखाने का भी अवसर दिया गया है। इनमें अभिरुचि रखने वाले कलाकारों से ऑन लाइन प्रविष्टियों भी मंगाई गई थी। ऐसे कलाकारों का चयन कर उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा और सम्मान के साथ पुरस्कार भी दिया जाएगा।

शिकारा बोट की भी तैयारी

इस डैम में बोट की भी सुविधा है, जो बेहद रोमांचक होते हैं, बाहर से आने वाले पर्यटक इसका लुत्फउठाए नहीं रहते। वैसे इस डैम में शिकारा बोट चलाने की भी तैयारियां प्रारंभिक तौर पर शुरू की जा रही है। सम्भवतः प्रदेश में इस तरह का बोट चलाने की पहली शुरुआत कोरिया से होने की सम्भावना है।

क्या है शिकारा बोट

शिकारा एक प्रकार की लकड़ी की नाव है जो मुख्यतः जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर की डल झील में प्रयोग में लाई जाती है। जम्मू कश्मीर के अलावा शिकारे जैसी नावें भारत के राज्य केरल में भी प्रयोग की जाती है। शिकारे विभिन्न आकारों में बनाये जाते हैं और लोगों के परिवहन सहित अन्य कई उद्देश्यों के लिए उपयोग में आते हैं। एक सामान्य शिकारे में लगभग छ लोग बैठ सकते हैं, और नाविक इसे पीछे की तरफसे खेता है।

जीएसटी मुख्यालय रायपुर में करदाताओं की सुविधा के लिए ईओडीबी कक्ष स्थापित

- **कैबिनेट मंत्री चौधरी की पहल पर वाणिज्यिक कर विभाग जीएसटी भवन में नवीन कक्ष का हुआ सृजन**
- **राज्य कर मुख्यालय में ईओडीबी कक्ष के सृजन से छोटे-बड़े व्यवसाइयों को होगी सहूलियत**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य कर मुख्यालय रायपुर में ईओडीबी-इज ऑफ डूविंग बिजीनेस कक्ष का सृजन किया गया है। श्री चौधरी के निर्देश पर प्रशासनिक कार्य सुविधा तथा करदाताओं की सुविधा की दृष्टि से उक्त कक्ष ईओडीबी का सृजन किया गया है।

उक्त कक्ष के अस्तित्व में आने से व्यवसाइयों तथा करदाताओं को सहूलियत होगी। साथ ही नए व्यवसाइयों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन में जो दिक्कतें आती हैं उसके भी निराकरण का काम यह कक्ष करेगा। ईओडीबी कक्ष का प्रभार संयुक्त आयुक्त राज्य कर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ सौंपा गया है। ईओडीबी कक्ष द्वारा व्यवसायों तथा करदाताओं की सुविधा हेतु विभिन्न कार्य संपन्न किए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से व्यवसाईयों/करदाताओं की सुविधा हेतु विभिन्न विषयों पर एफएक्यू/क्लीयरीफिकेशन जारी करना तथा सभी हितधारको विभागीय अधिकारियों/ करदाताओं/व्यवसायिक संगठनों इत्यादि के लिए ऐसे विषयों पर प्रशिक्षण /सेमीनार /कार्यशालाएं आयोजित करना, जो ईओडीबी के लिए आवश्यक हो।

इसी तरह ईओडीबी के कार्यों में चिन्हित बड़े कर दाताओं/ कंपोजिशन करदाताओं आदि के लिए ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की रूप रेखा तैयार करना और विभाग द्वारा ईओडीबी के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का प्रचार-प्रसार एवं करदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। इसके अलावा विभाग के सोशल मीडिया पर उपस्थिति हेतु वेब पेज/एप्लीकेशन तैयार करना व उसे अद्यतन रखना है।

छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में प्रभारी सचिव नियुक्त

- **योजनाओं और विकास कार्यों की करेंगे मॉनिटरिंग**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा राज्य के सभी 33 जिलों के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक, विशेष सचिव, आयुक्त को जिले का प्रभार दिया गया है। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके। प्रभारी सचिव अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू को दुर्ग, श्री मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख सचिव श्री निहारिका को रायपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव श्रीमती शहला निगार को महासमुंद, डॉ. कमलप्रीत सिंह को राजनांदगांव, श्री परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, श्री प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, श्री अम्बलगन पी. को जशपुर जिला, श्रीमती अलरमेलमंगई डी. को कोरबा, सुश्री आर. संगीता को रायगढ़, श्री राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, श्री एस. प्रकाश कोरिया, श्री नीलम नामदेव एक्का सारंगढ़-बिलाईगढ़, श्री अंकित आनंद बालोद, डा. सी. आर. प्रसन्ना बेमेतरा, भूवनेश यादव सूरजपुर, सचिव श्री एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव सुश्री शम्मी आबिदी को कांकेर, श्री हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, मोहम्मद कैसर अब्दुल हक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, श्री यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, श्री नरेन्द्र दुग्गा को सुकमा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंह को कोण्डागांव, संचालक श्री महादेव कावरे को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, डॉ. प्रियंका शुक्ला को जांजगीर-चांपा, विशेष सचिव श्रीमती किरण कौशल को दंतेवाड़ा, आयुक्त डॉ. तंबोली अय्याज फकीर भाई को बस्तर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौरभ कुमार को सक्ती, विशेष सचिव श्री सुनील कुमार जैन को सरगुजा, श्री जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, श्री सारांश मित्तर को बीजापुर और विशेष सचिव श्री रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

रायपुर प्रेस क्लब में 17 फरवरी को होगा मतदान

- **जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी की अधिसूचना**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब में अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का निर्वाचन करने 17 फरवरी को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रेस क्लब में निर्वाचन के लिए 2 से 7 फरवरी तक नाम निर्देशन पत्र कलेक्टोरेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 11 में भरे जाएंगे। प्रेस क्लब रायपुर के इस निर्वाचन से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,

महासचिव और कोषाध्यक्ष के एक-एक तथा संयुक्त सचिव के दो पदो पर प्रत्याशी चुने जाएंगे। अपर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी बी.सी. साहू ने बताया कि रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश पर रायपुर प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का निर्वाचन कराया जा रहा है।

21 लाख 15 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

- **राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण**
- **बालोद जिला ऑनलाइन आवेदन जमा करने में पहले पायदान पर**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 01 फरवरी की स्थिति में केवल एक सप्ताह के भीतर 21 लाख 15 हजार राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले स्थान पर बालोद जिला में कुल 2 लाख 21 हजार 809 हितग्राहियों में से 1 लाख 13 हजार 606 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है। इसी प्रकार पर द्वितीय स्थान पर कांकेर जिले में कुल 1 लाख 87 हजार 998 हितग्राहियों में से 75 हजार 698 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है और तीसरे स्थान पर धमतरी जिले में कुल 2 लाख 42 हजार 319 हितग्राहियों में से 95 हजार 453 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है।

राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।